॥ श्रीः ॥

बिट्ठलदास संस्कृत सीरीज

२

पण्डितराजश्रीजगन्नाथविरचितः

रसगङ्गाधरः

'रसतरङ्गिणी'—संस्कृत-हिन्दीव्याख्योपेतः

प्रथमाननम्

व्याख्याकारद्वयः

प्रो० डा० श्रीनारायणमिश्रः

संस्कृत विभाग

कला संकाय, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी

डा० शशिनाथ झा विद्यावाचस्पतिः

रीडर, स्नातकोत्तर व्याकरण विभाग, का० सि० द० सं० वि० वि०, दरभंगा

कृष्णदास अकादमी, वाराणसी

१९९६

प्रकाशक : कृष्णदास अकादमी, वाराणसी
मुद्रक : चौखम्बा प्रेस, वाराणसी
संस्करण : प्रथम; वि० सं० २०५३
मूल्य : रू० १००-००

© कृष्णदास अकादमी

पो० बा० १११८
के० ३७/११८, गोपाल मन्दिर लेन, वाराणसी--२२१००१
(भारत)
फोन : ३३४०३२

अपरंच प्राप्तिस्थानम्
चौखम्बा संस्कृत सीरीज आफिस
के० ३७/९९, गोपाल मन्दिर लेन
पो० बा० नं० १००८, वाराणसी-२२१००१ (भारत)
फोन { आफिस : ३३३४५८
आवास : ३३४०३२

BITTHALDAS SANSKRIT SERIES

2

****

RASAGAṄGĀDHARA

OF

PANDITRĀJ JAGANNĀTHA

[FIRST ĀNANA]

WITH

'Rasatarangiṇī' Sanskrit-Hindi Commentaries

BY

Prof. Dr. Śrīnārāyan Miśra
Sanskrit Department
Faculty of Art, B. H. U., Varanasi
&
Dr. Śaśinātha Jhā Vidyāvācaspati
Reader, P. G. Deptt. of Vyakaran, K. S. D.
Sanskrit University, Darbhanga.

KRISHNADAS Academy

VARANASI-221001 (India)

Publisher : Krishnadas Academy, Varanasi-1
Printer : Chowkhamba Press, Varanasi
Edition : First, 1996

© KRISHNADAS ACADEMY
Oriental Publishers & Distributors
Post Box No. 1118
K. 37/118, Gopal Mandir Lane, Varanasi—221001 (India)
Phone : 334032

Also can be had from
Chowkhamba Sanskrit Series Office
K. 37/99, Gopal Mandir Lane
Post Box 1008, Varanasi--221001 (U. P.) INDIA
Phone : Office : 333458
Res. : 334032

भूमिका

सहृदय-हृदयविजेता, श्लाघ्यः सर्वैः कविर्मान्यः ।
तत्कर्ममर्म-वीक्षक-साहित्यज्ञस्ततोऽपि वन्द्योऽस्ति[1] ॥

कवि क्रान्तदर्शी (आर-पार देखने वाला) होता है[2] । उसका हृदय विशाल, दृष्टि सूक्ष्म, मति जागरूक, मन प्रसन्न और वाणी सुललित होती है । वह अदृश्य जगत् में प्रवेश करने की क्षमता रखता है और दृश्य जगत् में भी जहाँ सामान्य लोग देखते हुए भी जिसे न देख पाते हों या देखकर भी व्यक्त न कर पाते हों, उसे वह देख और व्यक्त कर लोगों को चमत्कृत कर देता है । ललित वाणी में ललित भाव को उपस्थित कर देना ही तो कवि का काम है । इसी वाणी और भाव (अर्थ) के सन्तुलित सहभाव को साहित्य कहते हैं—

साहित्यमनयोः शोभाशालितां प्रति काप्यसौ ।
अन्यूनानतिरिक्तत्वं मनोहारिण्यवस्थितिः[3] ॥

इस प्रकार भावार्थक ष्यञ्-प्रत्ययान्त साहित्य शब्द धर्मबोधक (भावार्थक) होने से शब्दार्थस्वरूप काव्य का (धर्मी का) बोधक न होकर तत्प्रतिपादक शास्त्र का बोधक बन जाता है—हितेन सह = सहितं, तस्य भावः साहित्यम् । परन्तु आचार्य कविशेखर बदरीनाथ झाजी का मत है[4] कि यहाँ स्वार्थिक प्रत्यय ही माना जाय । तदनुसार 'सहितमेव साहित्यम्' सहभावापन्न (शब्द और अर्थ के सन्तुलित रूप) काव्य एवं उसके उपकारक छन्द, गुण, अलंकार, रीति, रस, भाव आदि के निरूपक ग्रन्थ साहित्य कहलाने लगते हैं । यथा—'सुखमेव सौख्यम्, चरित्रमेव चारित्र्यम्, चतुर्वर्णमेव चातुर्वर्ण्यम्' प्रयोग प्रसिद्ध हैं, उसी तरह 'सहितमेव साहित्यम्' यहाँ स्वार्थिक प्रत्यय मानने पर धर्मी काव्य और उसके धर्म काव्यशास्त्र इन दोनों का बोधक साहित्य हो जाता है —

साहित्यं सहितानां भावः काव्यैतदङ्गानाम् ।
साहितानि तानि वा तत्, सप्तममाख्यायते शास्त्रम्[5] ॥

---

१. भूमिकाकार द्वारा मङ्गलाचरण ।
२. कवयः क्रान्तदर्शिनः ।
३. वक्रोक्तिजीवितम् १-१० ।
४. मैथिली-काव्यविवेक—सम्पादक डॉ० शशिनाथ झा ।
५. साहित्यमीमांसा—श्लोकसं० २ कविशेखर बदरीनाथ झा ।
(गङ्गानाथझा कोमेमोरेशन भौल्यूम, ओरिएण्टल बुक एजेन्सी, पूना)

साहित्य विद्या को ही आचार्य राजशेखर ने[1] अपनी काव्यमीमांसा में पञ्चम वेद, सप्तम दर्शन और पञ्चदश विद्यास्थान कहा है। काव्य और काव्यशास्त्र में अंगांगिभाव सम्बन्ध है, जिनमें काव्य है अङ्गी (प्रधान), साध्य और लक्ष्य तथा काव्यशास्त्र है अङ्ग (काव्य का उपकारक), साधन और लक्षण। इन दोनों लक्ष्य और लक्षणों के समुदाय को ही साहित्य कहना[2] उचित है। जैसा कि आचार्य पतंजलि ने महाभाष्य (प्रथमाह्निक) में "लक्ष्यलक्षणे व्याकरणम्" कहकर लक्षण (सूत्र) और लक्ष्य (प्रयोग, उदाहरण) के सम्मिलित रूप को ही व्याकरण कहा है, उसी तरह काव्यशास्त्रीय लक्षण एवं उनके उदाहरण (काव्य) साहित्य कहे जाते हैं। केवल काव्यशास्त्र के लिए साहित्य पद का प्रयोग लाक्षणिक है। साहित्यशब्दार्थ व्यापक है और काव्यपदार्थ व्याप्य, यह स्पष्ट ही है। यह एक व्यापक नियम है कि अङ्गी के फल (प्रयोजन) से ही अङ्ग का भी फल सिद्ध हो जाता है। तदनुसार काव्य के फल से ही काव्यशास्त्र भी फलवान् हो जाता है। इसलिए सभी काव्यशास्त्रीय ग्रन्थों में काव्य का ही फल दिखाया गया है, शास्त्र का नहीं।

इस सन्दर्भ में सर्वप्रथम स्थान कवि का आता है। वह स्वतन्त्र है, निरङ्कुश है, अतः साहित्य जगत् में सबसे पहले उसी का आविर्भाव हुआ—

"कविर्मनीषी परिभूः स्वयम्भू-
र्याथातथ्यतोऽर्थान् व्यधाच्छाश्वतीभ्यः समाभ्यः"[3]।

रसस्वरूप ब्रह्म से ब्रह्मा के रूप में सृष्टि के आरम्भ में कवि का आविर्भाव हुआ। तब उससे काव्य निस्सृत हुआ। इस परम्परा में काव्य का दूसरा स्थान है। उससे सभी मुग्ध हुए, सभी तृप्त हुए, सबों ने उसे देखा। पर देखने वालों में भी कोई सूक्ष्म द्रष्टा निकल गया, जिसे आलोचक कहा जाता है। यह तीसरे स्थान पर आता है। उसने अपनी सूक्ष्म दृष्टि से देखकर अपनी वाणी द्वारा उसकी प्रशंसा या निन्दा की और फिर उसे परवर्त्ती कवियों के लिए प्रचारित किया, वही हुआ काव्यशास्त्र, जिसमें लक्षण के साथ-साथ लक्ष्य (काव्योदाहरण) भी होता है और समस्त काव्य-जगत् ही इसके उदाहरण हो गये। इस तरह यह चौथे स्थान पर आता है। यही शास्त्र साहित्य है, आलोचनाशास्त्र है, समीक्षाशास्त्र है। कवि—काव्य—आलोचक—आलोचना की यही शृंखला है। इनमें परस्पर उत्पाद्योत्पादक, कार्यकारण, उपकार्योपकारकभाव आदि सम्बन्ध हैं। कभी तो कवि के अनुसार शास्त्र चलता है, तो कभी

---

१. शास्त्रनिर्देशाध्याय।

२. मैथिली-काव्यविवेक, पृ०—१४।

३. शुक्लयजुर्वेदसंहिता, ४०।८।

शास्त्र के अनुशासन में कवि रहता है, आलोचक से सावधान रहता है और यही वह सावधानी है, जो भवभूति जैसे महाकवि को निखारा और उच्च स्थान पर बैठाया। सुना जाता है कि आलोचकों ने भवभूति के महावीरचरित नाटक के विषय में बहुत आक्षेप किया था। कवि सम्हल गये और उनका उत्तर दिया—

ये नाम केचिदिह नः प्रथयन्त्यवज्ञां
जानन्ति ते किमपि तान् प्रति नैष यत्नः।
उत्पत्स्यते हि मम कोऽपि समानधर्मा
कालो महान् निरवधिर्विपुला च पृथ्वी[1] ॥

फिर उनके उत्तररामचरित नाटक को देखकर तो आलोचकों को कहना ही पड़ा—"उत्तरे रामचरिते भवभूतिर्विशिष्यते"। इसी प्रकार महाकवि दण्डी के विषय में भी किंवदन्ती है कि उन्होंने दशकुमारचरित की पूर्वपीठिका जब लिखी तो आलोचकों का तीखा प्रहार उन पर पड़ा। वे रुक गये, अपने को सम्हाला, परिश्रम करके आक्षेपों का समाधान ढूँढ़ा और इसी छानबीन के क्रम में स्वयं एक अलङ्कारशास्त्रीय ग्रन्थ ही रच डाले—काव्यादर्श, जो इस शास्त्र का एक मूर्धन्य ग्रन्थ हुआ। इसके बाद इन्होंने दशकुमारचरित की उत्तरपीठिका लिखी, जिसकी सब ओर से प्रशंसा हुई। इसीलिए उनकी पूर्वपीठिका और उत्तरपीठिका में इतना अन्तर है।

ऐसे ऐसे महाकवि भी जिनकी कद्र करते हैं, ऊँचा स्थान देते हैं, उन आलोचकों का महत्त्व इसी से आँका जा सकता है। इन आलोचकों को न केवल पूर्ववर्ती सभी काव्यों की जानकारी रहती है, अपितु सभी आलोचकों के सिद्धान्तों की भी जानकारी आवश्यक है। कवि से सूक्ष्म दृष्टि उनकी होती है। जिन भावों को कवि ने सोचा तक न होगा, उनके ही शब्दों से उन भावों को निकाल कर गुण या दोष दिखाने में वे पटु होते हैं। सूक्ष्मदर्शिता, निष्पक्षता, निर्भीकता, सारगर्भिता, सामयिकता, सार्वदेशिकता आदि कतिपय गुण इनमें आवश्यक माने गये हैं। कवि की आलोचना करने से पहले उन्हें स्वयं कवि बनना आवश्यक है। पक्षपातिता, भीरुता, लोभ आदि कतिपय दुर्गुण जिस आलोचक में रहे, वह निन्दनीय माना जाता है। अतएव आलोचक को संयत रखने के लिए काव्यशास्त्र (साहित्यविद्या) परम आवश्यक है, क्योंकि अनियन्त्रित प्रवाह से परम हानि निश्चित है।

अनुबन्ध–निबन्धन—

प्रत्येक शास्त्र के आदि में ही उसके विषय, प्रयोजन, सम्बन्ध और अधिकारी —इन चार अनुबन्धों का निरूपण आवश्यक होता है, क्योंकि इनके ज्ञान के बिना जिज्ञासु

१. मालतीमाधव–प्रस्तावना।

इसके अध्ययन में प्रवृत्त ही नहीं हो सकते हैं, जबकि उन्हीं के उपयोग के लिए शास्त्र का प्रणयन होता है। ग्रन्थ के अध्ययन में जिज्ञासु को प्रवृत्ति कराने वाले तत्त्व को ही अनुबन्ध कहते हैं। किसी भी कार्य में लोग तभी प्रवृत्त होते हैं जब उन्हें उसमें 'इदं मदिष्टसाधनम्'—'यह मेरा अभीष्ट साधन करने वाला है' इस प्रकार का ज्ञान हो जाय। इसे ही इष्टसाध्यताज्ञान कहते हैं। सुमेरु पर्वत लाने मे उक्त ज्ञान के रहने पर भी लोग प्रवृत्त नहीं होते हैं, क्योंकि उसमें कृतिसाध्यताज्ञान नहीं है, अर्थात् जब तक 'इदं मत्कृतिसाध्यम्'—'यह मुझसे किया जाने योग्य कार्य है' इस प्रकार का ज्ञान भी प्रवृत्ति के प्रति कारण है और विषमिश्रित स्वादिष्ट भोजन में उक्त दोनों ज्ञान के रहने पर भी बलवत् अनिष्ट ऐसा ज्ञान होने पर वह इष्ट ही नहीं है। अतः प्रवृत्ति के प्रति मुख्य दो ज्ञान ही कारण हैं—इष्टसाध्यता ज्ञान और कृतिसाध्यता ज्ञान। अब प्रस्तुत में प्रयोजन से इष्टसाध्यता ज्ञान होता है और विषय, सम्बन्ध और अधिकारी से कृति-साध्यता ज्ञान होता है। विषय हुआ प्रतिपादनीय वस्तु, प्रयोजन हुआ फल, अधिकारी हुआ प्रवृत्त होने योग्य व्यक्ति और सम्बन्ध हुआ प्रतिपाद्य विषय के साथ प्रतिपादक शास्त्र का संसर्ग (विषय और ग्रन्थ में प्रतिपाद्य-प्रतिपादकभाव सम्बन्ध)।

प्रस्तुत साहित्यशास्त्र का विषय है काव्य एवं उसके उपयोगी (गुण, अलंकार, रीति, रस, भाव, ध्वनि आदि) पदार्थ। इनका ज्ञान प्राप्त करना ही प्रयोजन है। इन विषयों के जिज्ञासु व्यक्ति अधिकारी हैं और इस विषय और शास्त्र में बोध्य-बोधक-भाव सम्बन्ध है।

उपर्युक्त आलोचकों, काव्यशास्त्रकारों की संस्कृतवाङ्मय में सुदीर्घ परम्परा रही है। आचार्य भरतमुनि (ई० पू० द्वितीय शताब्दी) से लेकर आज तक इसकी शृंखला बनी हुई है। बीच-बीच में अनेक वाद आये, सम्प्रदाय चले और अपना प्रभाव छोड़ते गये, यह शास्त्र आगे बढ़ता गया, विषय की सूक्ष्मता आती गयी। सोलहवीं शताब्दी से प्रत्येक शास्त्र में प्राचीन-नव्य का भेद होने लगा, भाषा परिष्कृत शैली को पकड़ने लगी। इस शास्त्र में यह बात कुछ बाद में आयी, जिसे लिये हुए सत्रहवीं शताब्दी में अवतीर्ण हुए पण्डितराज जगन्नाथ अपने प्रौढ़-परिष्कृत ग्रन्थ रसगङ्गाधर के साथ।

रसगङ्गाधर

यह साहित्यशास्त्र का मूर्धन्य ग्रन्थ है। रसस्वरूप गङ्गा को धारण करने वाला—'रसश्चासौ गङ्गा रसगङ्गा, तस्याः धरः (धारकः), धरतीति धर इति' इस व्युत्पत्ति के अनुसार यह रसप्रतिपादक के रूप में साक्षात् शिव (गङ्गाधर) ही है। तदनुसार इसका विषय रस है, जो साहित्यशास्त्र में सर्वप्रधान होने से अपने शास्त्रमात्र का संग्राहक हो जाता है, इस शास्त्र के सभी तत्त्वों का प्रतिनिधित्व करता है—

"प्राधान्येन व्यपदेशा भवन्ति'—प्रधान के अनुसार ही व्यवस्था होती है, इस न्याय के अनुसार साहित्यशास्त्र का नाम रसशास्त्र[1] होता है और इसे ही पण्डितराज जगन्नाथ ने इस ग्रन्थ का रसगङ्गाधर नाम रखकर सूचित किया है। परन्तु वे परम्परानुसार प्रचलित नाम "अलङ्कारशास्त्र" कहना[2] ही उचित समझते हैं और यह नाम भी प्राधान्य न्याय[3] से ही सङ्गत होता है, क्योंकि इस शास्त्र का आधा से अधिक भाग अलंकार-विवेचन में ही रहता है। परन्तु आधुनिक युग में 'साहित्य' शब्द अधिक प्रचलित है, जो [4]राजशेखर, श्रीहर्ष, कविकर्णपूर आदि के द्वारा समर्थित है। साहित्य के प्रसंग में म० म० गङ्गाधर शास्त्री का एक पद्य यहाँ उद्धरणीय है—

नाचान्तं यच्चिरत्नैरपरिचितचरं यच्च वाचालचेलै-
रौचित्यं यन्न मुञ्चेदपि च विरचयेद् यच्चमत्कारिचेतः।
तादृक्प्रौढिप्रकर्षप्रणयभणिति या सूयते काव्यरत्नं
पुण्यैः कस्याप्यगण्यैः परिणमति मुखे सा हि साहित्यरीतिः[5] ॥

इस विवेचन से स्पष्ट हुआ कि साहित्य के सभी तत्त्व रसगङ्गाधर के विवेचनीय विषय हुए और वे सभी विषय यहाँ सूक्ष्मरूप से विस्तृत विवेचित हुए हैं। पर खेद का विषय है कि यह ग्रन्थरत्न पूर्णरूप में उपलब्ध नहीं है। अन्तभाग में कुछ खण्डित है, जिसमें कुछ अलंकारों का विवेचन था। मध्य में भी कुछ प्रकरण त्रुटित जान पड़ते हैं; यथा—अभिधा और लक्षणा के बाद व्यञ्जनानिरूपण नहीं है, रीतिविवेचन और दोषनिरूपण नहीं है। यह बात भी ध्यातव्य है कि ग्रन्थ के अध्याय, जिसे आनन कहा गया है, उसका विभाजन भी उपयुक्त नहीं जान पड़ता है। अतः स्पष्ट है कि प्रति-

---

१. "रसविद्याविदः केचिद् ग्राम्यामाहुस्तु कोमलाम्"। (अलङ्कारसमुद्गः—इन्द्रपतिः पृ० ६)

२. "अलङ्कारान् सर्वानपि गलितगर्वान् रचयतु"। (रसगङ्गाधर—आरम्भिक पद्य)

३. ग्राम में सभी जातियों के रहने पर भी मल्लग्राम, ब्राह्मणग्राम आदि नाम उनकी प्रधानता से ही है।

४. काव्यमीमांसा—"शब्दार्थयोर्यावत् सहभावेन विद्या साहित्यविद्या।
नैषधीयचरित के अन्त में—"साहित्ये सुकुमारवस्तुनि"।
साहित्यपाथोनिधिमन्थनोत्थं कर्णामृतं रक्षत हे कवीन्द्राः।
यत्तस्य दैत्या इव लुण्ठनाय काव्यार्थचौराः प्रगुणीभवन्ति॥ (कर्णपूरः)।
विश्वनाथ के ग्रन्थ का नाम साहित्यदर्पण भी साहित्यशास्त्र कहने के पक्ष में है।

५. विश्वमनीषा—२-२, दरभंगा में प्रकाशित।

लिपिकारों के द्वारा इस ग्रन्थ के पत्रों में हेराफेरी हुई है। गङ्गाधर (शिव) पञ्चानन कहे गये हैं। तदनुसार इस रसगङ्गाधर के भी पाँच आनन होने चाहिए। यहाँ द्वितीय आनन के बाद बहुत दूर तक विषय एवं प्रकरण बदलने पर भी आनन-विभाजन नहीं हुआ है, जो मध्य में ग्रन्थ के कुछ अंश के अप्राप्त होने की सूचना देते हैं। प्रथम आनन में काव्य, उसके भेद एवं असंलक्ष्यक्रमव्यङ्ग्यध्वनि (अभिधामूलध्वनि के प्रथम भेद, रसध्वनि) का साङ्गोपाङ्ग विवेचन (रस, गुण, भावध्वनि, रसाभासादि सहित) हुआ है। इस आधार पर द्वितीय आनन में संलक्ष्यक्रमव्यङ्ग्य (अभिधामूलध्वनि के द्वितीय भेद, जिसमें वस्तुध्वनि और अलङ्कारध्वनि अन्तर्भूत है) का, तृतीय आनन में लक्षणामूलध्वनि का, चतुर्थ आनन में व्यञ्जना का और पञ्चम आनन में अलङ्कारों के विवेचन की कल्पना की जा सकती है। काव्यदोष का निरूपण यद्यपि आवश्यक है, क्योंकि दोष-परित्याग तभी सम्भव है जब उसका परिचय हो, तथापि पण्डितराज ने अपनी विवशतावश उसका निरूपण नहीं किया होगा। विवशता यह थी कि ग्रन्थारम्भ में ही इनकी प्रतिज्ञा है कि हम स्वरचित उदाहरण ही देंगे, दूसरे का नहीं और दुष्ट-काव्य का निर्माण पण्डितराज की लेखनी से हो ही नहीं सकता। इसलिए दोषनिरूपण इस ग्रन्थ में नहीं रहा होगा। परन्तु अभी जो ग्रन्थ उपलब्ध है, जिस रूप में प्राप्त है, उसी से सन्तोष करना होगा, उसी पर विचार करना उचित होगा।

नव्यपरिष्कृत आलोचनात्मक शैली में विषय की सूक्ष्मता से परिचय कराना पण्डितराज की अद्भुत प्रतिभा का परिचायक है। इस ग्रन्थ के द्वारा इन्होंने साहित्य-शास्त्र को वह गरिमा प्रदान की जो दर्शनादि शास्त्रों को प्राप्त है। शास्त्रान्तर के पण्डित, जो इस विद्या को अन्यथासिद्ध मानकर मखौल उड़ाते थे, इस ग्रन्थ के सूक्ष्म विवेचन के चक्कर में पड़कर इस शास्त्र के गहन अध्ययन करने को विवश हुए। यही है इस शास्त्र को पण्डितराज की देन, रसगङ्गाधर का महत्त्व।

इसमें प्राचीन आचार्यों के मतों की विशद समीक्षा की गयी है और विषय-विवेचन अतिविस्तृतरूप में यथेच्छ हुआ है। प्राचीन ग्रन्थ पद्यबद्ध या कारिका के साथ वृत्तियुक्त रहते थे, परन्तु यह ग्रन्थ केवल गद्य में, प्राजंल, परिष्कृत, अवच्छेद-कतायुक्त गद्य में है। अतः यहाँ विषय को सूक्ष्मरूप में विस्तृत विवेचन का अवसर प्राप्त हुआ। साहित्यशास्त्रीय विकास के चरम उत्कर्ष के समय इस ग्रन्थ की रचना हुई, अतः उन सभी विषयों का सम्यक् प्रतिपादन-समीक्षण इसमें हो सका, जिनका पूर्ववर्त्ती ग्रन्थों में होना सम्भव न था। इन्होंने उदाहरण के रूप में यहाँ स्वरचित पद्यों का ही उपस्थापन किया है, जिससे यह ग्रन्थ सुरभित हो गया और पण्डितराज का कविस्वरूप भी उदात्त रूप में प्रकटित हो गया है। ये केवल आलोचक ही नहीं, वरन् उच्चकोटि के कवि भी थे। इसलिए रसगङ्गाधर का स्थान साहित्यशास्त्र में

सर्वोपरि माना जाता है। यह ग्रन्थ प्रत्येक विषय पर अपनी नवीन मान्यता, नया मतस्थापन देता चलता है—काव्यलक्षण से लेकर अलंकारनिरूपण तक आद्यन्त यही क्रम है और इनकी यह मान्यता आज भी आलोचकों के लिए महत्त्वपूर्ण बनी हुई है।

विषय-विवेचन—

(१) **काव्य-प्रयोजन**—काव्य में प्रवृत्त होने के लिए उसके प्रयोजनों को जान लेना आवश्यक है। सर्वप्रथम इसमें प्रवृत्त होने वाला कवि होता है, जो इसकी रचना करता है। उसके बाद सहृदय उसे सुनते या पढ़ते हैं। इन दोनों को इसका प्रयोजन ज्ञात रहना आवश्यक है। इसीलिए रसगङ्गाधर में कहा गया है—"कवि-सहृदययोरावश्यकतया"[1]। कवि के आशय को सभी नहीं समझ सकते हैं, उसे केवल सहृदय ही समझते हैं। 'कवेः समानं हृदयं येषां ते सहृदयाः'—कवि के समान हृदयवाला सहृदय[2] होता है, जो उसके हृदय की बात को समझ जाता है। कविपरम्परागत अनेक बातें ऐसी हैं जो प्रसिद्ध होने के कारण कही नहीं जाती हैं, संकेत से ही समझी जा सकती हैं, पर उस प्रसिद्धि से परिचित ही उसे समझ सकता है, सहृदय कहला सकता है। अतः काव्य पढ़ने से पहले सहृदय बनना, कवि के अन्तर में छिपे भावों को पकड़ने की कला का ज्ञान रखना आवश्यक है। इन दोनों के लिए यहाँ पाँच प्रयोजन कहे गये हैं और इत्यादि कहकर प्राचीनोक्त अन्य प्रयोजनों में भी अपनी सम्मति दिखायी गयी है। उक्त पाँचों नाम हैं—(१) कीर्त्ति—यशःप्राप्ति, जो केवल कवि के लिए है, (२) परमाह्लाद—परमानन्द की प्राप्ति (कवि और सहृदय दोनों के लिए), (३) गुरुप्रसाद—गुरु की प्रसन्नता से विद्या-व्यवहार का ज्ञान (दोनों के लिए), (४) राजप्रसाद—इससे दोनों को धनागम, (५) देवताप्रसाद—इससे दोनों का अमङ्गल-निवारण होता है।

मम्मट ने काव्य के ६ प्रयोजन दिखाये हैं—

[3]काव्यं यशसेऽर्थकृते व्यवहारविदे शिवेतरक्षतये।
सद्यःपरनिर्वृतये कान्तासम्मिततयोपदेशयुजे॥

तदनुसार—(१) यशःप्राप्ति, (२) अर्थप्राप्ति, (३) लोकव्यवहारज्ञान, (४) अमङ्गलनाश, (५) सद्यः परमानन्द की प्राप्ति, (६) कान्तासम्मित वाक्य से उपदेशप्राप्ति। इनमें तृतीय और षष्ठ का समावेश पण्डितराज के इत्यादि पद से कर लेना चाहिए।

---

१. रसगङ्गाधर, पृ० ७।

२. अथवा—'प्रशस्तं हृदयं येषां ते सहृदयाः, प्राशस्त्यञ्च काव्यवासनापरिपक्वत्वम्, कविहृदयप्रवेशसामर्थ्यवत्त्वं वा'।

३. काव्यप्रकाश के आरम्भ में।

सर्वोपरि माना जाता है। यह ग्रन्थ प्रत्येक विषय पर अपनी नवीन मान्यता, नया मतस्थापन देता चलता है—काव्यलक्षण से लेकर अलंकारनिरूपण तक आद्यन्त यही क्रम है और इनकी यह मान्यता आज भी आलोचकों के लिए महत्त्वपूर्ण बनी हुई है।

विषय-विवेचन—

(१) **काव्य-प्रयोजन**—काव्य में प्रवृत्त होने के लिए उसके प्रयोजनों को जान लेना आवश्यक है। सर्वप्रथम इसमें प्रवृत्त होने वाला कवि होता है, जो इसकी रचना करता है। उसके बाद सहृदय उसे सुनते या पढ़ते हैं। इन दोनों को इसका प्रयोजन ज्ञात रहना आवश्यक है। इसीलिए रसगङ्गाधर में कहा गया है—"कवि-सहृदययोरावश्यकतया"[1]। कवि के आशय को सभी नहीं समझ सकते हैं, उसे केवल सहृदय ही समझते हैं। 'कवेः समानं हृदयं येषां ते सहृदयाः'—कवि के समान हृदयवाला सहृदय[2] होता है, जो उसके हृदय की बात को समझ जाता है। कविपरम्परागत अनेक बातें ऐसी हैं जो प्रसिद्ध होने के कारण कही नहीं जाती हैं, संकेत से ही समझी जा सकती हैं, पर उस प्रसिद्धि से परिचित ही उसे समझ सकता है, सहृदय कहला सकता है। अतः काव्य पढ़ने से पहले सहृदय बनना, कवि के अन्तर में छिपे भावों को पकड़ने की कला का ज्ञान रखना आवश्यक है। इन दोनों के लिए यहाँ पाँच प्रयोजन कहे गये हैं और इत्यादि कहकर प्राचीनोक्त अन्य प्रयोजनों में भी अपनी सम्मति दिखायी गयी है। उक्त पाँचों नाम हैं—(१) कीर्त्ति—यशःप्राप्ति, जो केवल कवि के लिए है, (२) परमाह्लाद—परमानन्द की प्राप्ति (कवि और सहृदय दोनों के लिए), (३) गुरुप्रसाद—गुरु की प्रसन्नता से विद्या-व्यवहार का ज्ञान (दोनों के लिए), (४) राजप्रसाद—इससे दोनों को धनागम, (५) देवताप्रसाद—इससे दोनों का अमङ्गल-निवारण होता है।

मम्मट ने काव्य के ६ प्रयोजन दिखाये हैं—

[3]काव्यं यशसेऽर्थकृते व्यवहारविदे शिवेतरक्षतये।
सद्यःपरनिर्वृतये कान्तासम्मिततयोपदेशयुजे॥

तदनुसार—(१) यशःप्राप्ति, (२) अर्थप्राप्ति, (३) लोकव्यवहारज्ञान, (४) अमङ्गलनाश, (५) सद्यः परमानन्द की प्राप्ति, (६) कान्तासम्मित वाक्य से उपदेशप्राप्ति। इनमें तृतीय और षष्ठ का समावेश पण्डितराज के इत्यादि पद से कर लेना चाहिए।

---

१. रसगङ्गाधर, पृ० ७।

२. अथवा—'प्रशस्तं हृदयं येषां ते सहृदयाः, प्राशस्त्यञ्च काव्यवासनापरिपक्वत्वम्, कविहृदयप्रवेशसामर्थ्यवत्त्वं वा'।

३. काव्यप्रकाश के आरम्भ में।

इसके अतिरिक्त चतुर्वर्ग की प्राप्ति और कलाओं में नैपुण्य—ये प्रयोजन[1] विश्वनाथोक्त हैं। इनमें भी धर्म से अमङ्गलनाश, अर्थ से धनप्राप्ति, काम और मोक्ष से परमानन्द की प्राप्ति को मान लेने पर कलानैपुण्य एक अतिरिक्त प्रयोजन होता है। इन प्रयोजनों के सम्पादक काव्य का ही लक्षण अभिप्रेत है। शायद इसीलिए काव्य-लक्षण से पहले उसका प्रयोजन प्रतिपादित होता है।

उपर्युक्त प्रयोजनों में केवल परमानन्द (रसास्वादमूलक) ही काव्य के प्रयोजन हैं, शेष प्ररोचक[2] उपायमात्र हैं।

(२) **काव्य-लक्षण**—कवि की रचना काव्य कहलाती है। उसका प्रथम कार्य चिन्तन सुललित भावों की अवधारणा अर्थरूप ही है, पर उसे व्यक्त करने हेतु उसका द्वितीय कार्य पदावली-गुम्फन शब्दरूप ही होता है। तदनुसार सुललित भावों को व्यक्त करने वाली पदावली काव्य है, यही वस्तुस्थिति है। इसे ही आलङ्कारिकों ने अपने-अपने ढंग से काव्यलक्षण के रूप में व्यक्त किया है। इस विषय में आचार्य दण्डी ने अग्निपुराण के अनुसार अपना लक्षण दिया—

"शरीरं तावदिष्टार्थव्यवच्छिन्ना पदावली"[3]।

तदनुसार अभीष्ट = सहृदयहृदयाह्लादक अर्थ से व्यवच्छिन्न = विलक्षणीकृत पदसमुदाय को काव्य कहते हैं।

इनसे भी प्राचीन आचार्य भामह (५०० ई०) ने कहा—"शब्दार्थौ सहितौ काव्यम्"[4]—चमत्कारजनक शब्द और अर्थ को काव्य कहते हैं। उसी समय से यह विवाद शुरू हुआ कि शब्द ही काव्य है या शब्द और अर्थ काव्य हैं! सम्पूर्ण उत्तर-भारत के विद्वान् भामह के अनुयायी हो गये और शब्दार्थौ का आज तक समर्थन कर रहे हैं। इसी तरह दक्षिण भारतीय दण्डी के अनुसरण पर केवल शब्द को काव्य कहने में अड़े हुए हैं। रुद्रट, वामन, आनन्दवर्धन, मम्मट, भोजराज, वाग्भट आदि आचार्य शब्दार्थयुगल को काव्य मानने के पक्ष में हैं, जबकि विश्वनाथ और जगन्नाथ शब्द को ही काव्य कहते हैं। यहाँ यह भी ध्यान देने योग्य है कि जो भी केवल शब्द को काव्य कहते हैं, उनके भी मत में अर्थ उसका विशेषण रहता ही है। तब विवाद रहा दोनों को प्रधान मानने या अर्थ को विशेषण मानने का ही और यह विवाद अभी भी जारी है।

---

१. सरस्वतीकण्ठाभरण से साहित्यदर्पण में उद्धृत।

२. रसगङ्गाधर की प्रस्तावना—पं० मदनमोहन झा सम्पादित संस्करण।

३. काव्यादर्श।

४. काव्यालङ्कार।

वामन, भोजराज, मम्मट, जयदेव आदि आचार्य काव्यलक्षण में दोषत्याग और गुणग्रहण निविष्ट करते हैं। कतिपय आचार्य तो काव्यशास्त्रीय रीति, रस, अलङ्कार तत्त्व भी जोड़ देते हैं। इनका लक्षण इनके द्वारा उक्त प्रयोजनों के साधक होने के कारण ही इतने बड़े हो चले हैं। विश्वनाथ ने तो इन विस्तृत लक्षणों को अतिसंक्षिप्त कर दिया और रसात्मक वाक्य को ही काव्य कहा है। परन्तु नीरस पर्वतादि-वर्णन में उन्हें प्रबन्धगत रस का आश्रयण करना पड़ा है और ऐसे मुक्तक वर्णन को वे काव्य ही नहीं मानते। परन्तु चमत्कार अनुभूत रहने पर काव्य न मानना समुचित नहीं है।

इसके बाद पण्डितराज ने सभी लक्षणों की बारीकी से छानबीन की और अपना लक्षण दिया—

"रमणीयार्थप्रतिपादकः शब्दः काव्यम्।"

अपने इस लक्षण का इन्होंने सूक्ष्म परिष्कार भी प्रस्तुत किया है, जो इसी ग्रन्थ में रहने के कारण यहाँ नहीं दिया जा रहा है। इस परिष्कार में विरोधियों के सभी आक्षेपों का समाधान हो जाता है।

विचार कर देखने से ज्ञात होता है कि पण्डितराज ने सर्वप्राचीन लक्षण को ही मान लिया है, शब्दान्तर से प्रस्तुत किया है, जिसे अग्निपुराणकार व्यास एवं दण्डी ने कहा था। फर्क इतना ही है कि पदावली के स्थान में शब्द कहा गया है। इष्ट शब्द से रमणीय ही अभिप्रेत हो सकता है। इस प्रकार हम देखते हैं कि काव्यलक्षण अपने अनेक रूपों को धारण करते हुए सहस्राधिक वर्षों के बाद फिर जहाँ से प्रारम्भ हुआ था वहीं पहुँच गया।

(३) **काव्य-कारण**—बिना कारण से कार्य नहीं हो सकता है और कारण का समुचित रूप से रहने पर कार्य अवश्य होता है। काव्यरचना एक कार्य है। उसका भी कारण होना चाहिए, जिसे जान लेने पर काव्यकर्ता, प्रेरक, इच्छुक आदि उस कारण के प्रति यत्नवान् होंगे और काव्यप्राप्ति करने में सफलता पायेंगे। अतः काव्यशास्त्र के ग्रन्थों में काव्यकारण पर विचार किया जाता है। इस विषय में इन शास्त्रकारों के दो दल हैं। दण्डी[1] आदि ने प्रतिभा, शास्त्रानुशीलन और अभ्यास इन तीनों को मिलित रूप से काव्य का कारण माना है, जबकि रुद्रट आदि ने केवल प्रतिभा को।

---

१. नैसर्गिकी च प्रतिभा, श्रुतं च बहुनिर्मलम्।
अमन्दश्चाभियोगोऽस्याः, कारणं काव्यसम्पदः॥ (काव्यादर्श)

आचार्य भामह[1] के मत से प्रतिभा, शब्दार्थज्ञान, काव्यज्ञों की शिक्षा और अनेक निबन्धों के अनुशीलन से प्राप्त व्युत्पत्ति काव्य के कारण हैं। वामन के अनुसार लोक-व्यवहार और शास्त्रों में निपुणता, नवनवोन्मेषशालिनी प्रज्ञा (प्रतिभा) अथवा जन्मान्तरीय संस्कारात्मक शक्ति-विशेष और काव्यज्ञों के निदेश पर काव्यरचना में पुन-पुनः प्रवृत्ति (अभ्यास) ये सभी काव्य के कारण हैं। रुद्रट[2] के अनुसार शक्ति, व्युत्पत्ति और अभ्यास कारण हैं। मम्मट का भी यही मत है[3]। जयदेव[4] केवल प्रतिभा को कारण मानते हैं और प्रतिभा के सहकारी कारण शास्त्रानुशीलन और अभ्यास को कहते हैं।

पण्डितराज के मत में केवल प्रतिभा से ही काव्य की सृष्टि होती है और प्रतिभा का कारण कहीं अदृष्ट (पूर्वजन्मार्जित) और कहीं व्युत्पत्ति और अभ्यास है। बालकवि कर्णपूर बचपन में ही बिना व्युत्पत्ति और अभ्यास के सुन्दर काव्य लिखने लगे। ऐसे बालकवियों में विरुदावलीकार रघुदेव मिश्र, पुरंजनचरितनाटककार कृष्णदत्त उपाध्याय आदि प्रसिद्ध हुए। इनके काव्यनिर्माण को देखते हुए स्पष्ट है कि प्रतिभा का एक स्वतन्त्र कारण धर्मस्वरूप अदृष्ट मानना आवश्यक है। ऐसी स्थिति में बिना व्युत्पत्ति और अभ्यास के भी अदृष्ट से एवं बिना अदृष्ट के भी व्युत्पत्ति और अभ्यास से प्रतिभा की उत्पत्ति से 'कारण'[5] के अभाव में भी कार्य की सत्ता' रूप व्यतिरेक-व्यभिचार प्राप्त हो जायेगा, जिसके निवारण के लिए "अदृष्ट से उत्पन्न प्रतिभा के प्रति अदृष्टमात्र कारण" एवं "व्युत्पत्ति और अभ्यास से उत्पन्न प्रतिभा के प्रति व्युत्पत्ति और अभ्यास कारण" इस तरह अलग-अलग कार्यकारणभाव माना गया है। अब कारण के भेद से दो प्रतिभाएँ हो जायेगी और कहीं पर अदृष्टजन्य प्रतिभा के अभाव में भी व्युत्पत्ति और अभ्यासजन्य प्रतिभा से काव्य होने से पूर्ववत्[6] व्यभिचार प्राप्त ही रहेगा,

---

१. काव्यं तु जायते जातु, कस्यचित् प्रतिभावतः।
शब्दाभिधेये विज्ञाय, कृत्वा तद्विदुपासनम्॥
विलोक्यान्यनिबन्धांश्च, कार्यः काव्यक्रियादरः॥ (काव्यालङ्कार)

२. त्रितयमिदं व्याप्रियते शक्तिर्व्युत्पत्तिरभ्यासः। (रुद्रट-काव्यालङ्कार)

३. शक्तिर्निपुणता लोकशास्त्रकाव्याद्यवेक्षणात्।
काव्यज्ञशिक्षयाभ्यास इति हेतुस्तदुद्भवे॥ (काव्यप्रकाश)

४. "प्रतिभैव श्रुताभ्याससहिता कवितां प्रति हेतुः"। (चन्द्रालोक)

५. जब प्रतिभा के दोनों कारण हैं तो इनमें से एक के भी न रहने पर कारण-भाव हो जायेगा।

६. उपरिवत्।

जिसके निवारण के लिए 'अदृष्टजन्य प्रतिभा से उत्पन्न काव्य के प्रति अदृष्टजन्य प्रतिभा कारण' और व्युत्पत्त्यभ्यासजन्य प्रतिभा से उत्पन्न काव्य के प्रति व्युत्पत्त्यभ्यास-जन्य प्रतिभा कारण' ऐसा पृथक् कार्यकारणभाव मानना चाहिए।

राजशेखर का मत है[1] कि समाधि (मानसिक एकाग्रता) और अभ्यास (बाह्य प्रयास) ये दोनों ही मिलकर शक्ति को प्रकट करते हैं और यही शक्ति काव्य का कारण है, जो दो प्रकार की होती है—कारयित्री और भावयित्री।

यहाँ यह स्पष्ट कर देना आवश्यक है कि साहित्यशास्त्र मे शक्ति और प्रतिभा एक ही वस्तु है, जब कि न्यायदर्शन में शक्ति ज्ञानजन्य संस्कार[2] को और प्रतिभा नव-नवोन्मेषशालिनी बुद्धि-विशेष को (जो संस्कार का जनक है) कहते हैं। वेदान्त में भी ज्ञान को आत्मा, बुद्धि को अन्तःकरण एवं संस्कार को ज्ञानजन्य माना जाता है। यहाँ तो "या शब्दग्राममर्थसार्थमलङ्कारतन्त्र-मुक्तिमार्गमन्यदपि तथाविधहृदयं प्रतिभा-सयति सा प्रतिभा" ऐसा कहते हुए राजशेखर ने प्रतिभा को व्यक्त किया है और इसे ही भामह, दण्डी, वामन, अभिनवगुप्त, जयदेव और जगन्नाथ प्रतिभा कहते हैं, जब कि इसी प्रतिभा को रुद्रट, आनन्दवर्धन और मम्मट शक्ति कहते हैं। अतएव दोनों एक ही तत्त्व है, क्योंकि अभिनवगुप्त ने "अव्युत्पत्तिकृतो दोषः शक्त्या संव्रियते कवेः" इस ध्वनिकार की पंक्ति की व्याख्या में शक्ति को प्रतिभा कहा है।

इस सम्बन्ध में किसी समन्वयवादी आचार्य का मत उपयुक्त जान पड़ता है कि काव्य की उत्पत्ति में प्रतिभा, बुद्धि में अभ्यास और सौन्दर्य में व्युत्पत्ति कारण है—

'काव्यं तु जायते शक्तेर्वर्धतेऽभ्यासयोगतः।
तस्य चारुत्वनिष्पत्तौ व्युत्पत्तिस्तु गरीयसी' ॥

यह मत पण्डितराज के अनुकूल है और उन बालकवियों की काव्योत्पादिका शक्ति का भी समाधान इससे हो जाता है।

(४) रसस्वरूप—'रस्यते = आस्वाद्यते इति रसः' इस व्युत्पत्ति के अनुसार सहृदय सामाजिक जिसे काव्य या नाट्य के द्वारा आस्वादित करे, जिससे अनिर्वचनीय आनन्द को प्राप्त करे, उसे रस कहते हैं। इस आस्वादन के साधन को अलङ्कारशास्त्र में विभाव, अनुभाव और व्यभिचारिभाव (सञ्चारीभाव) कहते हैं। इन तीनों के मेल से प्रकटित स्थायीभाव रस कहलाते हैं। रसरूपताप्राप्ति से पूर्व तक ये सभी भाव ही कहलाते हैं, तो चित्तवृत्ति (चित्त में रहने वाले धर्म) ही होते हैं।

---

१. काव्यमीमांसा।

२. साहित्यिक के अनुसार ही शक्ति को संस्कारस्वरूप मानकर। "शक्तिः कवित्वबीजभूतः संस्कारविशेषः"।

ये स्थायीभाव नौ हैं—रति, हास, शोक, क्रोध, उत्साह, भय, घृणा, विस्मय और निर्वेद। इनके कारण को विभाव कहते हैं, जिसके दो भेद हैं—आलम्बन और उद्दीपन। यथा—शृङ्गार रस में शकुन्तलादि आलम्बन और एकान्तस्थानादि उद्दीपन है। यद्यपि विभाव स्थायिभाव के उत्पादक नहीं होते हैं, वे (स्थायी) तो सहृदयहृदय में वासनारूप से सूक्ष्म आकार में पहले ही से रहते हैं। विभाव तो उनका विकास मात्र करता है, तथापि लौकिक विभाव के उत्पादक रहने के कारण अलौकिक (शास्त्रनिष्ठ) विभाव को भी वैसा कहना अनुचित न होगा, क्योंकि अविकसित वस्तु प्रतीतियोग्य न रहने के कारण अनुत्पन्न कोटि में ही रहती हैं।

सच तो यह है कि लौकिक रत्यादि स्थायीभावों का शकुन्तलादि विभाव उत्पादक होते हैं, पर काव्यारूढ़ होने पर वे ही अलौकिक विभाव बनकर रसास्वाद के अवसर पर रस से एकीभाव को प्राप्त करते हैं। यह भी ज्ञातव्य है कि स्थायीभाव और रस में तादात्म्य रहने के कारण स्थायीभाव के आलम्बन और उद्दीपन ही रस के भी आलम्बन एवं उद्दीपन होते हैं।

स्थायीभाव के कार्य को अनुभाव कहते हैं, जो आलम्बन पर आश्रित बाह्यरूप से प्रकटित होता रहे। जैसे अग्नि धूम को प्रकाशित करता है। यह काव्य में निबद्ध रहने के कारण अलौकिक होता है। सात्त्विक भाव भी अनुभाव के ही अन्तर्गत आते हैं। जो विभाव से भी विलक्षणरूप से जल में बुद्बुद के समान प्रकाशित हो तथा कभी स्थायीभाव में ही विलीन हो जाय—ऐसे रसोपकारक क्षणिक भाव को व्यभिचारीभाव कहते हैं। निर्वेदादि ३३ व्यभिचारीभाव कहे गये हैं। स्थायीभाव भी अपरिपुष्ट रहने पर रसान्तर के उपकारक होकर व्यभिचारीभाव कहलाते हैं। सभी भावों में स्थायीभाव प्रधान होता है। उक्त नौ स्थायीभाव शृङ्गारादि नौ रसों में परिणत होते हैं।

रसानुभूति के विषय में सर्वप्राचीन उल्लेख भरतनाट्यशास्त्र का रससूत्र है—"विभावानुभावव्यभिचारिसंयोगाद् रसनिष्पत्तिः"—उपर्युक्त दोनों विभाव, अनुभाव और व्यभिचारिभाव के संयोग से रस की प्रतीति होती है। इस सूत्र की व्याख्या चार प्रकार की उपलब्ध होती है, जो रसस्वरूप के चार सिद्धान्त बने हुए हैं—लोल्लट का उत्पत्तिवाद, शङ्कुक का अनुमितिवाद, भट्टनायक का भुक्तिवाद और अभिनवगुप्त का अभिव्यक्तिवाद। इसके अतिरिक्त रस के विषय में पण्डितराज जगन्नाथ ने सात मतों को प्रस्तुत किया है—(१) नव्यमत (अनिर्वचनीयतावाद), (२) भावना के माहात्म्य से मानस बोध (भ्रमवाद), (३) भाव्यमान विभाव ही रस है, (४) वैसा अनुभाव, (५) वैसा व्यभिचारीभाव, (६) वैसे विभाव, अनुभाव और व्यभिचारीभाव मिलितरूप में और (७) इनमें से जिस पर चमत्कार रहे वही।

इनमें जिस लक्षण में विभावादि तीनों नहीं (केवल एक ही) हैं, वह भरत के रससूत्र से विरुद्ध होने से परम्परा-विरुद्ध है। वे हैं केवल विभाव, केवल अनुभाव और केवल व्यभिचारिभाव को रस मानने वाले लक्षण। परन्तु इनमें भी अन्य का आक्षेपलभ्य रहना तो निश्चित ही है। अतः आक्षेपलभ्य के द्वारा ही रससूत्र का संगमन कर लेते हैं।

आचार्य मदनमोहन झा ने विकासवादी क्रम से इन वादों को कालक्रम (प्राचीनतानुसार) इस प्रकार वर्णित किया है—(१) विभाव ही रस है, (२) अनुभाव, (३) व्यभिचारिभाव, (४) तीनों के रहने पर जिसमें चमत्कार हो वही रस है, (५) तीनों ही रस हैं, (६) रससूत्र के अनुसार उत्पत्तिवाद, (७) अनुमितिवाद, (८) भुक्तिवाद, (९) अभिव्यक्तिवाद, (१०) नव्यमत (अनिर्वचनीयता) और (११) भ्रमवाद।

परन्तु यह मत उपयुक्त तब होता, यदि किसी प्राचीन ग्रन्थ में इनका उल्लेख होता। भरत से पहले पाँच मत थे, इसमें कोई प्रमाण नहीं है। इसका उल्लेख सर्वप्रथम जगन्नाथ ने ही किया है। अतः ये मत या तो उनके स्वयं उद्भावित हैं या उनके समय में चल पड़े थे।

पण्डितराज ने जो इन मतों का क्रम रखा है, उसमें सर्वप्रथम अपना मत, जो मान्य आचार्य अभिनवगुप्त का है, को रखा है; उसके बाद अन्य मतों का प्रतिपादन भर उन्हें अभिप्रेत है, खण्डन नहीं, क्योंकि सिद्धान्त से पृथक् अन्य मत स्वतः उपेक्षणीय हो जाते हैं। जो कोई "नव्यास्तु"[1] से कथित मत को इनका अपना मत कहते हैं, उन्हें समझना चाहिए कि सिद्धान्त आदि या अन्त में ही रखा जाता है। आदि में सिद्धान्त देकर उस पर आचार्य अभिनवगुप्त की सम्मति दिखाने से ही उसे निर्णय की पदवी मिल जाती है।

यह भी ज्ञातव्य है कि रसनिरूपण के प्रथम पक्ष में ही पण्डितराज ने जो "भावना-विशेषमहिम्ना" विशेषण दिया है, वह किसी भी प्राचीन ग्रन्थ में न होने

---

१. शकुन्तलाविषयिणी रति का सम्बन्ध सहृदय से न रहने के कारण उन्हें आस्वाद कैसे हो, इस हेतु 'साधारणीकरण' व्यापार मानकर सहृदय के हृदय में उस रति को प्रविष्ट कराते हैं। पण्डितराज का कथन है कि ये सब काव्यार्थभावना की ही महिमा से होते हैं, तो फिर हम केवल उसी 'भावना' से शकुन्तलारति को साक्षात् ही सामाजिक में आरोपित कर क्यों न काम चला लें ? इस हेतु साधारणीकरण व्यापार क्यों मानें ? यही इनके मत का बीज है।

से इनके मस्तिष्क की उपज है और यह विशेषण इनके द्वारा प्रथमतः प्रतिपादित अन्य सातों मतों में भी निविष्ट है। इस नवीन उद्भावना को इन्होंने अपने काव्यलक्षण के परिष्कार में भी दिया है—"कारणं च तदवच्छिन्ने भावनाविशेषः पुनः पुनरनुसन्धानात्मा", "चमत्कारजनकभावनाविषयार्थप्रतिपादकशब्दत्वम्"। इस तरह रसस्वरूपनिरूपण में "भावनाविशेष" पण्डितराज की अपनी चीज है, जैसा कि इसकी व्याख्या करते हुए महावैयाकरण दीनबन्धु झा ने लिखा है[1]—"भावनाविशेषमहिम्नाज्ञानविशेष-सामर्थ्येन, एतेन साधारणीकरणाय व्यापारान्तरकरणमनावश्यकमिति सूचितं भवति। इदमेव ग्रन्थकृन्मते रसस्वरूपं प्रकाशाद् विशेषश्च"—"पुनः पुनः अनुसन्धानात्मक ज्ञानविशेष के सामर्थ्य से' इसी विशेषण से सूचित होता है कि साधारणीकरण के लिए व्यञ्जना या भावकत्व-भोजकत्वव्यापार आदि मानना अनावश्यक हो जाता है और यही ग्रन्थकार जगन्नाथ के मत से रस का स्वरूप है तथा काव्यप्रकाश से विलक्षण है।

अतः विद्वानों का मत है कि अपनी प्रतिभा से पण्डितराज ने ही सभी मतों की उद्भावना की है। इनमें कतिपय तो रससूत्र के विरुद्ध होने से और शेष कल्पनामात्र सिद्ध[2] (अव्यावहारिक) होने से साहित्यशास्त्रीय विद्वानों को ग्राह्य नहीं है। केवल दार्शनिक दृष्टि से चिन्तित 'नव्यास्तु' मत किसी साहित्यिक के लिए उपयुक्त नहीं हो सकता। अतः समालोचक इन मतों की उपेक्षा करते आये हैं और स्वयं ग्रन्थकार ने भी नवीन प्रकार प्रदर्शित करने के कौतूहल से ही इन्हें ग्रन्थ में निविष्ट किया है, सिद्धान्त नहीं माना है।

रस-विषयक सिद्धान्त मत—

सहृदय के हृदय में वासनारूपेण सदा से स्थित (नित्य) रत्यादि स्थायीभाव ही बाह्य विभावानुभावव्यभिचारिभावों के व्यङ्ग्यव्यञ्जकभाव सम्बन्ध से साधारणरूप में अनुभूयमान होते हुए अलौकिक आस्वादपदवी को प्राप्त कर रस कहलाता है—यह परमाचार्य अभिनवगुप्त के मत का सारांश है। पण्डितराज का प्रथम सिद्धान्त इसी की व्याख्या है। वे व्याख्या द्वारा निम्नांकित कथ्य को व्यक्त करते हैं—

(१) जब विभावादि अनुकूल वर्णों से युक्त चमत्कृत काव्य में निविष्ट रहता है।
(२) यह काव्य सहृदय के हृदय में प्रविष्ट कर गया होता है।
(३) सहृदय बार-बार अनुसन्धान करते हुए विभावादिकों को साधारणीकृत कर लेते हैं।

---

१. रसगङ्गाधरीय—रसस्वरूपनिरूपणव्याख्या—'रसिकमनोरञ्जिनी' ग्रन्थ के परिशिष्ट में—नाग प्रकाशक, दिल्ली—१९९५ ई०।

२. मैथिलीकाव्यविवेक, पृ० ६४।

(४) साधारणीकृत विभावादि मिलकर अलौकिक व्यापार (भावना) से आनन्द, जो सहृदय के हृदय में आवरण से ढँका रहता है, उसके उस आवरण (पर्दा) को हटा देते हैं।

(५) इस अज्ञाननाश से रसानुभूति करने वाला (प्रमाता) अपने अन्तःकरण के परिमितत्व प्रभाव एवं अपने प्रमातृत्व धर्म को त्याग कर साक्षीरूप से व्यापक हो जाता है, स्वयंप्रकाश हो जाता है और अपने वास्तविक आनन्दस्वरूप का साक्षात्कार करता है और यही तो रससाक्षात्कार है।

उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट है कि पण्डितराज की व्याख्या अभिनवगुप्त का समर्थन साहित्यिक दृष्टि से करती है। अन्तर केवल दार्शनिक विचार में है। दोनों आचार्य रस को स्वयंप्रकाश एवं नित्य मानते हैं। फर्क तो इतना ही है कि अभिनवगुप्त के मत में चैतन्य विशेषण और स्थायिभाव विशेष्य है, पर पण्डितराज के मत में स्थायिभाव ही विशेषण और चैतन्य विशेष्य है। अभिनव ने शैवागम दर्शन के अनुसार प्रकृति के अंश रत्यादि स्थायीभाव में भी चैतन्यप्रतिभास के कारण आनन्द की स्थिति मानी है। पर पण्डितराज शाङ्करवेदान्त के अनुसार केवल चैतन्य को ही आनन्दमय मानकर रससिद्धान्त व्यवस्थापित करते हैं और अभिनव के मत में वेदान्तानुसार संशोधन कर देते हैं।

आगे इसकी विवेचना करते हुए पण्डितराज इसे स्पष्ट ही कर देते हैं। अभिनव के मत में व्यंजनाजन्य ज्ञानविषय रत्यादि ही रस है, पर पण्डितराज के मत में—"रसो वै सः" इत्यादि श्रुति से आत्मा और रस में तादात्म्य (अभेद) सिद्ध रहने के कारण तथा वेदान्तसिद्धान्तानुसार आत्मा के नित्यज्ञानरूप और अन्य के संस्कार रूप रहने के कारण आत्मा और रस में अभेद उपपन्न नहीं हो सकता है। अतः ज्ञानविषयीभूत रत्यादि को रस न मानकर[1] रत्यादिविषयक ज्ञान को ही रस मानना समुचित है।

यहाँ ज्ञातव्य है कि रसस्वरूप का सर्वप्रथम विवेचन अग्निपुराण[2] में हुआ है

---

१. "भग्नावरणचिद्विशिष्टो रत्यादिः स्थायीभावो रस इति स्थितम्, वस्तुतस्तु वक्ष्यमाणश्रुतिस्वारस्येन रत्याद्यवच्छिन्ना चिदेव रसः"। (रसगङ्गाधरः—रसस्वरूपनिरूपणे)

२. आग्नेयपुराणे—

अक्षरं ब्रह्म परमं सनातनमजं विभुम्।
वेदान्तेषु वदन्त्येकं चैतन्यं ज्योतिरीश्वरम्॥
आनन्दः सहजस्तस्य व्यज्यते स कदाचन।
व्यक्तिः सा तस्य चैतन्यचमत्काररसाश्रया॥

वहाँ कुछ दिन शाहजहाँ तथा उसके पुत्र दाराशिकोह के आश्रय में अपना "नवीनवयः' (युवावस्था का पूर्वार्ध, ३० वर्ष तक) सुखपूर्वक बिताया था— "दिल्लीवल्लभ-पाणिपल्लवतले नीतं नवीनं वयः" (भामिनीविलास)। जगदाभरण में जगन्नाथ ने दाराशिकोह का वर्णन किया है। इस हिसाब से जान पड़ता है कि १६४० ई० के बाद ये दिल्ली से निकल पड़े, उस समय यदि इनकी आयु ३० वर्ष मानें तो इनका जन्मसमय १६१० ई० अनुमानित होता है।

ये अप्पयदीक्षित और भट्टोजिदीक्षित के उत्तरसम-सामयिक विरोधी थे तथा इनके ग्रन्थों पर स्वतन्त्र रूप से खण्डन-ग्रन्थ लिखे थे। अप्पयदीक्षित के भ्रातुष्पौत्र एवं शिष्य नीलकण्ठ दीक्षित ने [1]कलिगताब्द ४७३८ (१६३८ ई०) में नीलकण्ठ-विजय काव्य की रचना की थी, जिस समय दीक्षितजी परम वृद्ध रहे होंगे। सिद्धान्त-कौमुदीकार भट्टोजिदीक्षित के गुरु शेषकृष्ण के पुत्र शेषवीरेश्वर पण्डितराज के एवं उनके पिता पेरुभट्ट के गुरु थे।

बादशाह शाहजहाँ के साथ पण्डितराज ने काश्मीर की यात्रा की थी और वहाँ के नवाब आसफखान द्वारा बादशाह के सत्कारादि का वर्णन इन्होंने 'आसफविलास' में किया है।

विद्वान् होते ही जगन्नाथ राजाश्रय को प्राप्त करने बीकानेर गये। वहाँ के राजा जगत्सिंह की प्रशंसा में इन्होंने जगदाभरण काव्य (५३ पद्यमात्र) की रचना की। इन्हीं जगत्सिंह के पिता कर्णसिंह के आदेश से मैथिल गङ्गानन्द कवीन्द्र ने कर्णभूषण (रसनिरूपण) ग्रन्थ की रचना की थी।

किंवदन्ती है कि वहाँ से ये जयपुरनरेश जयसिंह की सभा में पधारे। वहाँ मुल्लाओं के दो आक्षेपों के निराकरण हेतु पण्डितसभा हुई थी, पर समाधान नहीं हो रहा था। पण्डितराज ने समाधान का वचन दिया और कहा कि 'एक आक्षेप का उत्तर मैं तुरंत दे सकता हूँ और दूसरे का उत्तर अरबी-फारसी पढ़कर दूँगा'। वहाँ इन्हें फारसी पढ़ाने की व्यवस्था की गयी और कुछ ही दिनों में ये उस भाषा के पारङ्गत हो गये। उक्त आक्षेपों का उत्तर देने हेतु इन्हें दिल्ली बादशाह के दरबार में भेजा गया। इनके समाधान से सभी प्रसन्न हो गये—

आक्षेप—(१) राजा जयसिंह आदि वास्तविक क्षत्रिय नहीं हैं, क्योंकि परशुराम ने जब २१ बार पृथ्वी को निःक्षत्रिय कर दिया तो क्षत्रिय आये कहाँ से ?

---

१. अष्टत्रिंशदुपस्कृतसप्तशताधिकचतुःसहस्रेषु।
कलिवर्षेषु गतेषु प्रथितः किल नीलकण्ठविजयोऽयम् ॥

समाधान—परशुराम ने जब पहली बार पृथ्वी को निःक्षत्रिय कर दिया, तो दूसरी बार के लिए क्षत्रिय कहाँ से आये ? यह २१ बार कहना ही प्रमाणित करता है कि संहार के बाद भी बहुत क्षत्रिय बचे रहे, जो इन राजाओं के पूर्वज थे।

आक्षेप (२) अरबी भाषा संस्कृत से प्राचीन है।

समाधान—मुसलमानो के 'हदास' (धर्मग्रन्थ) में लिखा है कि—'मुसलमान हिन्दुओं से विपरीत आचरण करें, यही उनका धर्म है'। इस वाक्य से सिद्ध है कि हिन्दू धर्म मुसलमानों के धर्म से प्राचीन है और यह भी स्वतः सिद्ध है कि उन हिन्दुओं की भाषा भी अरबी से प्राचीन है।

दिल्ली दरबार में रहकर पण्डितराज ने एक परम रमणीय यवनी से प्रेम किया और बादशाह की कृपा[1] से वह इन्हें प्राप्त हो गयी। यह समाचार देशभर में फैल गया और इन्हें पण्डितों ने जातिच्युत घोषित कर दिया। इन पण्डितों में अप्पय दीक्षित और भट्टोजिदीक्षित प्रमुख थे। अतः इनसे पण्डितराज का वैरभाव हो गया। कुछ दिन बाद वह यवनी, जिसका नाम 'लवङ्गी' था, असमय में ही दिवङ्गता हो हो गयी और पण्डितराज ने विरक्तभाव से दिल्ली को छोड़ दिया। ये यवनीसम्पर्क से अपने को स्वयं पापी समझने लगे—

सुरधुनिमुनिकन्ये ! तारयेः पुण्यवन्तं
स तरति निजपुण्यैस्तत्र किं ते महत्त्वम्।
यदि हि यवनकन्या-पापिनं मां पुनीहि
तदिह तव महत्त्वं, तन्महत्त्वं महत्त्वम्॥ (गङ्गालहरी)

कुछ समय पण्डितराज ने नेपाल के समीप कूचविहार (कामरूप) के राजा प्राणनारायण (१६३३–६६ ई०) के आश्रय में भी रहे, जहाँ 'प्राणाभरण' की रचना की। यह ग्रन्थ वही है जिसे पूर्व में 'जगदाभरण' कहा गया है, फर्क इतना ही है कि यहाँ जगत्सिंह के स्थान में 'प्राणनारायण' रख दिया गया है। इस राजा का वंश इस प्रकार है—विश्वसिंह—मल्लदेव (नरनारायण)—लक्ष्मीनारायण—वीरनारायण—प्राणनारायण। इनमें मल्लदेव के आश्रित काव्यकौमुदीकार देवनाथ ठक्कुर (काव्य-प्रदीपकार गोविन्द ठक्कुर के पुत्र) थे।

वहाँ से लौटकर ये काशी में रहने लगे। अन्य राजाओं का आश्रय इन्हें तुच्छ दीखने लगा। ये लिखते हैं—

---

१. न याचे गजालिं न वा वाजिराजं न वित्तेषु चित्तं मदयं कदापि।
इयं सुस्तनी मस्तकन्यस्तहस्ता, 'लवङ्गी'कुरङ्गीदृगङ्गीकरोतु॥

दिल्लीश्वरो वा जगदीश्वरो वा मनोरथान् पूरयितुं समर्थः ।
अन्यैर्नृपालैः परिदीयमानं शाकाय वा स्याल्लवणाय वा स्यात् ॥

रसगङ्गाधर के मंगलाचरण आदि से ज्ञात होता है कि पण्डितराज वैष्णव थे, हालाँकि अन्य देवताओं की स्तुति भी इनकी प्राप्त हैं । इनका जीवन यद्यपि उल्लासमय रहा, पर इन पर बड़े-बड़े अनर्थपात हुए—युवावस्था में ही पाणिगृहीती[1] (स्वजातीया पत्नी) और पाणिगृहीता (यवनी प्रेयसी) का देहान्त हो गया । युवक पुत्र स्वर्गवासी हो गया[2] । यवनीसम्पर्क-दोष से पण्डितों द्वारा अपमानित हुए और अन्त में विरक्त होकर गङ्गा के शरण में गङ्गालहरी की रचना करते हुए गङ्गालाभ कर लिया ।

ये ब्रह्मतेज से युक्त थे । किंवदन्ती है कि जब यवनी इनके शयनकक्ष में आयी तो उसे हुआ कि मैं जल जाऊँगी और वह लौट गयी । बादशाह के दरबार में पण्डितराज के इस ब्रह्मतेज को कम करने का प्रश्न उठ गया । किसी पण्डित के कहने से इन्हें हुक्के के पानी से नहलाया गया और तब यवनी इनके पास जा सकी ।

पण्डितराज बहुत गर्वीले स्वभाव के थे और यह गर्व उनका यथार्थ था, परन्तु विद्वत्समाज इन्हें शास्त्रोद्धत कहता है । वे न केवल "अलङ्करान् सर्वान् अपि मलितगर्वान् रचयतु" जैसी उक्ति रखते हैं, अपितु अपनी कविता की स्वयं ही अत्यधिक प्रशंसा करते हैं—

धुर्यैरपि माधुर्यैर्द्राक्षा-क्षीरेक्षु-माक्षिक-सुधानाम् ।
वन्द्यैव माधुरीयं पण्डितराजस्य कवितायाः ॥ ३१ ॥

ये न केवल अप्पयदीक्षित या भट्टोजिदीक्षित का खण्डन दर्पपूर्ण वाणी से करते हैं, वरन् आनन्दवर्धन, मम्मट आदि की तीखी आलोचना में भी ये पीछे नहीं रहे । परन्तु अन्तिम अवस्था में इन्हें अपने कृत्यों पर पश्चात्ताप हुआ कि क्यों हमने विद्वानों का अनादर किया ? क्यों यवनीसम्पर्क किया ? और इस विरक्ति के साथ संसार से ऊब कर भगवती भागीरथी गङ्गा के शरण में पहुँचे । पर उस समय में भी अपनी प्रकृति (स्वभाव) ने इन्हें नहीं छोड़ा और ये गर्व से गङ्गा नदी की सबसे ऊपरी सीढ़ी पर

---

१. द्रष्टव्य—पण्डितराज का करुणविलास—

धृत्वा पदस्खलनभीतिवशात् करं मे
या रूढवत्यसि शिलाशकलं विवाहे ।
सा मां विहाय कथमद्य विलासिनि ! द्याम्
आरोहसीति हृदयं शतधा प्रयाति ॥

२. रसगङ्गाधर—प्रत्यनीक अलङ्कार के उदाहरण में पुत्रशोक का वर्णन ।

बैठ गये और बोले—'माता गङ्गा के लिए मैं इतनी दूर से आया हूँ तो यह माता पुत्र के लिए थोड़ी दूर भी ऊपर नहीं होंगी ?' पण्डितराज गङ्गालहरी के एक-एक पद्य रचते सुनाते थे और गङ्गा एक-एक सीढ़ी ऊपर आ रही थी और अन्तिम पद्य समाप्त होते ही एक ऐसा तरङ्ग आया जो पण्डितराज को समेटे हुए प्रवाह में विलीन कर लिया, माता ने पुत्र को गोद में ले लिया।

पण्डितराज जगन्नाथ की रचनाएँ

१. शृङ्गारविलास—१८० पद्य।

२. आसफविलास—गद्याख्यान, शाहजहाँ की काश्मीरयात्रा एवं वहाँ के नवाब आसफखान से मुलाकात।

३. करुणविलास (पत्नीवियोग में विलाप)—१९ पद्य।

४. प्रास्ताविक विलास—१२२ पद्य।

५. शान्तिविलास—निर्वेद पद्य—४४।

६. जगदाभरण[1]—५३ पद्य—बीकानेर के राजा जगत्सिंह की प्रशंसा।

७. प्राणाभरण—५३ पद्य—कामरूप (कूचविहार) के राजा प्राणनारायण की प्रशंसा। यह 'जगदाभरण' में ही नामपरिवर्तन करके प्रस्तुत किया गया है।

८. यमुनावर्णन—गद्य, अनुपलब्ध, रसगङ्गाधर के मध्यम काव्य के उदाहरण में इसकी पंक्ति उद्धृत है।

९. लहरी-पञ्चक—

(१) गङ्गालहरी—५३ पद्य, इसे ही पीयूषलहरी भी कहते हैं—"इमां पीयूषलहरीं जगन्नाथेन निर्मिताम्"।

(२) यमुनालहरी—११ पद्य, इसे ही अमृतलहरी कहते हैं।

(३) करुणालहरी—५५ पद्य, कृष्ण की स्तुति।

(४) लक्ष्मीलहरी—४१ पद्य।

(५) सुधालहरी—३० पद्य, सूर्यस्तुति।

१०. भामिनीविलास—५८८ पद्य।

११. चित्रमीमांसाखण्डन—अप्पयदीक्षितकृत चित्रमीमांसा अलंकारशास्त्रीय ग्रन्थ का खण्डन।

१२. मनोरमाकुचमर्दन—भट्टोजिदीक्षितकृत प्रौढमनोरमा (व्याकरणशास्त्रीय व्याख्या-ग्रन्थ) का खण्डन।

१३. रसगङ्गाधर—अलङ्कारशास्त्रीय महान् ग्रन्थ ।

१. पण्डितराज-ग्रन्थावली में इनके सभी ग्रन्थों का आकर्षक प्रकाशन संस्कृत परिषत्, उस्मानिया विश्वविद्यालय, हैदराबाद से हुआ है ।

अन्य जगन्नाथ

संस्कृत वाङ्मय में जगन्नाथ नाम के अनेक ग्रन्थकार हो चुके हैं । उनके ग्रन्थ हैं—सिद्धान्तसम्राट् (ज्योतिष)–सम्राट् जगन्नाथकृत, सिद्धान्तकौस्तुभ, रेखागणित, विवादार्णवभङ्ग, रतिमन्मथनाटक, अतन्द्रचन्द्रिकनाटक—मैथिल जगन्नाथकृत, अनङ्ग-विजयभाण, सभातरङ्ग, अद्वैतामृत, शरभगजविलास, ज्ञानविलास, समुदायप्रकरण आदि । परन्तु इनमें कोई भी पण्डितराज उपाधि वाले नहीं थे । मिथिला में रघुनन्दन उपाध्याय पण्डितराज थे, जिन्होंने बादशाह अकबर से तिरहुत राज्य प्राप्त कर अपने गुरु म० म० महेश ठक्कुर को दे दिया था तथा काव्यप्रकाश की टीका लिखी थी, जो दरभङ्गा में हस्तलिखित रूप में है ।

रसगङ्गाधर की व्याख्या-सम्पत्ति

रसगङ्गाधर पर निम्नांकित व्याख्याएँ उपलब्ध हैं—

(१) गुरुमर्मप्रकाश—म० म० नागेशभट्ट (१७५० ई०) कृत । यह रसगङ्गाधर पर सर्वप्राचीन टिप्पणी उपलब्ध है, जो इसके खण्डन के उद्देश्य से ही लिखी गयी थी । नागेशभट्ट प्रख्यात वैयाकरण थे । ये भट्टोजिदीक्षित के पौत्र हरिदीक्षित के शिष्य होने के कारण पण्डितराज के विरोधी हुए, क्योंकि भट्टोजि से पण्डितराज का वैरभाव प्रसिद्ध ही है । नागेश ने अपनी गुरुपरम्परा के समर्थन में ही पण्डितराज का खण्डन किया है । बहुत स्थलों पर ग्रन्थ के आशय को भी स्फुटित किया है । इसका प्रकाशन १९३९ ई० में भट्ट मथुरानाथ शास्त्री की सरला टीका के साथ जयपुर से हुआ उत्तरा-लंकार पर्यन्त और आज तक इतना ही मूल ग्रन्थ भी मिलता है । नागेश की टीका भी यहीं तक है ।

(२) म० म० गङ्गाधर शास्त्री की क्वचित्-क्वचित् टिप्पणी सहित रसगंगाधर काशी से प्रकाशित हुआ था । इससे पहले यह ग्रन्थ काव्यमाला में मुद्रित हो चुका था । तृतीय बार रसगङ्गाधर का प्रकाशन भट्ट मथुरानाथ शास्त्री द्वारा जयपुर से हुआ ।

(३) सरला—भट्ट मथुरानाथ शास्त्री की ग्रन्थलापिनी एवं गूढार्थबोधिनी संक्षिप्त व्याख्या है । यह गुरुमर्मप्रकाश के साथ १९३९ ई० में प्रकाशित हुई और १९४५ तक इसके छः संस्करण निकल गये, इसी से इसकी उपादेयता सिद्ध है ।

(४) हिन्दी अनुवाद—पं० श्रीपुरुषोत्तमशर्मा चतुर्वेदी, नागरी प्रचारिणी सभा, काशी ।

(५) 'चन्द्रिका'—कविशेखर बदरीनाथ झा—प्रथमानन भाग, शेष भाग पर पं० मदनमोहन झा—रसगङ्गाधर की आज तक सर्वोत्कृष्ट व्याख्या यही है। ग्रन्थ को स्पष्ट करते हुए उसका सारभाग पाठकों के समक्ष रख देना, छात्रों एवं विद्वानों के उपयुक्त सन्तुलित विचार उपस्थित करना एवं साहित्यिक दृष्टि से ग्रन्थ को देखना इत्यादि कतिपय विशेषताएँ इसे जनप्रिय बनाती हैं। चौखम्बा विद्याभवन, वाराणसी से १९५५ ई० में प्रकाशित।

(६) 'चन्द्रिका' हिन्दी व्याख्या—पं० मदनमोहन झा—यह व्याख्या उपर्युक्त 'चन्द्रिका' संस्कृत व्याख्या के साथ प्रकाशित है। यह सूक्ष्म विवेचना के क्रम में बहुत स्थलों पर विस्तृत हो गयी है।

(७) मधुसूदनीप्रकाश संस्कृत-हिन्दी व्याख्या—आचार्य मधुसूदन मिश्र—काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी।

(८) रसचन्द्रिका—पं० श्रीकेदारनाथ ओझा—यह व्याख्या सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी से १९७७ ई० में प्रकाशित हुई। इसमें ग्रन्थ का अवतरण, शब्दार्थस्फोरण एवं दार्शनिक दृष्टि से विषय का निरूपण किया गया है। कुछ स्थलों में यह शास्त्रान्तर विचार में अतिविशद हो गयी है, जब कि बहुत स्थलों पर टिप्पणी बन के रह गई है। इसकी भूमिका केवल टीकाकारों की भर्त्सना में कृतश्रमा है, जैसा वर्णन विद्वान् के लिए अशोभनीय है। काव्यशास्त्रीय ग्रन्थ की व्याख्या में एक भी तच्छास्त्रीय त्रुटि नहीं दिखाई गई है, केवल न्यायशास्त्रीय त्रुटि और वह त्रुटि भी कहाँ तक समीचीन है इसका निर्णय तो परवर्ती आलोचकों, व्याख्याकारों के विचार में देखे जा सकते हैं। पर उनकी इस भूमिका से स्पष्ट हो जाता है कि 'चन्द्रिका' व्याख्या की दोषगवेषणा को ही यह श्रेय है कि 'रसचन्द्रिका' व्याख्या का उसने ही निर्माण करा लिया। माननीय व्याख्याकार के सम्बन्ध में विशेष वक्तव्य नहीं है—साहित्यशास्त्रीय विषय-विवेचन में भी बहुत स्थलों पर शास्त्रवैपरीत्य इनकी व्याख्या में है जिनकी गणना हम यहाँ नहीं करना चाहते। पाठक इस रसतरङ्गिणी व्याख्या में उन्हें ढूँढ़ सकते हैं। चन्द्रिका के बाद रचित होने पर भी 'रसचन्द्रिका' उसका स्थान नहीं ले सकी, न ही लोकप्रिय हो सकी—यह भी ज्ञातव्य है।

(९) रसतरङ्गिणी—डॉ० श्रीनारायण मिश्र एवं डॉ० शशिनाथ झा—यह प्रस्तुत संस्करण संस्कृत-हिन्दी व्याख्यात्मक है। यह छात्रोपयोगी के साथ-साथ गम्भीर विचारों का प्रतिपादक, जटिल स्थलों का परिचायक, पूर्वव्याख्याताओं द्वारा विषय को प्रकृत शास्त्र से शास्त्रान्तर की ओर बहकाव का नियन्त्रक और कुव्याख्यान का विखण्डक के रूप में प्रस्तुत हो रहा है।

प्रस्तुत संस्करण होने में (छपने में) बहुत विलम्ब हो गया। दुःसंयोग की बात हुई कि डॉ० श्रीनारायण मिश्रजी की व्याख्या कुछ अंश छपने के बाद प्रेस में नष्ट हो गयी। इससे मिश्रमहोदय बहुत खिन्न हुए और छपी हुई व्याख्या के बाद संक्षिप्त व्याख्या से प्रथमानन को पूर्ण किया। पर दुर्भाग्य की बात ! फिर कुछ अंश छपने के बाद पाण्डुलिपि नष्ट हो गयी और डॉ० मिश्र ने यह काम छोड़ दिया। प्रकाशक महोदय ने मुझे प्रेरित किया और मैंने यथामति भावध्वनिप्रकरण के धृतिभाव से आगे प्रथमानन पर्यन्त संस्कृत-हिन्दी व्याख्या कर दी। इसमें मुझे अधिक आयास नहीं करना पड़ा, क्योंकि अध्ययन एवं अध्यापन के क्रम में रसगङ्गाधर पुस्तक के हाशिये पर मैंने टिप्पणी कर ली थी, जिसमें ग्रन्थ के गूढ़ाशय, मतमतान्तर एवं पूर्व व्याख्याकार से मतभेद अंकित थे और वही मेरी व्याख्या का आधार बन गया।

यह व्याख्या कहाँ तक सफल हो सकी है, इसकी क्या विशेषताएँ हैं—इस विषय के विवेचन का भार पाठकों पर ही छोड़ना उचित समझ कर विरत होता हूँ।

संस्कृत-दिवस १९९६ ई०

स्नातकोत्तर व्याकरण विभाग
का० सिं० द० संस्कृत विश्वविद्यालय
दरभङ्गा

डॉ० शशिनाथ झा
विद्यावाचस्पति

विषय-सूची

विषयः	पृष्ठम्
भूमिका	१–२१
मङ्गलाचरणादि	१
काव्यलक्षणम्	८
हेमचन्द्रोक्तलक्षणे आक्षेपः	१२
साहित्यदर्पणोक्तलक्षणे आक्षेपः	२०
प्रतिभाकाव्यकारणम्	२१
काव्यं चतुर्विधम्	३०
उत्तमोत्तमकाव्यस्य लक्षणम्	३०
उत्तमकाव्यस्य लक्षणम्	५४
मध्यमं काव्यम्	६२
अधमं काव्यम्	६५
प्रकाशकृत्कृतभेदेषु कटाक्षः	६७
ध्वनेर्भेदाः	७०
रसस्वरूपम्	७१
(१) अभिनवगुप्तमते	७८
जगन्नाथेन मतभेदः	७९
(२) भट्टनायकमते	८२
(३) नव्यमते	९४
(४) भ्रमवादिमते	१०४
(५) लोल्लटमते	१०८
(६) शङ्कुकमते	११०
(७) इतराणि पञ्चमतानि	१११
भरतकृतरससूत्रस्याष्टधाव्याख्यानम्	११२
रसस्य नवभेदाः	११५
शान्तरस-विचारः	११७
स्थायिभावाः	११९
रतिः	१२४
शोकः	१२४
निर्वेदः	१२५
क्रोधः	१२६
उत्साहः	१२६
विस्मयः	१२६
हासः	१२७
भयम्	१२७
विभावः, अनुभावः, व्यभिचारिभावः	१२८
रसभेदनिरूपणम्	१३१
शृङ्गारः	१३१
करुणः	१३५
शान्तः	१३६
रौद्रः	१३८
वीरः	१४३
अद्भुतः	१५८
हास्यः	१६१
भयानकः	१६४
बीभत्सः	१६५
रसानां संख्यानियमः	१६८
रसानां परस्परविरोधः	१६९
रसदोषाः	१८३
गुणनिरूपणम्	१९३
गुणविषये स्वमतम्	१९५
गुणविषये वामनादिमतम्	२०१
शब्दगुणाः	२०२
श्लेषः	२०२
प्रसादः	२०३
समता	२०४
माधुर्यम्	२०४
सुकुमारता	२०५
अर्थव्यक्तिः	२०६
उदारता	२०७
ओजः	२०९
कान्तिः	२१०

विषयः	पृष्ठम्
समाधिः	२१०
अर्थगुणाः	२१२
श्लेषः	२१२
प्रसादः	२१४
समता	२१४
माधुर्यं	२१७
सुकुमारता	२१७
अर्थव्यक्तिः	२१९
उदारता	२१९
ओजः	२२४
कान्तिः	२२५
समाधिः	२२६
अर्थे तेषु त्रिष्वेवान्तर्भावः	२३०
गुणव्यञ्जिकारचना	२३७
रचनायां वर्जनीयता	२४८
भावध्वनिः	२६६
भावलक्षणम्	२६७
हर्षः	२७९
स्मृतिः	२८०
व्रीडा	२८५
मोहः	२८७
धृतिः	२८८
शङ्का	२८९
ग्लानिः	२९०
दैन्यं	२९२
चिन्ता	२९४
मदः	२९६
श्रमः	२९८
गर्वः	३००
निद्रा	३०२
मतिः	३०३

विषयः	पृष्ठम्
व्याधिः	३०४
त्रासः	३०५
सुप्तम्	३०७
विबोधः	३०८
अमर्षः	३११
अवहित्थम्	३१२
उग्रता	३१४
उन्मादः	३१५
मरणम्	३१६
वितर्कः	३१८
विषादः	३१९
औत्सुक्यम्	३२२
आवेगः	३२३
जड़ता	३२४
आलस्यम्	३२५
असूया	३२७
अपस्मारः	३३०
चपलता	३३१
निर्वेदः	३३३
देवादिविषयारतिः	३३४
व्यभिचारिभावानां संख्यानियमः	३३६
रसाभासः	३३८
भावाभासः	३४८
भावशान्तिः	३५०
भावोदयः	३५१
भावसन्धिः	३५२
भावशबलता	३५३
अलक्ष्यक्रमध्वनिः	३६२
वर्णरचनादीनांरसभिव्यञ्जकता	३६८
उदाहृतश्लोकानुक्रमणी	३७५
रसगङ्गाधरेर्चिताग्रन्था ग्रन्थकाराश्च	३८९

—****—

॥ श्रीः ॥

रसगङ्गाधरः

'रसतरङ्गिणी' संस्कृत-हिन्दीव्याख्योपेतः

प्रथमाननम्

स्मृतापि तरुणातपं करुणया हरन्तो नृणा-
मभङ्गुरतनुत्विषां वलयिता शतैर्विद्युताम् ।

रसतरङ्गिणी

शुक्लाम्बरपरीधाना पुण्डरीकासना च या ।
सर्वमोहाशना देवी सा नः पातु सरस्वती ॥ १ ॥

तर्कायासपरिश्रान्तस्वान्तविश्रान्तिदायिनीम् ।
रसगङ्गाधरव्याख्यां कुर्मो रसतरङ्गिणीम् ॥ २ ॥

ग्रन्थार्थमात्मसात्कृत्वा तरङ्गिण्या यथायथम् ।
स्वस्वप्रज्ञानुसारेण शिष्यैर्वादः प्रवर्त्यताम् ॥ ३ ॥

ये शास्त्राध्ययनादहङ्कृतिजुषो विद्याविलासद्विषो
लोके पण्डितमानिनो यदि कृतिं निन्दन्ति निन्दन्तु ते ।
निष्पक्षं समुदीरयन्त्यवितथां वाचं तु ये वाग्मिन-
स्ते कामं प्रविवेचयन्त्विह कियान् दोषः कियान् वा गुणः ॥ ४ ॥

विघ्नविघाताय मङ्गलमाचरन् अध्येतॄणां श्रोतॄणाञ्चानुषङ्गतो मङ्गलार्थं ग्रन्थादौ तन्निबध्नाति—स्मृतापीत्यादिना । या स्मृताऽपि किम्पुनः साक्षात्कृता सती अनुरक्तानां समेषामपि नृणां तरुणं वृद्धिकाष्ठाप्राप्तमातपमन्तस्तापं करुणया निःस्वार्थ-भावेन हरन्ती, अभङ्गुरास्तनुत्विषो यासां तासां विद्युतां शतैः सञ्जातेन बलयेन युक्ता,

---

जो स्मरण किए जाने पर भी समस्त भक्त जनों के तीव्र आतपों—आधिभौतिक, आधिदैविक तथा आध्यात्मिक इन तीनों दुःखों को—कृपा करके हर लेती है, अनश्वर

कलिन्दगिरिनन्दिनीतटसुरद्रुमालम्बिनी
मदीयमतिचुम्बिनी भवतु कापि कादम्बिनी ॥ १ ॥

अपि च कलिन्दगिरिनन्दिन्या यमुनायास्तटेऽवस्थितं सुरद्रुमं कदम्बवृक्षमालम्बितुं शीलं यस्यास्तथाविधा सा कापि विलक्षणा कादम्बिनी श्रीकृष्णस्वरूपा मदीयमतिचुम्बिनी मद्बुद्धिविषया भवतु—इति मङ्गलपद्यार्थः ।

में सिंह है यह निश्चय नहीं हो सकता । इस प्रकार पक्षधर्मताज्ञानस्वरूप 'सिद्धि' के अभाव में हेतु के 'असिद्ध' हेत्वाभास होने का भी संशय है हीं । साथ हीं, यह भी संभव है कि वह धार्मिक वीर हो, किन्तु कुत्ते से इस लिए डरता हो कि उसके स्पर्श से शरीरादि मे अपवित्रता आ जाएगी । ऐसी स्थिति में उस धार्मिक का सिंहयुक्त स्थान पर भ्रमण हो हीं सकता है। वीर पुरुष तो सिंहादियुक्त स्थान पर भी ज्ञानपूर्वक घूमते। इस प्रकार साध्याभाव (=भ्रमणाभावाभाव=भ्रमण) के साथ सिंहोपलब्धिस्वरूप हेतु की व्याप्ति के सन्दिग्ध होने से यहाँ विरोधनामक हेत्वाभास का भी संशय है । अनुमान सद्धेतु से होता, निश्चित या सन्दिग्ध हेत्वाभास से नहीं । अतः सिंहोपलब्धि से भ्रमणाभाव का अनुमान नहीं हो सकता । यह यो व्यञ्जनामात्र से गम्यमान है । इस लिए अनुमान प्रमाण से व्यञ्जना को गतार्थ नहीं किया जा सकता ।

काव्यप्रकाश के उपर्युक्त सन्दर्भों से स्पष्ट है कि व्यञ्जनास्थल में ज्ञापक का असाधारण (व्यङ्ग्यार्थमात्र से सम्बद्ध) होना अपेक्षित नहीं है । ध्वन्यालोक के प्रथम उद्योत में भी यही बात कही गई है । अतः अप्पय्य दीक्षित का असाधारण्यप्रतिपादन के लिए किया गया प्रयास पूर्वोक्त प्रमाणिक आचार्यों के ग्रन्थों (में निर्णीत सिद्धान्त) से विरुद्ध है जहाँ व्यञ्जकों को व्यङ्ग्य तथा उससे भिन्न अर्थोंके साथ समान रूप से सम्बद्ध कहा गया है । अतः दीक्षित का प्रयास अनुचित है ।

अप्पय्य दीक्षित का उक्त प्रयास उपपत्तिविरुद्ध भी है । 'निश्शेषच्युतचन्दनं स्तनतटम्' आदि विशेषणीभूत वाक्य के अर्थों को वे वापीस्नान से असम्भव बतलाते हुए केवल व्यङ्ग्यार्थ के असाधारण कार्य के रूप में क्यों सिद्ध करना चाहते ? व्यङ्ग्यार्थ

व्यङ्ग्यासाधारण्यं संपाद्यते तत्किमर्थमिति पृच्छामः ? व्यङ्ग्यस्य व्यञ्जनार्थमिति चेत् ? न, व्यञ्जकगताऽसाधारण्यस्य व्यञ्जनाऽनुपायत्वात् ।

औण्णिद्दं दोब्बल्लं चिंता अलसंतणं सणीससिअम् ।
मह मंदभाइणीए केरं सहि तुह वि परिभवइ ॥

इत्यादौ साधारणानामेवौन्निद्र्यादीनां वक्त्रादिवैशिष्ट्यवशादर्थविशेषव्यञ्जकताया अभ्युपगतेः । प्रत्युताऽसाधारण्यस्य व्याप्त्यपरपर्यायस्यानुमानानुकूलतया व्यक्तिप्रतिकूलत्वाच्च ।

वार्थाऽविसायो न गुरुतरेणानुमानेनेति कथमत्र निश्शेषच्युतचन्दनमित्यादौ दीक्षितस्य असाधारण्यप्रतिपादनं व्यर्थम्, युक्तिसिद्धत्वात्तस्येत्यत उपपत्तिविरुद्धत्वं तस्य प्रदर्शयति प्रकृतेन सन्दर्भेण । तथा च व्यञ्जनास्थले सर्वत्रैव साधारण्यं लिङ्गस्य, न क्वचिदसाधारण्यमिति स्वयमेव वक्ष्यति । व्यङ्ग्यस्य=तदन्तिकमेव रन्तुं गतासीत्यस्यार्थस्य ।

'औण्णिद्दम्.....' इत्यस्य संस्कृतच्छाया—

औन्निद्र्यं दौर्बल्यं चिन्ताऽलसत्वं सनिःश्वसितम् ।
मम मन्दभागिन्याः कृते सखि त्वामपि परिभवति ॥ इति ॥

साधारणानाम्=उत्कटसंभोगवियोगादिजन्यत्वाऽविशेषाणाम् । अर्थविशेषः=उत्कटसम्भोगः । असाधारण्यस्य=अव्यभिचरितत्वस्य । व्यक्तिः=व्यञ्जना ।

के स्पष्ट अभिव्यंजन के लिए तो ऐसा करना उचित नही है, क्योंकि अभिव्यंजन के साधकों के लिए व्यंग्यार्थ के असाधारण धर्म होने की कोई आवश्यकता तो है नहीं । इसी लिए—

"अरी सखी ! मुझ अभागिन के चलते जागरण, दुर्बलता, चिन्ता, आलस्य और दीर्घनिश्श्वास ये सब दोष तुझे भी पीड़ित कर रहे हैं ॥"

नायिका द्वारा उसके पति के साथ छिपकर सम्भोग कर आने वाली दूती के प्रति कहे गये इस पद्य में सम्भोग एवम् उत्कट वियोग आदि में समान रूप से होने वाले जागरण आदि को वक्त्री नायिका तथा बोद्धव्य दूती के प्रभाव से 'दूती के सम्भोग' का व्यंजक सभी मानते । इसलिए व्यंजक साधकों के लिए व्यङ्ग्यार्थ का असाधारण धर्म होना आवश्यक नहीं है । व्यंजक यदि व्यङ्ग्य का असाधारण धर्म हो तब तो दोनों के बीच व्याप्ति सम्बन्ध सिद्ध हो जाएगा, क्योंकि दो पदार्थों का असाधारण्य (=अव्यभिचरित होना) हीं तो व्याप्ति है । ऐसी स्थिति में असाधारण्य अनुमान ले लिए हीं अनूकूल होगा, व्यंजना के लिए तो यह सर्वथा प्रतिकूल होगा । अतः व्यंजनावादी दीक्षित का ऐसा मानना असंगत है ।

अथ तटादिघटितत्वेऽपि न निश्शेषेत्यादिवाक्यार्थानामसाधारण्यम्, सलिलार्द्रवसनकरणकप्रोञ्छनादिनापि तत्संभवादिति चेत् ? तर्हि वापी-स्नानव्यावर्तनेन कः पुरुषार्थः ? एकत्रानैकान्तिकत्वस्येव बहुष्वनैकान्तिकताया अपि ज्ञाताया अनुमितिप्रतिकूलत्वाद्व्यक्त्यप्रतिकूलत्वाच्च । अपि चात्र हि तदन्तिकमेव रन्तुं गतासीति व्यङ्ग्यशरीरे तदन्तिकगमनं रमणरूपफलां-

---

इदानीं नाऽसाधारण्यप्रतिपादनममिप्रेतमपि तु वापीस्नानमात्रव्यावर्त्तनमित्याशङ्कां प्रतिपादयति—अथेति। यद्वा निश्शेषच्युतचन्दनत्वादेर्वापीस्नानजन्यत्वव्यावर्त्तनेऽपि नाऽसाधारण्यम्, क्लिन्नवस्त्रप्रोञ्छनादिनाऽपि तथा सम्भवादित्याशङ्कां प्रस्तौति—अथेति। यथा क्लिन्नवस्त्रप्रोञ्छनादिना सम्भोगेन च समानं निश्शेषच्युतचन्दनत्वादि स्तनतटादेस्तथैव वापीस्नानेनापि भवतु मा भूद्वा नाम, उभयोरपि व्यञ्जकत्वानुपयोगेन तदर्थप्रसाधननैरर्थक्यं स्पष्टमित्याशयेन समाधत्ते प्रतिप्रश्नमुखेन–तर्हीत्यादिना। ननु वापीस्नानस्य व्यञ्जकत्वविरोधित्वात्तद्व्यावृत्तेस्तद्विरोधिनिराकरणं तन्मुखेन च व्यञ्जनासहकारित्वमित्येवार्थः, क्लिन्नवस्त्रादिप्रोच्छनादेश्चानुपस्थितत्वात्तद्व्यावृत्तौ न यतितमित्यत आह—अपि चेत्यादि। व्यङ्ग्यत्वस्य

'निश्शेष·····' आदि विशेषणवाक्यों के 'तट' आदि शब्दों से घटित होने पर भी उन वाक्यों के अर्थों से वापी-स्नान मात्र की व्यावृत्ति अभीष्ट है; वे व्यङ्ग्य के असाधारण धर्म हैं ऐसा कहना नहीं, क्योंकि वे तो गीले वस्त्र से पोंछने आदि से भी सम्भव हैं—यह कहकर भी उक्त मत के दोष का निराकरण नहीं किया जा सकता, क्योंकि यदि वे विशेषणवाक्यार्थ अन्य कारण से भी सम्भव हैं तो फिर उन्हें वापी-स्नान मात्र से असम्भव कह कर कौन सा अभीष्ट अर्थ सिद्ध हो सकता ? अनैकान्तिकता (=व्यभिचार) तो किसी हेतु की एक स्थान में ज्ञात हो या अनेक में, अनुमान के लिए समान रूप से वह प्रतिकूल है। व्यंजना के लिए तो वह प्रतिकूल नहीं है। अतः उक्त विशेषणवाक्यार्थों को व्यङ्ग्य से अतिरिक्त गीले वस्त्र से पोंछने आदि से सम्बद्ध मानने के साथ-साथ यदि वापी-स्नान से भी सम्बद्ध मान लिया जाय तो भी अभिप्रेत अर्थ के अभिव्यंजन में कोई बाधा नहीं आती। अत एव व्यंजकों को व्यङ्ग्य के असाधारण धर्म कहने की कोई आवश्यकता नहीं। और भी, 'तू रमण के लिए उसी के पास गई थी' इस व्यंग्यार्थ में दो अंश हैं—'रमण (के लिए)' और 'उसके पास गई थी'। दीक्षित के मत में 'उसके पास गई थी' इस अंश को व्यंग्य कहना असम्भव है। यह अंश तो विपरीत-लक्षणा से हीं प्रतीत हो जायगा। जब विशेषणवाक्यार्थ की उपपत्ति सम्भोगमात्र से सम्भव है, तब तो उस अधम नायक के पास जाना ही दूती के लिए आवश्यक है, वापी-स्नान के

शश्चेति द्वयं घटकम्। तत्र तावत्तदन्तिकं गतासीत्यंशस्य त्वन्मते व्यङ्ग्यत्वं दुरुपपादम्। त्वदुक्तरीत्या विशेषणवाक्यार्थानां निश्शेषेत्यादिप्रतिपाद्यानां वाच्यार्थे वापीस्नाने बाधितत्वाद्वाच्यकक्षागतप्रधानवाक्यार्थीभूतविधिनिषेध-प्रतिपादकाभ्यां गता न गतेति शब्दाभ्यां विरोधिलक्षणया निषेधस्य विधेश्च प्रतीतेरुपपत्तेः। नहि मुख्यार्थबाधेनोन्मीलितेऽर्थे व्यक्तिवेद्यतोचिता। यथा 'अहो पूर्णं सरो यत्र लुठन्तः स्नान्ति मानवाः' इत्यत्र कर्तृविशेषणानुपपत्त्य-धीनोल्लासे पूर्णत्वाभावे।

दुरुपपादत्वमेवोपपादयति तदर्थस्य लक्ष्यत्ववर्णनमुखेन—**त्वदुक्तरीत्येत्यादिना**। बाधितत्वादित्यनेन विशेषणवाक्यार्थाऽन्वयबाधं लक्षणामूलमुपदर्शयति। (वापीं स्नातुमितो) गताऽसीत्यनेन मुख्यार्थान्वयबाधमूलिकया विपरीतलक्षणया न गताऽसीति, (तस्याऽधमस्यान्तिकं) न गताऽसीत्यनेन च तथैव लक्षणया गताऽसीति प्रतीतेः सम्भवान्न तत्र व्यञ्जना, वृत्त्यन्तराऽप्रतिपादितार्थस्यैव व्यञ्जनाविषयत्वादिति तदन्तिकं गताऽसीत्यंशस्य व्यङ्ग्यत्वाऽनुपपत्तिरिति सन्दर्भार्थः। वाक्ये शक्त्यभावाद् वाक्यार्थस्य वाच्यत्वाऽभावेऽपि वाच्यतुल्यत्वात्तस्य वाच्यकक्षागतेति विशेषणम्। लक्ष्यस्य व्यङ्ग्यत्वाऽभावे दृष्टान्तमाह—**यथेति**। अत्र लुठन्तः (='इतस्ततः परिवर्त्त-मानाः) इति स्नानक्रियाकर्तृभूतमानवानां विशेषणस्य पूर्णशब्दवाच्यार्थे विवक्षिते संगतिर्न भवतीति विपरीतलक्षणया पूर्णशब्दः पूर्णत्वाऽभावं गमयति। स चाऽभावो

लिए नहीं। ऐसी स्थिति में विशेषणवाक्यार्थ की 'तस्याधमस्यान्तिकं न गताऽसि' इस मुख्यांश के वाच्यार्थ के साथ सङ्गति न होने से '...न गताऽसि' का विपरीत-लक्षणा से 'गताऽसि' यही संगत अर्थ होगा। इसी तरह विशेषणवाक्यार्थ, जो सम्भोगमात्रजन्य हैं, की संगति 'वापीं स्नातुं गताऽसि' इस अंश के वाच्यार्थ के साथ न होने से यह अंश भी विपरीत-लक्षणा द्वारा 'वापीं स्नातुं न गताऽसि' (वापी में स्नान के लिए नहीं गई थी) का ही प्रतिपादक होगा। इस प्रकार विपरीत-लक्षणा से अवगत 'तदन्तिकं गताऽसि' इस अर्थ को व्यंग्य मानना सर्वथा अनुचित होगा, क्योंकि मुख्य वृत्ति (अभिधा) तथा मुख्यार्थबाधमूलक वृत्ति (लक्षणा) से जो अर्थ प्रतीत नहीं होता उसी की प्रतीति व्यञ्जनावृत्ति द्वारा सर्व-मान्य है। जैसे—"अहा! यह सरोवर जल से कितना भरा हुआ है जिससे लोग इसमें लोटते हुए स्नान कर रहे हैं!" इस वक्तव्य में स्नान करने वाले लोगों के विशेषणीभूत 'लुठन्तः' इस पद के मुख्यार्थ 'लोटते हुए' के साथ पूर्णशब्द के मुख्यार्थ के अन्वय का बाध होने से विपरीत-लक्षणा द्वारा प्रतीयमान पूर्ण शब्द के लक्ष्यार्थ

अथ तदन्तिकगमनस्य लक्षणावेद्यत्वेऽपि रमणस्य फलांशस्य लक्ष्यशक्तिमूलध्वननवेद्यत्वमव्याहतमेवेति चेत् ? 'अधमत्वमप्रकृष्टत्वम्, तच्च जात्या कर्मणा वा भवति। तत्र जात्यापकर्षं नोत्तमनायिका नायकस्य वक्ति' इत्यादिना संदर्भेण भवतैवार्थापत्तिवेद्यतायाः स्फुटं वचनात्। अन्यलभ्यस्य

लक्ष्यत्वाद् यथा न व्यङ्ग्यस्तथा प्रकृते तदन्तिकगमनरूपार्थोऽपीत्याशयः। कर्तृविशेषणस्यानुपपत्तावधीन उल्लासः प्रत्ययो यस्य पूर्णत्वाऽभावस्य तस्मिन्नित्यक्षरार्थः।

अस्तु तर्हि रमणमात्रस्य व्यङ्ग्यत्वम्, विश्वनाथादिभिरुरीकृतं च तदेवेत्याशङ्कते—अथेति। लक्ष्यशक्तीत्यादि। लक्ष्यं तदन्तिकगमनम्, तस्य च या शक्तिः सामर्थ्यं तन्मूलं यद्ध्वननं व्यञ्जना, तद्वेद्यत्वं रमणस्येति। केवलविशेषणवाक्यार्थात्सम्भोगाऽसाधारणात् संभोगस्य व्यङ्ग्यत्वेऽपि तन्नायकसम्भोगस्याऽव्यङ्ग्यत्वात् तदन्तिकगमनं लक्ष्यमेव विशेषणवाक्यार्थोपबृंहितं रमणं व्यनक्ति प्रकृत इति तात्पर्यम्। प्रमाणान्तरानधिगतार्थस्यैव व्यङ्ग्यत्वम् इति नयेनार्थापत्त्याऽनुमानेन वा प्रतिपन्नस्य रमणस्याप्यव्यङ्ग्यत्वमेति न युक्तस्तन्मात्रस्यापि व्यङ्ग्यत्वपक्ष इत्याह—अधमत्वमित्यारभ्य अस्वीकृतेः इत्यन्तेन। प्राचीनः सर्व एवापराधः सोढ एवोत्तमनायिकया, अन्यथा तदन्तिकं दूतीप्रेषणानुपपत्तेः, अतः प्राचीनापराधनिमित्तको नाधमपदप्रयोगोऽपि तु दूतीसम्भोगरूपापराधप्रयुक्त एवेति भवत्यर्थापत्त्या रमणबोधः, दूतीसम्भोगस्वरूपापराधं विनाऽधमपदप्रयोगानुपपत्तेरित्याशयो दीक्षितग्रन्थस्य।

'अपूर्ण' को कोई भी व्यंग्य नहीं मानता। इस प्रकार 'तदन्तिकं गताऽसि' इस अंश की व्यंग्यता की अनुपपत्ति से भी अप्पय्य दीक्षित का असाधारण्योपपादनप्रयास असंगत सिद्ध हो जाता।

अच्छा तो 'तदन्तिकगमन' को लक्ष्य हीं मान लिया जाय और इसमें विशेषणवाक्यार्थो की सहायता से परिस्फुट जो सम्भोग-प्रत्यायक सामर्थ्य है उससे सम्भोगमात्र को, जो तदन्तिकगमन का फल है—व्यंग्य मानने में क्या बाधा है ? बाधा यही है कि सम्भोग को इस पक्ष में व्यंग्य कहना सम्भव न हो सकेगा। अप्पय्य दीक्षित ने स्वयं कहा है "उत्तम नायिका नायक के जातिगत अपकर्ष [हीनता] का ख्यापन तो कर नहीं सकती, क्योंकि जब दोनों के बीच दाम्पत्यसम्बन्ध बन ही गया तो अब अपने नायक के जातिगत अपकर्ष का ख्यापन नायिका के लिए अनुचित एवं निन्दनीय होगा—इससे नायिका का उत्तमत्व विनष्ट हो जाएगा.....।" इससे स्पष्ट है कि उनके अनुसार दूतीसम्भोगादि से भिन्न किसी अपराध के चलते नायक का अधमत्व उपपन्न न होने से दूतीसंभोगादि की कल्पना की जाती है। इससे जब

च शब्दार्थताया अस्वीकृतेः। अन्यच्च, यथाकथंचिदङ्गीकुरु वाऽत्र व्यञ्जनाव्यापारं तथापि न तवेष्टसिद्धिः. वाच्यानां निश्शेषच्युतचन्दनस्तनतटत्वादीनामधर्मत्वस्य च त्वदुक्तरीत्या प्रकारान्तरेणानुपपद्यमानतया दूतीसंभोगमात्रनिष्पाद्यत्वेन गुणीभूतव्यङ्ग्यत्वप्रसङ्गात्। एवं चोपपत्तिविरोधोऽपि स्फुटतर एव। तस्माद्वाच्यार्थसाधारण्यमेवोचितमतिविदग्धनायिकानिरूपितानां विशेषणवाक्यार्थानाम्।

तथा हि—'अयि बान्धवजनस्याज्ञातपीडागमे स्वार्थपरायणे स्नानकाला-

---

ननु प्राचीनापराधाऽतिरिक्तोत्कटापराधत्वेन रमणस्योपपादकत्वादर्थापत्तिविषयत्वेऽपि रमणत्वेन तदविषयत्वात् पर्यायोक्तिप्रकरणस्थरीत्या रमणस्य व्यङ्ग्यत्वं नाऽनुपपन्नमित्यत आह—अन्यच्चेत्यादि। यथाकथञ्चित्=उपपादकतावच्छेदकातिरिक्तेन रमणत्वेन रूपेण। इष्टसिद्धिः=ध्वनिकाव्यत्वोपपत्तिः। गुणीभूतव्यङ्ग्यत्वं चात्र वाच्यसिद्ध्यङ्गत्वरूपमभिप्रेतम्। वाच्यार्थः=वापीस्नानरूपार्थः। निरूपितानाम्=प्रतिपादितानाम्।

सम्प्रति वापीस्नानसाधारण्येन विशेषणवाक्यार्थं व्याचक्षाणो यथाऽत्र व्यङ्ग्यार्थप्रतीतिस्तथा निरूपयति—तथा हीत्यादिना। सम्भोगस्य व्यङ्ग्यत्वसंरक्षणायाऽ-

---

दूतीसंभोग की अर्थापत्तिप्रमाणविषयता सिद्ध है तो फिर उसे व्यंग्य कहना सम्भव नहीं, क्योंकि शब्द किसी भी वृत्ति द्वारा उसी अर्थ का प्रतिपादक होता जो उस प्रकरण में अन्य प्रकार से प्रतीत न होता हो। अतः यदि सम्भोग अर्थापत्तिवेद्य है तो उसे व्यंग्य मानना सम्भव नहीं।

यदि प्राचीन अपराधों से भिन्न किसी उत्कट अपराध के रूप में सम्भोग को अर्थापत्ति का और सम्भोगत्वेन रूपेण सम्भोग को, पर्यायोक्त्यलङ्कारप्रकरण में वर्णन किये जाने वाले प्रकार से, व्यङ्ग्य मान भी लिया जाय तो भी अप्पय्य दीक्षित का मत समर्थित नहीं होता। उन्होंने उक्त पद्य को ध्वनिकाव्य माना है। किन्तु उनकी उपपादनविधि से तो इसे 'वाच्यसिद्ध्यङ्ग' नामक गुणीभूतव्यङ्ग्य काव्य होना चाहिए, ध्वनिकाव्य नहीं। कारण यह है कि उनके द्वारा वर्णित विशेषणवाक्यार्थों एव अधमपदार्थ की उपपत्ति सम्भोग के विना न होने से सम्भोगस्वरूप व्यङ्ग्यार्थ तो वाच्यार्थ का साधक हो जाता है। इस प्रकार उपपत्तिविरुद्ध होने से भी अप्पय्य दीक्षित का मत असंगत है। अतः विदग्धा नायिका द्वारा उक्त 'निश्शेषच्युतचन्दनं 'स्तनतटम्' आदि विशेषणवाक्यों के अर्थों को व्यङ्ग्य सम्भोग तथा वाच्य वापी-स्नान इन दोनों के समान रूप से हीं कार्य मानना चाहिए।

अतः उपर्युक्त पद्य का अर्थ इस प्रकार करना चाहिए—"अरी सखी! तू

तिक्रमभयवशेन नदीमदीयप्रिययोरन्तिकमगत्वैव वापीं स्नातुमितो ममान्तिकाद्गतासि, न पुनस्तस्य परवेदनानभिज्ञतया दुःखदातृत्वेनाऽधमस्यान्तिकम्। यतो निश्शेषच्युतचन्दनं स्तनयोस्तटमेव नोरःस्थलम्, वापीगतबहुलयुवजनत्रपापारवश्यादंसद्वयलग्नाग्रस्वस्तिकीकृतभुजलतायुगलेन तटस्यैवोन्नततया मुहुरामर्शात्। एवं त्वरया सम्यगक्षालनेनोत्तरोष्ठो न निर्मृष्टरागोऽधरस्तु तदपेक्षया गण्डूषजल-रदनशोधनाङ्गुल्यादीनामधिकसंमर्दमावहतीति तथा। किं च सम्यगक्षालनेन नेत्रे जलमात्रसंसर्गाद्दूरमुपरिभाग एवानञ्जने। शीतवशात्तानवाच्च तव तनुः पुलकितेति।' एवं तस्या विदग्धाया गूढतात्पर्यैवोक्तिरुचिता, अन्यथा वैदग्ध्यभङ्गापत्तेः। एवं साधारणेष्वेषु वाक्यार्थेषु मुख्यार्थे बाधाभावात्तात्पर्यार्थस्य झटित्यनाकलनात्कुतोऽत्र लक्षणा-

---

धमत्वमन्यथोपपादयति—परवेदनेत्यादिना। वेदना=वियोगनिमित्तकं दुःखम्। निश्शेषच्युतचन्दनत्वादेः स्तनतटादिगतस्य वापीस्नानसाधारण्यमुपपादयति—वापीगतेत्यादिना। अंशद्वयलग्नेत्यादिप्रतिपादिता वाप्यादिस्नानमुद्रा रमणीषु प्रसिद्धा। आमर्शात्=भूयोभूयो जलस्पर्शात्। तथा=निर्मृष्टरागः। शीतवशादपि कठोरस्य बलवतः शरीरस्य पुलकितत्वं कदाचिन्न भवेदिति तत्र हेत्वन्तरत्वेन तानवं कोमलत्वमप्युपात्तम्—तानवाच्चेति। गूढतात्पर्या=गूढमीषद्गूढं तात्पर्यं व्यङ्ग्यं यस्याः सा तथा। साधारणेषु=वापीस्नानसाधारणेषु। झटिति=वक्त्रादिवैशिष्ट्यावगतेः

अपनी सखी की पीड़ा को नहीं समझती। तूँ तो स्वार्थसिद्धि में हीं लगी हुई है। इसी लिए तो स्नान-वेला कहीं बीत न जाय इस डर से दूरवर्त्ती नदी में स्नान करने नहीं गई बल्कि पास की वापी [तालाब] में हीं स्नान करने यहाँ से चली गई। दूसरों की पीड़ा को न समझने के कारण दुःख देने वाले मेरे उस अधम पति के पास तो गई हीं नहीं। तभी तो तेरे स्तनों के ऊपरी हिस्से से हीं चन्दन पूरी तरह घुल पाया है, तेरे वक्षःस्थल से नहीं, क्योंकि उस वापी में स्नान करते हुए बहुत-से युवकों से लज्जित होने से तूँने बार-बार अपने दोनों हाथों को स्वस्तिक मुद्रा में कन्धों पर रखकर अपने उन्नत स्तनों के ऊपरी हिस्सों को हीं छिपाया होगा। इसी तरह तेरे ऊपरी होंठ की लाली भी धुल न सकी, क्योंकि तूँने लज्जा के कारण जल्दी-जल्दी स्नान करके उसे पूरी तरह धुलाया न होगा। हाँ, तेरे अधर की लाली तो पूरी तरह सही में धुल गई है, क्योंकि स्नान करने के पहले बार-बार कुल्ला करने और दाँत साफ करने से तेरे अधर पर तेरी अङ्गुलियों से खूब रगड़ पड़ी होगी। और भी, अच्छी तरह स्नान [या सफाई] न करने से तेरी आँखों के ऊपरी हिस्से का हीं आँजन कुछ-कुछ घुल पाया है। ठंढ और सुकुमार होने से तेरे शरीर पर अब भी रोमाञ्च है।"

वकाशः ? अनन्तरं च वाच्यार्थप्रतिपत्तेर्वक्तृबोद्धव्यनायकादीनां वैशिष्ट्यस्य प्रतीतौ सत्यामधमपदेन स्वप्रवृत्तिप्रयोजको दुःखदातृत्वरूपो धर्मः साधारणात्मा वाच्यार्थदशायामपराधान्तरनिमित्तकदुःखदातृत्वरूपेण स्थितो व्यञ्जनाव्यापारेण दूतीसंभोगनिमित्तकदुःखदातृत्वाकारेण पर्यवस्यतीत्यालंकारिकसिद्धान्तनिष्कर्षः। एतेन 'अधमत्वमपकृष्टत्वम्, तच्च जात्या कर्मणा वा भवति। तत्र जात्याऽपकर्षं नोत्तमनायिका नायकस्य वक्ति। नापि स्वापराधपर्यवसायिदूतीसंभोगादिहीनकर्मातिरिक्तेन कर्मणा। तादृशं च दूतीसंप्रेषणात्प्राचीनं सोढमेवेति नोद्घाटनार्हमितीतरव्यावृत्त्या संभोगरूपमेव पर्यवस्यति' इति यदुक्तम् तदपि निरस्तम्। विदग्धोत्तमनायिकायाः सखीसमक्षं तदुपभोगरूपस्य स्वनायकापराधस्य स्फुटं प्रकाशयितुमतितमामनौचित्येन प्राचीनानामेव सोढानामप्यपराधानामसह्यतया दूतीं प्रति प्रतिपिपादयिषितत्वादिति दिक् ॥

पूर्वम्। लक्षणाऽवकाश इति। एतेन तदन्तिकमेव गताऽसीत्यस्य लक्ष्यत्वं वदन्तो निराकृताः। स्वप्रवृत्तिः=अधमपदस्य प्रवृत्तिः प्रयोगः। अपराधान्तरमत्र स्वरमणीवियोगवेदनाऽनभिज्ञता। तथा च वियोगवेदनाऽनभिज्ञतानिमित्तकदुःखदातृत्वेनाऽधमत्वं वाच्यम् इत्यर्थः। अनौचित्येनेति। नानानिमित्तकस्याप्यधमत्वस्य विशेषणवाक्यार्थमहिम्ना दूतीसम्भोगनिमित्तकदुःखदातृत्वनिमित्तकत्वेन रूपेण नियन्त्रितत्वाद्व्यङ्ग्यस्य वाच्यत्वापत्तिरपि दूषणान्तरं दीक्षितमते बोध्यम्। अयमेव दिगर्थोऽत्र ॥

एक विदग्ध नायिका द्वारा ऐसा हीं वक्तव्य देना उचित है जिसका तात्पर्य पूरी तरह स्पष्ट या नितान्त अस्पष्ट न हो। नहीं तो उसकी विदग्धता हीं नष्ट हो जायेगी। इस प्रकार विशेषणवाक्यार्थों के सम्भोग एवं वापी-स्नान इन दोनों से समानरूप से सम्बद्ध होने के कारण उनका अन्वय वाच्य वापी-स्नान के साथ आपाततः हो हीं रहा है। तात्पर्यार्थ का बोध तो वक्तृबोद्धव्य आदि के वैशिष्ट्य का अवगम होने से पूर्व हो नहीं सकता। अतः वाच्यार्थ के बोध के समय तात्पर्यानुपपत्तिस्वरूप लक्षणा-बीज भी नहीं है। अतः लक्षणा से 'सम्भोग के लिए नायक के पास जाने' की प्रतीति का कोई प्रश्न हीं नहीं उठता। पहले तो वाच्यार्थ के आधार पर हीं वाक्यार्थबोध हो जाता। किन्तु जब वक्तृ-बोद्धव्य-वैशिष्ट्य की प्रतीति हो जाती तब 'मेरी प्रचण्ड विरहवेदना को न समझने के कारण नीच' यह अधम पद का वाच्यार्थ हीं व्यञ्जनाव्यापार द्वारा 'प्राचीन अपराधों से अतिरिक्त किसी उत्कट अपराध करने,' अर्थात् 'दूतीससम्भोग स्वरूप अपराध द्वारा दुःख देने से नीच' इस रूप में प्रतिफलित हो जाता है।

यत्र व्यङ्ग्यमप्रधानमेव सच्चमत्कारकारणं तद्द्वितीयम् ॥

वाच्यापेक्षया प्रधानीभूतं व्यङ्ग्यान्तरमादाय गुणीभूतं व्यङ्ग्यमादाया-

---

क्रमप्राप्तमुत्तमकाव्यं लक्षयति—यत्रेत्यादिना ।

अवधारणप्रयोजनमाह—वाच्येत्यादिना । पराभिमतेऽपराङ्गे 'अयं स रशनोत्कर्षी' इत्यादौ व्यङ्ग्यस्य रत्यात्मकस्य शृङ्गारस्य वाच्यार्थापेक्षया प्रधानत्वेऽपि व्यङ्ग्यान्तरकरुणाऽपेक्षयाऽप्रधानत्वमिति न तच्छृङ्गारमादाय तत्रोत्तमकाव्यलक्षणाऽतिव्याप्तिरित्याशयः । तेन तस्य=पराभिमताऽपराङ्गस्य ध्वनित्वमेव । यद्यपि काव्यप्रकाशकारादिमते चमत्कारातिशयजनकस्यैव प्राधान्यं सिध्यति तथापि पण्डितराजमते उपपाद्यत्वस्यैव तत्त्वमित्यावेदितपूर्वम् । अतश्च पराभिमतेऽपराङ्गे नागेशादिमते वाच्यस्यैव शृङ्गारापेक्षयाऽतिशयचमत्कारवत्त्वेऽपि न तत्र वाच्यस्य प्राधान्यम्, उपपादकत्वात्तस्य । यत्र पुनर्व्यङ्ग्यस्योपपाद्यत्वेन प्रधानत्वेऽपि चमत्कारजनकत्वं वाच्यार्थस्यैव तत्र पण्डितराजमते मध्यमकाव्यत्वमेव । इदन्तु बोध्यम्—पण्डितराजमते यावन्मात्रं विवक्षितं तन्मात्रेणैव प्राधान्याऽप्राधान्यव्यवस्था,

---

उपर्युक्त रीति से अप्पय्य दीक्षित का निम्नलिखित कथन भी निरस्त हो जाता है—

"अधमत्व, अर्थात् नीचता दो कारणों से सम्भव है—जाति से अथवा कर्म से। यहाँ नायक की जातिगत नीचता का प्रतिपादन तो विदग्ध नायिका कर नहीं सकती। साथ हीं, दूतीसम्भोगात्मक अपराध जैसे हीन कर्म से भिन्न किसी पूर्व कुकर्म के कारण भी वह नायक की नीचता नहीं बतला सकती, क्योंकि वैसे सभी पूर्वकृत कुकर्मों को तो वह सह चुकी है, अब उनके उद्घाटन का कोई प्रयोजन नहीं है। यदि वे कुकर्म नायिका को असह्य होते तो वह नायक के पास अब दूती को भेजती हीं क्यों ? अतः जाति या प्राचीन कुकर्मों के अधमत्व का प्रयोजक न होने से अन्ततोगत्वा दूतीसम्भोगस्वरूप कुकर्म या अपराध हीं उस का प्रयोजक सिद्ध होता है।"

इस कथन के निरस्त हो जाने का कारण यह है कि कोई भी अत्यन्त विदग्ध नायिका अपनी सखी [दूती] के समक्ष तो उसी के साथ अपने पति के सम्भोग की बात स्पष्ट रूप में कह नहीं सकती, क्योंकि उसके लिए ऐसा कहना अत्यन्त गर्हित होगा। वह तो उसके समक्ष व्यक्त रूप में प्राचीन अपराधों को हीं असह्य बताकर अपना उत्कट आक्रोश चतुराई से अभिव्यक्त करना चाहेगी। अतः दीक्षित का मत अयुक्त है ॥

जिस काव्य में व्यङ्ग्यार्थ अप्रधान होकर हीं चमत्कारातिशयजनक हो उसे द्वितीय, अर्थात् उत्तम काव्य कहते हैं ॥

इस लक्षण में व्यङ्ग्यार्थ के विषय में 'अप्रधान होकर हीं' यह अप्रधानता का

तिव्याप्तिवारणायावधारणम् । तेन तस्य ध्वनित्वमेव । लीनव्यङ्ग्यवाच्य-

---

न त्वविवक्षितयत्किञ्चिदादाय । अत एव 'निश्शेषच्युतचन्दनम्' इत्यादौ दूतीसम्भोगेन विप्रलम्भशृङ्गारस्य व्यङ्ग्यत्वेऽपि न दूतीसम्भोगस्य प्राधान्यं हीयते, विप्रलम्भस्याऽविवक्षितत्वात् । इतरथोत्तमोत्तमत्वस्य निर्विषयत्वापत्तिः । एवकारव्यावर्त्यस्याऽपराङ्गस्य ध्वनित्ववर्णनेन चान्तरालिकव्यङ्ग्यमादाय पण्डितराजमते नोत्तमत्वादिव्यवहार इत्यपि सूच्यते । अतः 'अयं स रशनोत्कर्षी' इत्यादौ यच्छृङ्गारमादाय गुणीभूतव्यङ्ग्यत्वमुक्तं पूर्वं तन्मतान्तराऽभिप्रायेण । पण्डितराजमते तु पार्यन्तिकव्यङ्ग्यं करुणमादायैव व्यवस्थेति तस्योत्तमोत्तमत्वमेवेति । अथवोत्तमोत्तमकाव्ये व्यङ्ग्यस्य प्रधानत्वेऽवधारणाभावात् पार्यन्तिकव्यङ्ग्यापेक्षयाऽप्रधानत्वेऽपि वाच्यापेक्षया शृङ्गारस्य रत्यात्मकस्य प्राधान्येन बहूनां प्रकाशटीकाराणां मते चमत्कारित्वेन च तमादायैव ध्वनित्वमस्य निर्वाह्यम् । 'उअ णिच्चलणिप्पन्दा' इत्यादेरपि प्रकृतैवकारव्यावर्त्यत्वमस्येव । अत ईदृशस्याप्युत्तमोत्तमत्वं निर्व्यूढम् । लीनव्यङ्ग्य इत्यादि । लीनमस्फुटं व्यङ्ग्यं यत्र तादृशे वाच्यचित्र इत्यर्थः । यद्वा

अवधारण किया गया है जिससे यह स्पष्ट है कि उसे सर्वथा अप्रधान हीं होना चाहिए, किसी की भी अपेक्षा प्रधान नहीं । इसी लिए जहाँ एक व्यङ्ग्यार्थ अन्य व्यङ्ग्यार्थ की अपेक्षा अप्रधान हो उसे उत्तम काव्य नहीं कहाँ जा सकता । वह तो अन्तिम चमत्कारजनक व्यङ्ग्यार्थ के आधार पर उत्तमोत्तम काव्य ही होगा जिसे ध्वनिकाव्य भी कहा जाता है । अतः उक्त अवधारण के विना उसमें उत्तम काव्य के लक्षण की अतिव्याप्ति अपरिहार्य हो जाती, क्योंकि वहाँ भी पूर्व व्यङ्ग्यार्थ अन्तिम व्यङ्ग्यार्थ की अपेक्षा अप्रधान है हीं । इस तरह के ध्वनिकाव्य का एक उदाहरण काव्यप्रकाश आदि में दिया हुआ 'अपराङ्ग' का उदाहरण है—

अयं स रशनोत्कर्षी पीनस्तनविमर्दनः ।
नाभ्यूरुजघनस्पर्शी नीवीविस्रंसनः करः ॥

भूरिस्रवा की कटी हुई बाँह को देखकर विलाप करती हुई उसकी पत्नी की यह उक्ति है । इसमे पूर्वकालिक रशनाकर्षण आदि शृंगार-विलासों से व्यङ्ग्य शृंगार (=रति) प्रधानीभूत करुण की अपेक्षा गुणीभूत होकर भी वाच्यार्थ की अपेक्षा प्रधान है । अतः शृंगारस्वरूप व्यङ्ग्य को लेकर इसे उत्तम काव्य नहीं कहा जा सकता । यह तो करुणस्वरूप मुख्य व्यङ्ग्य के आधार पर ध्वनिकाव्य हीं है । पण्डितराज के मत मे अन्त्य व्यङ्ग्य के आधार पर हीं उत्तमोत्तमत्वादि की व्यवस्था होती है, आन्तरालिक व्यङ्ग्य के आधार पर नहीं । यह विषय संस्कृत टीका में स्पष्ट किया गया है । इसी अवधारण से 'उअ णिच्चलणिप्पन्दा' आदि ध्वनिकाव्य

अस्फुटव्यङ्ग्ये वाच्यचित्रे चेति । व्यङ्ग्यस्याऽस्फुटत्वादेव च तत्र चमत्काराऽभावः ।

काव्यप्रकाशोक्तं गुणीभूतव्यङ्ग्यमेवात्रोत्तमं काव्यमिति टीकाकाराः । वयन्त्ववगच्छामः—पण्डितराजलक्षणे व्यङ्ग्यस्याऽप्रधानत्वेऽपि वाच्यार्थाऽपेक्षयाऽतिशयचमत्कारित्वं यत्र तस्यैवोत्तमत्वमभिप्रेतम् । अत एव समप्राधान्ये मध्यमकाव्यत्वोक्तिरपि संगच्छते । प्रकाशादौ पुनरतिशयचमत्कारजनकत्वं व्यङ्ग्यस्य गुणीभूतव्यङ्ग्येषु न सम्भवत्येव । अत उभयोस्तमःप्रकाशवद्भेदः । किञ्चाऽसुन्दरव्यङ्ग्यादौ चमत्कारो नास्त्येव व्यङ्ग्यस्येति कथं तस्योत्तमत्वं पण्डितराजमते ? अतो यत्र प्रकाशाद्यभिमतगुणीभूतेषु व्यङ्ग्यस्य सहृदयावर्जकत्वं प्रतीतिबलादायातं प्रधानत्वं तु वक्तृतात्पर्यमुख्यविषयत्वाभावेन न विद्यते तेषामेवात्रोत्तमत्वमिति । अयं च भेदो वस्तुतः प्रधानत्वस्वरूपविषयकभेदाश्रयः । प्रधानत्वं पण्डितराजमत उपपादकत्वाऽसमानाधिकरणमुपपाद्यत्वं वक्तृतात्पर्यमुख्यविशेष्यतारूपं वैवक्षिकमिति पूर्वमस्माभिरुक्तमेव । तथा च पण्डितराजाभिमतप्राधान्याभावादुत्तमे व्यङ्ग्यस्यैतन्मतेऽपि गुणीभूतव्यङ्ग्यत्वं सुघटम् । परं यद् गुणीभूतव्यङ्ग्यशब्देन प्रकाशादिष्वभिप्रेतं न तदत्र, शब्दसाम्यं नाऽर्थसाम्यमिति विवेकः । अधिकं विज्ञैर्विवेचनीयम् ।

एतावता पण्डितराजाभिमतगुणीभूतव्यङ्ग्यशब्दार्थनिर्णयाद् यद् गुणीभूतव्यङ्ग्यं काव्यप्रकाशे 'अतादृशि गुणीभूतव्यङ्ग्यं व्यङ्ग्ये तु मध्यमम्' इति लक्षितम् तन्निरस्तं वेदितव्यम्, तस्याऽशब्दार्थत्वात् । किञ्च तदीयाधमकाव्ये अर्थचित्रे व्यङ्ग्यस्य वाच्याऽपेक्षयाऽतिशायित्वाभावात्तदीयगुणीभूतव्यङ्ग्यलक्षणस्याऽतिव्याप्तिरपीत्यतोऽपि हेयं तल्लक्षणम् । यत्पुनस्तट्टीकाकारैरेतदतिव्याप्तिवारणायैतल्लक्षणे

में भी अतिव्याप्ति का निराकरण समझना चाहिए । जिस वाच्यचित्र काव्य में व्यङ्ग्यार्थ रहकर भी अत्यन्त अस्पष्ट रहने से चमत्कारजनक नहीं होता उसमें उत्तमकाव्य के लक्षण की अतिव्याप्ति को रोकने के लिए व्यङ्ग्यार्थ को 'चमत्कारजनक' कहा गया है । इसी काव्य को वास्तविक 'गुणीभूतव्यङ्ग्य' समझना चाहिए । जो आचार्य अतिशयचमत्कारजनक अर्थ को हीं प्रधान मानते तथा काव्य के तीन हीं भेद—उत्तम, मध्यम और अधम स्वीकार करते उनके मत में पण्डितराजसम्मत उत्तम काव्य भी ध्वनिकाव्य हीं है ।

काव्यप्रकाशकार ने व्यङ्ग्यार्थ के वाच्यार्थ से अल्पचमत्कारजनक होने पर काव्य को 'गुणीभूतव्यङ्ग्य' कहा है । किन्तु वाच्यचित्र काव्य में इस लक्षण की अतिव्याप्ति स्पष्ट है, क्योंकि उसमें व्यङ्ग्यार्थ वाच्यार्थ से अधिक चमत्कार को उत्पन्न न करने से उनके मत में गुणीभूत है हो । उनके कुछ टीकाकार इस अतिव्याप्ति

चित्रातिप्रसङ्गवारणाय चमत्कारेत्यादि। यत्तु 'अतादृशि गुणीभूतव्यङ्ग्यम्' इत्यादिकाव्यप्रकाशगतलक्षणे चित्रान्यत्वं टीकाकारैर्दत्तम्, तन्न। पर्यायोक्तिसमासोक्त्यादिप्रधानकाव्येष्वव्याप्त्यापत्तेः। तेषां गुणीभूतव्यङ्ग्यतायाश्चित्रतायाश्च सर्वालंकारिकसंमतत्वात्।

उदाहरणम्—

राघविरहज्वालासंतापितसह्यशैलशिखरेषु।
शिशिरे सुखं शयानाः कपयः कुप्यन्ति पवनतनयाय॥ इति।

अत्र जानकीकुशलावेदनेन राघवः शिशिरीकृत इति व्यङ्ग्यमाकस्मिक-

चित्रान्यत्वे सतीति विशेषणं प्रक्षिप्तं तदप्यसमञ्जसमित्याह—तन्नेत्यादिना। एतत्तु प्रतीयते यदत्रत्यो गङ्गाधरग्रन्थः शब्दसाम्याल्लेखकेनांशतोऽपरामृष्टः। मूलं त्वित्थं सम्भाव्यते—"यत्तु 'अतादृशि गुणीभूतव्यङ्ग्यम्' इति काव्यप्रकाशगतं लक्षणं तदयुक्तम्, अर्थचित्रेऽतिव्याप्तेः। यत्तु लक्षणे चित्रान्यत्वं .....।" इति।

राघवविरहेत्यादिपद्ये सह्य इति शैलनाम। पदार्थः स्पष्टः। व्यङ्ग्यम्=जानकीकुशलावेदनम्। आकस्मिकेत्यस्यानुक्तहेतुकेत्यर्थः। कामपि=वाच्यार्थातिशायिनीम्। अत्र च व्यङ्ग्यस्यातिशयचमत्कारित्वेऽपि कुप्यन्तीतिपदवाच्यकोपसाधकतया अप्राधान्यमिति भवत्युत्तमत्वमस्येति सन्दर्भार्थः।

प्रागुक्तम्='तत्पगताऽपि च सुतनुः' इत्यत्र वर्णितम्। व्यङ्ग्येनैव=रत्याख्यस्थायिनैव। अतश्च तस्याप्युत्तमत्वं युक्तं न तूत्तमोत्तमत्वमित्याशङ्कार्थः। तत्र वाच्यस्य व्यङ्ग्यातिरिक्तेनाप्युपपत्तौ सहृदयाह्लादजनकस्य व्यङ्ग्यस्य न वाच्या-

---

का निराकरण करने के लिए इस लक्षण में 'चित्रान्यत्वे सति' (अर्थात् उसे चित्र काव्य से भिन्न भी होना चाहिए) यह विशेषण जोड़ते, परन्तु इससे भी निर्वाह नहीं होता, क्योंकि तब तो पर्यायोक्ति आदि अलङ्कारों से हीं प्रधान रूप मे घटित काव्य को, जिसे सब आचार्य गुणीभूतव्यङ्ग्य होने के साथ-साथ चित्र काव्य भी मानते, गुणीभूतव्यङ्ग्य काव्य कहना सम्भव न हो सकेगा। अतः उक्त विशेषण जोड़ने पर भी उनका लक्षण अव्याप्तिदोषग्रस्त होगा। अत एव यह लक्षण असंगत है।

उत्तम काव्य का उदाहरण यह है—

"रामचन्द्र के जानकीविरहाग्नि की ज्वालाओं से सन्तप्त सह्य-नामक पर्वत के शिखरों पर शिशिर ऋतु में आराम से सोये हुए बन्दर पवनपुत्र हनूमान् (जिन्होंने जानकी की सूचना देकर रामचन्द्र के विरहाग्नि को घटा दिया) पर क्रुद्ध हो उठे॥"

इस पद्य में बन्दरों द्वारा हनूमान् पर किए गए क्रोध का कारण, जो वाच्यार्थ से स्पष्ट न हो रहा था, यह व्यङ्ग्यार्थ है कि उसने (हनूमान् ने) जानकी का कुशल-समाचार रामचन्द्र को बतला कर उनके विरहानल के ताप को शान्त (शीतल)

कपिकर्तृक-हनूमद्विषयककोपोपपादकतया गुणीभूतमपि दुर्दैववशतो दास्य-मनुभवद्राजकलत्रमिव कामपि कमनीयतामावहति। नन्वेवं प्रागुक्तमाक्षेप्-गतं मान्द्यमपि नववधूप्रकृतिविरोधादनुपपद्यमानं व्यङ्ग्येनैवोपपाद्यत इति कथमुत्तमोत्तमता तस्य काव्यस्येति चेत् ? न। यतो ह्यनुदिनसख्यु-पदेशादिभिरनतिचमत्कारिभिरप्युपपद्यमानं मान्द्यमिदं प्रथमचित्तचुम्बिनीं विप्रलम्भरतिमप्रकाशयन्न प्रभवति स्वातन्त्र्येण परनिर्वृतिचर्वणागोचरता-माधातुम्। इत्थमेव निश्शेषच्युतचन्दनमित्यादिपद्येष्वधमत्वादीनि

ऽपेक्षमप्रधानत्वम्, प्रकृते पुनर्वाच्यस्य कोपस्य व्यङ्ग्यातिरिक्तकारणेनानुपपत्तौ भवति व्यङ्ग्यस्य वाच्याङ्गत्वमिति नानयोः साम्यमित्याशयेनोत्तरति—यत इत्यादिना। व्यङ्ग्यविप्रलम्भरत्यपेक्षया न्यूनचमत्कारजनकत्वेन सख्युपदेशादेरनतिचमत्कारि-त्वमुक्तम्। सहृदयहृदये चमत्कारजनकार्थ एव प्रथमं भासत इति विप्रलम्भरतिरेव तत्राऽऽक्षेपगतमान्द्यकारणत्वेन प्रथमं विषयीभवतीत्यतः प्रथमचित्तचुम्बिनीमिति विशेषणं प्रदत्तं प्रकृते विप्रलम्भरतेः। परा या निर्वृतिरानन्दः तस्य या चर्वणा आस्वादस्तद्गोचरतां तद्विषयतामित्यर्थः। 'तल्पगताऽपि' इत्यत्रोक्तं न्याय 'निश्शेष-

---

कर दिया। यह व्यङ्ग्यार्थ यद्यपि वाच्य कपिनिष्ठ क्रोध का गुणीभूत अवश्य है, क्योंकि वाच्य क्रोध की इसके विना उपपत्ति न होने से यही उसका उपपादक (अत एव अप्रधान) है तथापि चमत्कारजनकता तो इसमे उसी प्रकार विद्यमान है जैसे दुर्भाग्यवश दासी का स्थान प्राप्त करने वाली रानी में सौन्दर्य अक्षुण्ण बना हीं रहता है। अतः इस पद्य में व्यङ्ग्य के वाच्यसिद्धयङ्गभूत होने पर भी चमत्कारा-तिशयजनक होने से इसमें उत्तमकाव्यत्व उपपन्न है।

तो फिर 'तल्पगताऽपि च सुतनुः' इस पूर्वोदाहृत पद्य में भी प्रिय के करकमल को हँटाने में जो प्रियतमाकी मन्दता कही गई है वह भी नवोढ़ा के स्वभाव से विरुद्ध होने से स्वतः अनुपपन्न है; ऐसी स्थिति में उक्त व्यङ्ग्यार्थ—संलक्ष्यक्रम रति के भी वाच्य मन्दता का उपपादक होने उसे कैसे उत्तमोत्तम काव्य (अर्थात् वहाँ भी व्यङ्ग्य के वाच्यसिद्ध्यङ्ग होने से उत्तम काव्य क्यों नहीं) कहा गया है ? यहाँ वाच्य मन्दता तो प्रकरण से अविरुद्ध जो सखियों के उपदेश आदि हैं (कि प्रियतम के साथ कठोर व्यवहार कभी नहीं करना चाहिए) उनसे भी उपपन्न है हीं। अतः वाच्यार्थबोध के पश्चात् सहृदयों को शीघ्र हीं प्रतीत होने वाला व्यङ्ग्यभूत विप्रलम्भशृंगार वाच्यार्थ का उपपादक न होने से गुणीभूत नहीं है। किन्तु अतिशय चमत्कार का जनक तो यह है हीं, क्योंकि यही सहृदयों को वाच्यार्थबोध के बाद झट से प्रतीत होता और इसकी प्रतीति के विना

वाच्यानि व्यङ्ग्यातिरिक्तेनार्थेनापाततो निष्पन्नशरीराणि व्यञ्जकानीति न तत्रापि गुणीभावः शङ्कनीयः। अनयोर्भेदयोरनपह्नवनीयचमत्कारयोरपि

च्युतचन्दनम्' इत्यत्रापि योजयति—इत्थमेवेत्यादिना। व्यङ्ग्यातिरिक्तार्थेन = परवेदनानभिज्ञतारूपेणार्थेन। आपातत इति व्यङ्ग्यातिरिक्तार्थस्याधमत्वोपपादकत्वं वक्तृतात्पर्याऽविषयीभूतमित्याशयेनोक्तम्। उत्तमोत्तमोत्तमयोर्व्यङ्ग्यस्य चमत्कारातिशयवत्त्वेऽपि को भेद इत्याह—अनयोरित्यादिना।

अत्रेदं चिन्त्यम्—वक्तृतात्पर्यविषयीभूतस्यैव व्यङ्ग्यस्य प्राधान्याऽप्राधान्यनिरूपणं प्रकृतोपयोगि न वेति। तत्रान्त्यः पक्षो न शोभते, एवं हि सति 'निश्शेषच्युतचन्दनम्' इत्यादावपि दूतीसंभोगस्वरूपस्य व्यङ्ग्यस्य विप्रलम्भशृंगारात्मकव्यङ्ग्यान्तराङ्गत्वेनाऽप्राधान्यादुत्तमोत्तमत्वव्याघातः। अतो वक्तृतात्पर्यविषयीभूतव्यङ्ग्यस्यैव यथायथं प्राधान्याऽप्राधान्यनिरूपणं करणीयम्। तात्पर्यनिर्णयश्च प्रकरणादिना प्रसिद्ध एव। अतश्च गतोऽस्तमर्क इत्यादेरपि व्यङ्ग्यः स एवार्थो यो वक्तृबोद्धव्यानुरूपः। अन्ये त्वर्था बोद्धव्यान्तरबोधविषयास्तद्व्यञ्जकवाक्यसाम्यप्रयुक्तप्रकृतवाक्याऽभेदभ्रमेण। कारणस्य भ्रान्तत्वेऽपि फलस्य भ्रान्तत्वं न नियतम्। यद्वाऽर्थान्तरबोधोऽनुमानेनैव सुकरः। तदेवं वक्तृतात्पर्यविषयीभूतस्यैव व्यङ्ग्यस्य काव्यार्थपर्यालोचनायां परिग्रहे सिद्धे यथा 'निश्शेषच्युतचन्दनम्' इत्यादौ दूतीसम्भोगस्यैवान्ततोऽधमत्वहेतुत्वं व्यवस्थितं तथैव 'राघवविरह·····' इत्यादिपद्येऽपि जानकीकुशलावेदनस्यैवान्ततो वक्तृतात्पर्यविषयतया वाच्यकोपहेतुत्वम्। ततश्च यद्यपि जानकीकुशलावेदनमिव दूतीसम्भोगादेरप्यधमत्वहेतुत्वेनाधमत्वोपपादकत्वमेव न तु तदुपपाद्यत्वमिति तत्रापि पूर्वोक्तोपपादकत्वाऽसमानाधिकरणोपपाद्यत्वं प्राधान्यं न सम्भवति तथाऽपि 'बान्धवजनस्याज्ञातपीडागमे' इत्यनेनापाततः प्रतीयमानेन प्रकरणाद्यविरुद्धेन विरहवेदनानभिज्ञत्वरूपेणार्थान्तरेणाधमत्वप्रतीत्या वाक्यार्थविश्रान्तेः पश्चाद् वक्त्रादिवैशिष्ट्येन प्रतीतस्य दूतीसम्भोगस्याधमत्वज्ञाप्यत्वादुपपाद्यत्वमक्षतम्। एवमेव 'तत्पगताऽपि च सुतनुः' इत्यत्रापि योज्यम्। 'राघवविरहज्वाला' इत्यादौ तु कोपस्य यद्यपि विलम्बातिशयादिनाप्युपपत्तिः सम्भवति तथापि तस्य प्रकरणादिविरुद्धत्वेन न कोपोपपादकत्वं येन जानकीकुशलावेदनस्य दूतीसम्भोगादिवदुपपाद्यत्वं

परमानन्द का अनुभव भी हो नहीं सकता। अतः इसे उत्तमोत्तम काव्य माना गया है, उत्तम काव्य नहीं। इसी प्रकार 'निश्शेषच्युतचन्दनम्' आदि पद्य में भी नायक का अधमत्व और स्तनतट का पूरी तरह चन्दनरहित हो जाना आदि वाच्यार्थ के प्रकरणाद्यविरुद्ध वियोगवेदनानभिज्ञता और गीले वस्त्र से पोंछने आदि से हीं उपपन्न हो जाने से वहाँ भी अधमत्वादि दूतीसम्भोगादि के व्यञ्जक हीं हैं, न कि उनके उपपादक। अतः उक्त पद्य में भी व्यङ्ग्य को वाच्यसिद्धि का अङ्ग—गुणीभूत

प्राधान्याऽप्राधान्याभ्यामस्ति कश्चित्सहृदयवेद्यो विशेषः ।
यत्तु चित्रमीमांसाकृतोक्तम्—

"प्रहरविरतौ मध्ये वाऽह्नस्ततोऽपि परेण वा
किमुत सकले याते वाऽह्नि प्रिय त्वमिहैष्यसि ।
इति दिनशतप्राप्यं देशं प्रियस्य यियासतो
हरति गमनं बालाऽऽलापैः सबाष्पगलज्जलैः ॥ इति ॥

स्यात्, अपि तु प्रकरणाऽविरुद्धेन जानकीकुशलावेदनेनैव वाच्यकोपोपपत्तौ सत्यां वाक्यार्थविश्रान्तिरिति न तस्य कोपोपपाद्यतेति न प्राधान्यमपीति नात्र ध्वनित्वम्, अपि तु वाच्यसिद्ध्यङ्गत्वमेव । । तथा च यत्र काव्ये वाच्यस्य प्रकरणाद्यविरुद्धेन व्यङ्ग्यातिरिक्तेनार्थेनोपपत्त्या वाक्यार्थविश्रान्तिरनन्तरं च वक्त्रादिवैशिष्ट्यादर्थान्तरव्यक्तिस्स ध्वनेर्विषयः, यत्र पुनर्वाच्यस्य प्रकरणाद्यविरुद्धव्यङ्ग्यातिरिक्तार्थनिमित्तोपपाद्यत्वाऽभावस्स सति व्यङ्ग्यस्य चमत्कारित्वे द्वितीयस्योत्तमकाव्यलक्षणस्य विषय इति सारम् । तदिदमुक्तम्—अस्ति कश्चित् सहृदयवेद्यो विशेष इति ।

प्रहरविरतावित्यादि । अतिदूरं जिगमिषुं प्रियं दिनमात्रमपि तद्वियोगसहनाऽसमर्था प्रियतमा कथयति—हे प्रिय ! 'अह्नो दिवसस्य प्रहरमात्रापगमे सति (प्रहरानन्तरमेव), मध्ये = द्वितीयप्रहरे, ततोऽपि परेण = तृतीये प्रहरे वा, किमुत सकलेऽह्नि याते = व्यतीते वा त्वम् इह = मत्सकाशमेष्यसि ?' इति इत्येवंविधैः सबाष्पगलज्जलैरालापैर्बालः दिनशतप्राप्यमसंख्यदिनप्राप्यमतिदूरदेशं यियासतो गन्तुमिच्छतः प्रियतमस्य गमनं हरति = निवारयति—इति पद्यार्थः ।

नहीं माना जा सकता । अत एव यह भी उत्तमोत्तम काव्य है । उत्तमोत्तम और उत्तम भेदों में व्यङ्ग्यार्थ के वाच्यार्थ की अपेक्षा अतिशयचमत्कारजनक होने से साम्य होने पर भी दोनों में यही अन्तर है कि प्रथम में व्यङ्ग्यार्थ प्रधान होता जब कि द्वितीय में अप्रधान । यह सूक्ष्म अन्तर केवल सहृदय समझ सकते हैं, जनसामान्य नहीं ।

चित्रमीमांसाकार ने गुणीभूतव्यङ्ग्य का यह उदाहरण दिया है—

"किसी नवोढ़ा नायिका का प्रियतम इतना दूर जाना चाहता है कि वहाँ पहुचने में हीं महीनों लग जायेंगे । उस समय शीघ्रभावी दीर्घ विरह को सहने में असमर्थ उस झरझराती आँखों वाली नवोढ़ा ने रुँधे गले से अपने प्रियतम से 'क्या तुम एक पहर बीतते हीं मेरे पास लौट आओगे या दूसरे पहर या तीसरे पहर मे या उसके बीत जाने के बाद हीं, शाम में ? ये हृदयस्पर्शी प्रश्न पूछ कर उसकी यात्रा स्थगित कर दी ॥"

अत्र सकलमहः परमावधिस्ततः परं प्राणान्धारयितुं न शक्नोमीति व्यङ्ग्यं प्रियगमननिवारणरूपवाच्यसिद्ध्यङ्गमतो गुणीभूतव्यङ्ग्यम्" इति तन्न। सबाष्पगलज्जलानां प्रहरविरतावित्याद्यालापानामेव प्रियगमननिवारणरूपवाच्यसिद्ध्यङ्गतया व्यङ्ग्यस्य गुणीभावाभावात्। आलापैरिति तृतीयया प्रकृत्यर्थस्य हरणक्रियाकरणतायाः स्फुटं प्रतिपत्तेः। न च व्यङ्ग्यस्यापि वाच्यसिद्ध्यङ्गताऽत्र संभवतीति तथोक्तमिति वाच्यम्, निश्शेषच्युतचन्दनमित्यादाविवाधमत्वरूपवाच्यसिद्ध्यङ्गताया दूतीसंभोगादौ संभवाद्गुणीभावापत्तेः। अस्तु वा ततः परं प्राणान्धारयितुं न शक्नोमीति

अत्र वाच्यैरालापैरेव वाच्यान्तरस्य प्रियगमननिवारणस्योपपत्तौ वाक्यार्थविश्रान्तेः पश्चात् प्रतीयमानं 'सकलमहः परमावधिस्ततः परं प्राणान् धारयितुं न शक्नोमि' इति व्यङ्ग्यं न वाच्यसिद्ध्यङ्गमिति न तदादाय गुणीभूतव्यङ्ग्यत्वोपपादनमुचितं दीक्षितस्येत्याशयेन निरस्यति तन्मतम्—तन्नेत्यादिना। प्रकृत्यर्थस्य = आलापात्मकस्य। व्यङ्ग्यस्याऽपीत्यत्रापिना आलापानामपि संग्रहः। यथा आलापा गमननिवारणसमर्थास्तथैव व्यङ्ग्यमपि तत्समर्थमिति भावः। ननु प्रकृतानामालापानां प्रेमाऽतिशयप्रकाशनमेव फलम्, तथा च कथं गमननिवारणहेतुत्वमित्यतः प्रकारान्तरेण तन्मतं खण्डयति—अस्तु वेत्यादिना। तथा च व्यङ्ग्यभेदेन यद्यपि 'प्रहर-

---

यहाँ 'दिन भर तो मैं तुम्हारे विना जीवित रह सकती, पर उसके बाद नहीं' यही व्यङ्ग्य अर्थ है। यह यात्रानिवारणस्वरूप वाच्यार्थ का उपपादक होने से उसका अङ्ग—अप्रधान है। अतः यह 'गुणीभूतव्यङ्ग्य' है। यही अप्पय्य दीक्षित का मन्तव्य है। किन्तु यह उचित नहीं है, क्योंकि यात्रानिवारणस्वरूप वाच्यार्थ का उपपादक तो 'क्या तुम एक पहर बीतते हीं मेरे पास लौट आओगे' इत्यादि वाच्यार्थ हीं हैं। अतः यहाँ व्यङ्ग्यार्थ वाच्यार्थोपपादक न होने से गुणीभूत नहीं। 'आलापैः' इस पद में करणार्थक तृतीया विभक्ति से हीं यह स्पष्ट हो जाता कि आलाप यहाँ निवारण का करण है। उक्त व्यङ्ग्य के भी यात्रानिवारणात्मक वाच्यार्थ का उपपादक हो सकने से उसे वाच्यसिद्ध्यङ्ग मान कर 'गुणीभूत' कहना भी उचित नहीं हैं, क्योंकि तब तो उन्होंने जो 'निश्शेषच्युतचन्दनम्' आदि पद्य को ध्वनिकाव्य कहा है वह भी सम्भव न हो सकेगा। कारण यह है कि वहाँ भी दूतीसंभोगादि वाच्यार्थ अधमत्वादि के एक उपपादक हैं, अतः उन्हें भी गुणीभूत कहना होगा। यदि उक्त प्रश्नों को नायक के प्रति नायिका के प्रगाढ़ प्रेम का प्रतिपादक मान लिया जाय तो उपर्युक्त व्यङ्ग्य वाच्यसिद्ध्यङ्ग हो सकता है परन्तु उक्त पद्य को तो गुणीभूतव्यङ्ग्य काव्य कहना उस परिस्थिति में भी सम्भव नहीं है, क्योंकि

व्यङ्ग्यस्य वाच्यसिद्ध्यङ्गतया गुणीभावस्तथापि नायकादेर्विभावस्य बाष्पादेरनुभावस्य चित्तावेगादेश्च संचारिणः संयोगादभिव्यज्यमानेन विप्रलम्भेन ध्वनित्वं को निवारयेत् ॥

यत्र व्यङ्ग्यचमत्काराऽसमानाधिकरणो वाच्यचमत्कारस्तत्तृतीयम् ॥

विरतौ' इत्यादेरुभयं गुणीभूतव्यङ्ग्यत्वं ध्वनित्वं च तथापि वक्तृतात्पर्यविषयीभूतपार्यन्तिकव्यङ्ग्यप्राधान्याऽप्राधान्यनिमित्तक एव ध्वनित्वोत्तमत्वादिव्यवहार इति ध्वनित्वमेवास्योचितमिति पण्डितराजाकूतम् ।

प्रकारोऽयं गुणीभूतव्यङ्ग्योऽपि ध्वनिरूपताम् ।
धत्ते रसादितात्पर्यपर्यालोचनया पुनः ॥

इति स्वीकुर्वन्तः प्राञ्चस्तु यथासम्भवं पार्यन्तिकमान्तरालिकं च व्यङ्ग्यमादाय ध्वनित्वादिव्यवहारं मन्यन्ताम्। किन्तु सम्पूर्णवाक्यार्थपर्यालोचनायां पार्यन्तिकव्यङ्ग्यमादायैव ध्वनित्वादिव्यवहारौचित्यमभिप्रयन्ति गङ्गाधरकृतः । 'ग्रामतरुणम्' इत्यादौ च पार्यन्तिकव्यङ्ग्यं विप्रलम्भात्मकमादाय ध्वनित्वं भवत्येव। ध्वन्यालोकस्य तृतीये 'पत्युः शिरश्चन्द्रकलामनेन' इत्यादौ ध्वनित्वं समुदाहरता वृत्तिकृता स्पष्टीकृतोऽयमर्थः। यदि च 'ग्रामतरुणम्' इत्यादौ गुणीभूतव्यङ्ग्यतैव स्वीकर्त्तव्या तर्हि विप्रलम्भाभासस्याऽविवक्षितत्वमेव कल्प्यम् येन स्वयंकृतसङ्केताऽपि सा न तत्र गतेत्यस्यैव पार्यन्तिकत्वमुपपद्येत । मर्मप्रकाशोक्तिस्तूद्योतोक्तिविरुद्धेत्युपेक्ष्यैवेत्यलम् ॥

यत्रेत्यादि । यत्र=काव्ये । असमानाधिकरण इति । वाच्यचमत्कारापेक्षयोत्कृष्टव्यङ्ग्यचमत्कारो हि सहृदयहृदये प्रायेण भासत इत्युत्कृष्टव्यङ्ग्यचमत्कार-

---

यहाँ विप्रलम्भशृङ्गारध्वनि अनिवार्य है। जब विभाव नायिकादि, अनुभाव बाष्प आदि इसमें निर्दिष्ट हैं और चित्तावेगादि सञ्चारिभाव भी व्यङ्ग्य हैं हीं तब इनके संसर्ग से अभिव्यज्यमान विप्रलम्भशृंगारध्वनि का निवारण कौन कर सकता ? अतः इस पद्य को 'गुणीभूतव्यङ्ग्य' का उदाहरण नहीं माना जा सकता ॥

जिस काव्य में व्यङ्ग्यार्थ के चमत्कार के अधिकरण में वाच्यार्थ का चमत्कार न हो उसे तृतीय, अर्थात् मध्यम काव्य कहते ॥

वाच्यार्थ को व्यङ्ग्यचमत्कार का असमानाधिकरण कहने का तात्पर्य यह है— वाच्यार्थ की अपेक्षा अतिशयचमत्कारजनक व्यङ्ग्यार्थ हीं सहृदयों की आत्मा में स्थान प्राप्त करता है, अल्पचमत्कारजनक अथवा चमत्काराजनक व्यङ्ग्यार्थ नहीं ।

यथा यमुनावर्णने—'तनयमैनाकगवेषणलम्बीकृतजलधिजठरप्रविष्ट-हिमगिरिभुजायमानाया भगवत्या भागीरथ्याः सखी' इति। अत्रोत्प्रेक्षा

स्यापकृष्टवाच्यचमत्कारस्य च सामानाधिकरण्यं प्रसिद्धम्। तथा च यदि व्यङ्ग्यचमत्कारो वाच्यचमत्कारापेक्षयोत्कृष्टो न प्रकाशते तर्हि व्यङ्ग्यचमत्कारो वाच्यचमत्कारसमानाधिकरणो न भवति। एषा च स्थितिर्वाच्यचमत्कारस्य व्यङ्ग्यचमत्कारसमकक्ष्यत्वे तदपेक्षोत्कर्षवत्त्वे चेति बोध्यम्। यद्वा 'व्यङ्ग्यचमत्कारापमानाधिकरणः' इत्येव पाठः। तत्रापमानमधिकरोतीति कर्त्तरि ल्युट्, करणे वा। तथा च यत्र काव्ये वाच्यचमत्कारो व्यङ्ग्यचमत्कारमपमानयति तन्मध्यमम्। अपमानश्च वाच्यचमत्कारकृतस्तस्य व्यङ्ग्यचमत्कारापेक्षयोत्कर्षेण तत्तुल्यकक्ष्यत्वेन चेति पूर्ववदेव व्यवस्था। अत्र वाच्यचमत्कृतेर्विशेष्यतयोपन्यासेऽपि तत्प्राधान्ये नाग्रहः। अत एव समप्राधान्ये मध्यमत्वं वक्ष्यति स्वयमेव। अत एवात्र तस्याः प्राधान्यं साक्षादन्यथा वा नोक्तम्।

तनयमैनाकेत्यादि। मैनाको हिमालयस्य तनयः क्रुद्धेन्द्रकर्तृकपक्षच्छेदनभिया जलधिं प्रविष्ट इति पुराणम्। हिमालयात्प्रभूता गङ्गाऽपि जलधिं प्रविष्टैव। तत्रोत्प्रेक्ष्यते—तनयेत्यादिना। तनयो मैनाकस्तस्य गवेषणाय लम्बीकृता जलधिजठरप्रविष्टा या हिमगिरिभुजा तामिव आचरन्त्या भागीरथ्याः सखीत्यर्थः। पुँल्लिङ्गेन भुजशब्देन विग्रहस्तु न युक्त एव। उत्प्रेक्षा=स्वरूपोत्प्रेक्षा,

---

अतः अतिशयचमत्कारजनक वाच्यार्थ के साथ उक्तविध व्यङ्ग्यार्थ का किसी एक अधिकरण में रहना सम्भव नहीं। इस विषय को इस रूप में भी कहा जा सकता है कि उपर्युक्त वाच्यार्थ और व्यङ्ग्यार्थ विषयता सम्बन्ध से सहृदयों के एक ज्ञान में आश्रित हो नहीं सकते। इससे स्पष्ट है कि मध्यम काव्य में व्यङ्ग्यार्थ वाच्यार्थ से अधिक चमत्कार का जनक नहीं होता, वह या तो समानस्तर के चमत्कार को उत्पन्न कर सकता है या हीन स्तर के चमत्कार को। उक्त रीति से सामानाधिकरण्य तो अल्पचमत्कारजनक अथवा चमत्काराजनक वाच्यार्थ एवम् अतिशयचमत्कारजनक व्यङ्ग्यार्थ का हीं हो सकता। लक्षणवाक्य में वाच्यार्थ का विशेष्य रूप मे निर्देश कर ग्रन्थकार ने यह स्पष्ट कर दिया है कि मध्यम काव्य में वाच्यार्थ हीं चमत्कारजनक होता, व्यङ्ग्यार्थ उससे अधिक चमत्कार का जनक कदापि नहीं होता।

इसका उदाहरण मेरे यमुनावर्णन-नामक काव्य का यह वाक्य है—"यमुना उस भगवती भागीरथी की सखी है जो मानो, हिमालय की वह भुजा है जो उसके (हिमालय के) पुत्र मैनाक को ढूँढ़ने के लिए फैलाई गई और समुद्र के उदर में

वाच्यैव चमत्कृतिहेतुः । श्वैत्यपातालतलचुम्बित्वादीनां चमत्कारो लेशतया सन्नप्युत्प्रेक्षाचमत्कृतिजठरनिलीनो नागरिकेतरनायिकाकल्पित-काश्मीरद्रवाङ्गरागनिगीर्णो निजाङ्गगौरिमेव प्रतीयते । न तादृशोस्ति कोऽपि वाच्यार्थो यो मनागनामृष्टप्रतीयमान एव स्वतो रमणीयतामाधातुं प्रभवति । अनयोरेव द्वितीयतृतीयभेदयोर्जागरूकाजागरूकगुणीभूत-व्यङ्ग्ययोः प्रविष्टं निखिलमलङ्कारप्रधानं काव्यम् ॥

भागीरथीस्वरूपद्रव्ये भुजात्वजात्यवच्छिन्नस्य तादात्म्येनोत्प्रेक्षा । वाच्यैवेति । 'उपमानादाचारे' इति पाणिनिसूत्रविहितस्य क्यङ उत्प्रेक्षावाचकत्वात् । अत्र विशेष उत्प्रेक्षा-निरूपणावसरे वक्ष्यते । ग्रन्थकृताऽपि विस्तरेण तत्रैतद्विषये विवेचितम् । चुम्बित्वा-दीनामिति । व्यङ्ग्यानामितिशेषः । नागरिकेतरेति । ग्राम्येत्यर्थः । एतेन प्रसाधनाऽ-नैपुण्यंतत्प्रयुक्तं चाधिकलेपनं सूच्यते । काश्मीरद्रवः=केसररसः । वाच्यस्य व्यङ्ग्य-संस्पर्शेणैव रमणीयत्वमित्याह— न तादृश इत्यादि । अनयोरेवेत्यादि । द्वितीये काव्यप्रभेदेऽपि व्यङ्ग्यार्थो गुणीभूतः, तृतीयेऽपि तथैव; परं द्वितीये तस्य वाच्यापेक्षया चमत्कारातिशयजनकत्वम्, तृतीये पुनर्न तथा । इदमेव चमत्कारातिशयजनकत्वं व्यङ्ग्यस्य प्रकृते जागरूकत्वम्, तदभावश्चाऽजागरूकत्वम् । द्वितीये जागरूकत्वं गुणीभूतस्य व्यङ्ग्यस्येति पर्यायोक्तिप्रभृत्यलङ्कारप्रधानस्य काव्यस्य समावेशोऽत्रैव, पर्यायोक्त्याद्यलङ्कारेषु व्यङ्ग्यस्य गुणीभूतत्वेऽपि वाच्यापेक्षयाऽतिशयचमत्कारजनक-त्वात् । दीपकाद्यलङ्कारप्रधानस्य तु काव्यस्य तृतीये प्रकारेऽन्तर्भावः, तेष्वलङ्कारेषु गुणीभूतव्यङ्ग्यसत्त्वेपि चमत्कारातिशयजनकत्वाभावादिति ग्रन्थार्थः । अत्र

पैठी हुई है ।" यहाँ 'भुजायमाना' पद में 'उपमानादाचारे' इस पाणिनि-सूत्र के अनुसार विहित 'क्यङ्' प्रत्यय का वाच्य जो भागीरथी में हिमालय की भुजा की उत्प्रेक्षा है वही चमत्कारजनक है । यद्यपि इस उत्प्रेक्षा से भागीरथी की श्वेतता और उत्प्रेक्ष्यमाण भुजा के 'जलधिजठरप्रविष्ट' इस विशेषण के माहात्म्य से उस (भागीरथी) का पाताल में प्रविष्ट होना आदि व्यङ्ग्य अवश्य हैं तथापि इन व्यङ्ग्यों का थोड़ा सा चमत्कार उत्प्रेक्षा के चमत्कारातिशय में उसी तरह विलीन है जिस तरह प्रसाधन की कला से अनभिज्ञ ग्राम्य युवती की गौरिमा (=धवलता) उसके मुखमण्डल पर अत्यधिक मात्रा में लगाए गए केसररस की धवलता में विलीन हो जाती । अतः चमत्कार व्यङ्ग्यार्थ का निगूढ़ तो है, किन्तु इसका यह अर्थ नहीं कि व्यङ्ग्यार्थ का सर्वथा अभाव है, क्योंकि विना उसके सम्पर्क के कोई भी वाच्यार्थ स्वतः चमत्कारजनक हो नहीं सकता । मुख्य रूप में पर्यायोक्ति, समासोक्ति आदि अलङ्कारों से युक्त काव्य का द्वितीय काव्य-प्रभेद (उत्तम) में और दीपकादि

यत्रार्थचमत्कृत्युपस्कृता शब्दचमत्कृतिः प्रधानं तदधमं चतुर्थम् ॥

यथा—

मित्रात्रिपुत्रनेत्राय त्रयीशात्रवशत्रवे ।
गोत्रारिगोत्रजत्राय गोत्रात्रे ते नमो नमः ॥ इति ।

अत्रार्थचमत्कृतिः शब्दचमत्कृतौ लीना । यद्यपि यत्रार्थचमत्कृतिसामान्य-

---

चालङ्कारशब्देनार्थालङ्कार एव गृह्यते, शब्दालङ्कारप्रधानस्य काव्यस्य सत्यामर्थचमत्कृतौ चतुर्थे समावेशस्य वक्ष्यमाणत्वात् ॥

यत्रेत्यादि । यस्मिन् काव्ये वाच्यार्थजन्यचमत्कारपोषिता शब्दजन्यचमत्कृतिः प्रधानं तदधमं चतुर्थं काव्यमित्यक्षरार्थः । वाच्यादेश्चमत्कारजनकत्वं वाच्यार्थादिज्ञानस्य तथात्वादुक्तम् ।

मित्रेत्यादि । मित्रः सूर्यः, अत्रिपुत्रश्चन्द्रः, तौ नेत्रे यस्य तस्मै । त्रयी ऋग्यजुःसामानि तद्विषयं शात्रवं शत्रुत्वं यस्य दैत्यादेस्तस्य शत्रवे शातयित्रे विनाशकाय । गोत्रस्य पर्वतस्य अरेरिन्द्रस्य गोत्रे जाता ये देवास्तेषां त्रो रक्षको यस्तस्मै, गोः पृथिव्या धेनोश्च त्रात्रे रक्षकाय तुभ्यं विष्णवे शिवाय वा नमो नम इति पद्यार्थः ।

लीना = अत्यन्तमस्फुटा । यद्यप्यत्रापि न व्यङ्ग्यरहितत्वम्, व्यङ्ग्यार्थेन मनागपि वाच्यार्थस्य स्पर्शाभावे स्वरूपतस्तस्य चमत्काराऽजनकत्वमित्यनुपदमेव तृतीयकाव्यलक्षणनिरूपणोपसंहारे स्वयमेवोक्तत्वात् तथापि भगवद्विषयभावादेर्व्यङ्ग्यस्य वाच्यचमत्कृतौ (तस्याश्च शब्दचमत्कृतौ) निलीनत्वात् प्रतीतिविषयत्वाभाव इत्यतः सतोऽपि व्यङ्ग्यस्याऽनिर्देशो नानुपपन्न इत्यवधेयम् । चमत्कारमात्रजनकतारहितार्थविशिष्टचमत्कारजनकशब्दघटितयमकबन्धादिवाक्यस्य काव्यपञ्चमभेदत्वेनाधमाऽधमत्वेन लक्षणं कथं न कृतमित्यत्र युक्तिमाह—**यद्यपीत्यादिना ।** तत्र तत्र काव्येषु = किरातार्जुनीयादिषु । अर्थस्यापि चमत्कारजनकत्वे तच्चमत्कारस्य च शब्दचमत्कारो-

---

अलङ्कारों से युक्त काव्य का तृतीय काव्य-प्रभेद (मध्यम) में समावेश हो जाता है । अतः उनके समावेशार्थ किसी स्वतन्त्र काव्य-प्रभेद को मानने की आवश्यकता नहीं हैं ।

जिस काव्य में अर्थचमत्कार से परिपोषित शब्दचमत्कार हीं प्रधान हो उसे चतुर्थ, अर्थात् अधम, काव्य कहते ॥

जैसे—"मित्र (सूर्य) और अत्रि-पुत्र (चन्द्र) जिनके नेत्र हैं, वेदत्रयी के साथ शत्रुता रखने वाले दैत्यादि के जो विघातक हैं और पर्वत के पंखों को काटने वाले इन्द्र के गोत्र में उत्पन्न, अर्थात् देवों, के जो रक्षक हैं उन पृथिवी के अथवा धेनु के पालक भगवान् विष्णु या शिव को मेरा शतशः प्रणाम हो ॥"

शून्या शब्दचमत्कृतिस्तत्पञ्चममधमाधममपि काव्यविधासु गणयितुमुचितम्, यथैकाक्षरपद्यार्धावृत्तियमकपद्मबन्धादि । तथापि रमणीयार्थप्रतिपादकशब्दतारूपकाव्यसामान्यलक्षणानाक्रान्ततया वस्तुतः काव्यत्वाभावेन महाकविभिः प्राचीनपरम्परामनुरुन्धानैस्तत्र तत्र काव्येषु

पस्कारकत्वेऽधमकाव्यत्वम्; शब्दचमत्कारस्यार्थचमत्कारोपस्कारकत्वे तु मध्यमकाव्यत्वम्, व्यङ्ग्यार्थसंस्पर्शमन्तरेण वाच्यार्थस्य चमत्कारजनकत्वाभावात्तत्रापि हीनचमत्कारजनकव्यङ्ग्यार्थसद्भावे तुल्यचमत्कारजनकव्यङ्ग्यार्थसद्भावे वा वाच्यस्य व्यङ्ग्यचमत्काराऽसमानाधिकरणत्वाऽक्षतेरिति वक्ष्यत्यनुपदमेव । सम्प्रति तत्परिगणनाऽभावे हेतुमाह—तथापीत्यादिना । काव्यत्वं सामान्यं व्यापकं काव्यविशेषत्वं च तद्व्याप्यम् । तथा चैकाक्षरादौ पद्येऽर्थस्य रमणीयत्वाभावेन विशेषणाभावप्रयुक्तविशिष्टाभावात्मककाव्यत्वाभावाद् व्यापकनिवृत्तौ व्याप्यनिवृत्तिरिति न्यायेन तत्र काव्यत्वाभाववति काव्यविशेषत्वाभावः सिद्ध इति न पृथग्गणनामर्हतीत्याशयः ।

सम्प्रति मम्मटाद्यभिमतं काव्यप्रकारत्रयमाक्षिपन्नाह—केचिदित्यादि । निराकरणे हेतुमाह—तत्रेत्यादिना । अत्रोक्तेन दोषेण सह व्यङ्ग्यप्राधान्याऽप्राधान्यसद्भावादुत्तमोत्तमोत्तमद्वयभेदास्वीकारोऽपि युक्तिविरुद्धत्वाद् दोषो बोध्यः । 'विनिर्गतम्' इत्यादिपद्यं काव्यप्रकाशेऽर्थचित्रस्योदाहरणम् । पूर्णं पद्यं यथा—

विनिर्गतं मानदमात्ममन्दिराद् भवत्युपश्रुत्य यदृच्छयाऽपि यम् ।
ससम्भ्रमेन्द्रद्रुतपातितार्गला निमीलिताक्षीव भियाऽमरावती ॥ इति ॥

भर्तृमेण्ठविरचिते हयग्रीववधाऽभिधे नाटके हयग्रीववर्णनमिदम् । यं हयग्रीवाभिधं दैत्यं मानदं शत्रूणां मानं द्यति खण्डयतीति मानदस्तमात्मगृहाद् यदृच्छया न त्वमरावतीविजिगीषयाऽपि विनिर्गतं सन्तमुपश्रुत्य कर्णाकर्णिकया श्रुत्वा समम्भ्रमेण सभयेनेन्द्रेण द्रुतं पातिता अर्गला यस्यास्तादृशी अमरावती कपाटद्वयपिधानेन निमीलिताऽक्षीव भवति—इति पद्यार्थः । अत्रोत्प्रेक्षाया एव वाच्यायाः कविसंरम्भगोचरतया व्यङ्ग्योऽपि वीरादिर्लीनो वाच्यचमत्कारे इति भवत्येतदुदाहरणमर्थचित्रा-

---

इस पद्य में अर्थचमत्कार शब्दचमत्कार में विलीन है। इस लिए उपर्युक्त लक्षण के अनुसार यह अधम काव्य है। यद्यपि एकाक्षर पद्य, अर्धावृत्ति यमक से घटित पद्य और पद्मबन्ध आदि वाक्यों को भी, जहाँ अर्थ में कोई भी चमत्कार है हीं नहीं अपितु केवल शब्द में हीं चमत्कार है, स्वतन्त्र काव्यप्रकार के रूप मे परिगणित करना आपाततः उचित प्रतीत होता तथापि वास्तविक रूप में विचार करने पर यह स्पष्ट है कि रमणीय अर्थ के प्रतिपादक न होने से उन्हें जब काव्य कहना हीं सम्भव नहीं तो फिर काव्य-विशेष कैसे कहा जा सकता ? इस

निबद्धमपि नास्माभिर्गणितम्, वस्तुस्थितेरेवानुरोध्यत्वात् ।

केचिदिमानपि चतुरो भेदानगणयन्त उत्तममध्यमाधमभावेन त्रिविधमेव काव्यमाचक्षते । तत्रार्थचित्र-शब्दचित्रयोरविशेषेणाधमत्वमयुक्तं वक्तुम्, तारतम्यस्य स्फुटमुपलब्धेः । को ह्येवं सहृदयः सन् 'विनिर्गतं मानदमात्ममन्दिरात्', 'स च्छिन्नमूलः क्षतजेन रेणुः' इत्यादिभिः काव्यैः 'स्वच्छन्दोच्छलद्' इत्यादीनां पामरश्लाघ्यानामविशेषं ब्रूयात् ? सत्यपि तारतम्ये यद्येक-

---

ऽभिधस्याऽधमकाव्यस्येति तदाशयः । परमत्र हयग्रीवप्रभावातिशयलक्षणस्य व्यङ्ग्यस्य जागरूकतया तस्य च प्राधान्ये ध्वनित्वमप्राधान्ये च परमते गुणीभूतव्यङ्ग्यत्वमेवोचितमिति प्रदीपकृदादिभिर्निर्णीतत्वान्नैतदुदाहरणमुपपन्नमर्थचित्रस्येत्यत्राऽपरितुष्यन् चित्रमीमांसास्थमर्थचित्रोदाहरणमाह—'स च्छिन्नमूलः' इति । रघुवंशेऽजसमरवर्णनमिदम् । पूर्णं पद्यमिदम्—

स च्छिन्नमूलः क्षतजेन रेणुस्तस्योपरिष्टात् पवनाऽवधूतः ।
अङ्गारशेषस्य हुताशनस्य पूर्वोत्थितो धूम इवाऽवभासे ॥ इति ॥

इन्दुमतीमुद्वहन्तमजं यदा तत्पित्रपहृतवैभवत्वात्तेन स्वयम्वरेऽपमानितत्वाच्च राजन्यगणः पथि रुरोधाऽथच तयोस्तुमुलं युद्धं प्रवृत्तं तत्रोत्थितः सान्द्रो रेणुः युद्धक्षतजेन रक्तेनाधस्ताद्रञ्जितः सन् भूमिलग्न उपरिष्टाच्च पवनावधूतः सन् नभसि प्रसृतस्तदा तस्य रेणोर्नभःप्रसृत ऊर्ध्वभागः अङ्गारशेषस्य निर्धूतोल्मुकावशेषस्य हुताशनस्य अग्नेः पूर्वोत्थितो धूम इवाऽवभास इत्यर्थः । अत एव 'धूम' इति कालिदासस्योपनाम प्रसिद्धमिति दिनकरादयः । अत्र रेणौ धूमसम्भावनयेवशब्दवाच्योत्प्रेक्षैव युद्धगतभयानकादिव्यङ्ग्यापेक्षयाऽतिशयेन चमत्कारं जनयतीति हेतोरिदं वाच्यचित्रमर्थचित्रापरपर्यायं परमतेऽधमं स्वमते मध्यमं काव्यमिति भावः । स्वच्छन्दोच्छलदिति । एतच्च पद्यं यथा—

लिए वस्तुस्थिति का अनुसरण करते हुए हमने उन्हें स्वतन्त्र काव्यविधा के रूप में परिगणित नहीं किया है यद्यपि इतना तो सत्य है कि प्राचीनपरम्परा के अनुरोधी कुछ महाकवियों ने अपनी रचनाओं में इनका समावेश अवश्य किया है ।

काव्यप्रकाशकार आदि कुछ आलङ्कारिक काव्य के उपर्युक्त चार प्रकार न मानकर तीन हीं प्रकार मानते—उत्तम (ध्वनि), मध्यम (गुणीभूतव्यङ्ग्य) और अधम (शब्दचित्र और अर्थचित्र) । किन्तु अर्थचित्र एवं शब्दचित्र को समान रूप से एक स्तर का काव्य मानना असंगत है, क्योंकि दोनों में चमत्कारजनकता की दृष्टि से अन्तर स्पष्ट है । क्या ऐसा भी कोई सहृदय मिल सकता जो 'विनिर्गतं मानदमात्ममन्दिरात्' (काव्यप्रकाश) तथा 'स च्छिन्नमूलः क्षतजेन रेणुः' (चित्रमीमांसा) आदि अर्थचित्र काव्यों की 'स्वच्छन्दोच्छलदच्छ···' (काव्यप्रकाश)

भेदत्वं कस्तर्हि ध्वनिगुणीभूतव्यङ्ग्ययोरीषदन्तरयोर्विभिन्नभेदत्वे दुराग्रहः ? यत्र च शब्दार्थचमत्कृत्योरैकाधिकरण्यं तत्र तयोर्गुणप्रधानभावं पर्या-

---

स्वच्छन्दोच्छलदच्छकच्छकुहरच्छातेतराम्बुच्छटा-
मूर्च्छन्मोहमहर्षिहर्षविहितस्नानाऽऽह्निकाऽह्नाय वः ।
भिद्यादुद्यदुदारदर्दुरदरी दीर्णादिरिद्रद्रुम-
द्रोहोद्रेकमहोर्मिमेदुरमदा मन्दाकिनी मन्दताम् ॥ इति ॥

शब्दचित्रस्योदाहरणमिदं काव्यप्रकाशे दत्तम् । अत्र वृत्त्यनुप्रासो नाम शब्दालङ्कारः । शब्दचित्रत्वं तु स्फुटमेवास्य । मन्दाकिनीविषयप्रीतेर्भक्त्यपरपर्यायाया अत्र व्यङ्ग्यत्वेऽपि तस्या अस्फुटतरत्वेन कविविवक्षाऽविषयत्वेन वा न तामादायास्य शब्दचित्रत्वव्याघात इति तदाशयः । तदुक्तमानन्दवर्धनेन—

रसभावादिविषयविवक्षाविरहे सति ।
अलङ्कारनिबन्धो यः स चित्रविषयो मतः ॥ इति ॥

अत्रालङ्कारशब्दोऽर्थालङ्कारस्य शब्दालङ्कारस्य च वाचकः । तथा च रसादिविवक्षाविरहे सत्यर्थालङ्कारयोजनेऽर्थचित्रत्वं शब्दालङ्कारयोजने च शब्दचित्रत्वं तन्मत इति विशेषः । ईषदिति । स्वमताभिप्रायेणैतदुपपद्यते, स्वमते हि ध्वनिगुणीभूतव्यङ्ग्ययोर्व्यङ्ग्यस्य चमत्कारातिशयाधायकत्वे समानेऽपि पूर्वस्मिन् प्राधान्यं तस्य परस्मिंश्चाऽप्राधान्यमित्येवाल्पीयान् भेदः । परमते पुनरन्त्ये चमत्कारातिशयजनकत्वं व्यङ्ग्यस्य नास्तीति महान् भेदोऽनयोरिति स्पष्टम् । तथा च कथं परमतानुसारेणैतदुक्तं युक्तमिति चिन्त्यं सुधीभिः ।

ननु शब्दचित्रस्याऽकाव्यत्वेऽपि उभयचित्रस्य 'वराहः कल्याणं वितरतु स वः

आदि शब्दचित्र के साथ समानता मानता हो ? यदि स्पष्ट तारतम्य रहने पर भी दोनों को एक कोटि में रखा जाय तब ध्वनि एवम् गुणीभूतव्यङ्ग्य को भिन्न-भिन्न कोटि में रखने का दुराग्रह क्यों ? इन दोनों में भी तो इतना ही अन्तर है कि प्रथम में व्यङ्ग्यार्थ प्रधान होता है जब कि द्वितीय में गौण । अतः अर्थचित्र एवं शब्दचित्र को परस्पर-भिन्न कोटियों में रखना हीं उचित है । एवञ्च यदि किसी एक काव्य में अर्थचमत्कार भी हो और शब्दचमत्कार भी तो अर्थचमत्कार के प्रधान सिद्ध होने पर उसे मध्यमकाव्य और शब्दचमत्कार के प्रधान होने पर उसे अधम काव्य कहना चाहिए । यदि दोनों के गुणप्रधानभाव का निर्णय न हो सके तो उसे मध्यम काव्य हीं कहा जाना चाहिए, क्योंकि व्यङ्ग्यार्थ के वाच्यार्थ की अपेक्षा अधिक चमत्कारजनक न होने से उसमें व्यङ्ग्यचमत्काराऽसमानाधिकरण वाच्यचमत्कार माना जा सकता है ।

लोच्य यथालक्षणं व्यवहर्तव्यम् । समप्राधान्ये तु मध्यमतैव ।

यथा—

उल्लासः फुल्लपङ्करुहपटलपतन्मत्तपुष्पंधयानां
निस्तारः शोकदावानलविकलहृदां कोकसीमन्तिनीनाम् ।
उत्पातस्तामसानामुपहतमहसां चक्षुषां पक्षपातः
संघातः कोऽपि धाम्नामयमुदयगिरिप्रान्ततः प्रादुरासीत् ॥

अत्र वृत्त्यनुप्रासप्राचुर्यादोजोगुणप्रकाशकत्वाच्च शब्दस्य प्रसादगुण-

---

की (सम्यक्=) साधारण रूप में (योग=) भावकत्व-व्यापार द्वारा भावना, उससे रस, अर्थात् भोजकत्व व्यापार द्वारा चित्त में हुए सत्त्वगुण के प्रकर्ष से प्रकाशित और रत्यादि से उपहित आत्मस्वरूपानन्द[1], की भोगस्वरूप साक्षात्कार द्वारा निष्पत्ति (स्थाय्युपहित आनन्द को विषय बनाया जाना) होती है। तृतीय मत में विभाव, अनुभाव और व्यभिचारिभावों के संयोग (=भावनाविशेषस्वरूप दोष) से रस, अर्थात् अनिर्वचनीय रत्यादि, की सामाजिक में निष्पत्ति, अर्थात् उत्पत्ति हीं सूत्रार्थ है। विभाव आदि के संयोग—ज्ञान से ज्ञानविशेषस्वरूप रस की निष्पत्ति (उत्पत्ति) होती है—यह चतुर्थमतानुसारी सूत्रार्थ है। पञ्चममत में विभावादि के संयोग (=सम्बन्ध) से सामाजिक में रत्यादि स्वरूप रस की निष्पत्ति—आरोप ही सूत्र का तात्पर्य है। षष्ठमतानुसारिणी व्याख्या यह है कि कृत्रिम होने पर भी नटादि की अभिनयचातुरी से अकृत्रिम रूप में समझे जाने वाले विभाव आदि के साथ रत्यादि का संयोग=अनुमान=व्याप्ति सम्बन्ध होने से व्याप्य विभावादि के द्वारा नट में सामाजिक को व्यापकीभूत रत्यादिस्वरूप रस की निष्पत्ति, अर्थात् अनुमिति, होती है। सप्तम मत के अनुसार भरत के रससूत्र का यह अर्थ है—विभाव, अनुभाव और व्यभिचारिभाव के संयोग=समुदाय के कारण हीं रसनिष्पत्ति, अर्थात् समुदित रूप में इनके लिए रस-पद का प्रयोग होता।

---

१. यद्यपि भट्टनायक के मत में चित्तसत्त्वगत आनन्द की हीं प्रतीति माननी चाहिए तथापि वास्तविक आनन्द के आत्मस्वरूपभूत होने से आत्मानन्द कहा है पण्डितराजने।

पर्यवसितस्त्रिषु मतेषु सूत्रविरोधः। विभावानुभावव्यभिचारिणामेकस्य तु रसान्तरसाधारणतया नियतरसव्यञ्जकतानुपपत्तेः सूत्रे मिलितानामुपादानम्।

एवं च प्रामाणिके मिलितानां व्यञ्जकत्वे यत्र क्वचिदेकस्मादेवासाधारणाद्रसोद्बोधस्तत्रेतरद्वयमाक्षेप्यम्। अतो नानैकान्तिकत्वम्। इत्थं

अन्त्येषु त्रिषु पक्षेषु 'भाव्यभानो विभाव एव रसः' इत्यादिषु। **रसान्तरसाधारणतयेति**। अत्र काव्यप्रकाश उक्तम्—'व्याघ्रादयो विभावा भयानकस्येव रौद्राद्भुतवीराणाम्। अश्रुपातादयोऽनुभावाः शृंगारस्येव करुणभयानकयोः। चिन्तादयो व्यभिचारिणः शृङ्गारस्येव करुणवीरभयानकानाम्' इति।

उपसंहरति—**एवं चेत्यादिना**। प्रामाणिके=सूत्रसमर्थिते। व्यञ्जकत्व इति स्वमतानुरोधेन। **एकस्मादेवेति**। असाधारणाद् विभावात्, तथाविधादनुभावात्,

---

अष्टम मत के अनुकूल यह व्याख्या है—विभाव आदि में संयोग, अर्थात् चमत्कार के कारण किसी एक, चाहे वह चमत्कारी विभाव हो या वैसा अनुभाव या वैसा व्यभिचारिभाव, को रस कहा जाता है। नवम, दशम और एकादश मतों में तो क्रमशः केवल विभाव, केवल अनुभाव और केवल व्यभिचारिभाव को रस कहे जाने से तीनों को समुदित रूप से रसोपयोगी बताने वाले उक्त रससूत्र का विरोध स्पष्ट हीं है। विभावादि तीनों का सम्मिलितरूप में उल्लेख आवश्यक भी है, क्योंकि कुछ विभावों, कुछ अनुभावों और कुछ व्यभिचारिभावों के अनेक रसों में समान रूप से उपयुक्त होने के कारण किसी एक विभाव या अनुभाव या व्यभिचारिभाव से किसी एक रस का अभिव्यञ्जन, इन मतों के अनुसार, मानना सम्भव नहीं। उदाहरणार्थ व्याघ्र आदि पदार्थ भयानक, रौद्र तथा वीर इन तीनों हीं रसों के विभाव हो सकते हैं। ऐसी स्थिति में केवल व्याघ्रादि विभाव को रस मानने पर उनसे किसी एक रस की अभिव्यक्ति कैसे हो सकेगी? इसी तरह अश्रुपात आदि अनुभाव शृङ्गार, वीर, करुण और भयानक रसों के प्रसङ्ग में समानरूप से होते। अतः केवल अनुभाव या केवल व्यभिचारिभाव को रस मानने में वही आपत्ति है जो केवल विभाव को रस मानने में कही गई है। सभी विभावों, या सभी अनुभावों या सभी व्यभिचारिभावों के रसान्तरसाधारण न होने पर भी उनमें किसी एक के समुदाय को रस कहना सम्भव नहीं, क्योंकि विभाव-समुदाय आदि के व्यक्तिभेद से भिन्न-भिन्न होने से समुदाय का स्वरूप हीं स्पष्ट करना असम्भव है। अतः किसी एक को रस कहने वाले सभी पक्ष सूत्रविरुद्ध हैं।

इस प्रकार विभावादित्रितय के रसव्यञ्जक सिद्ध हो जाने से जब किसी ऐसे काव्य से सामाजिकों को रसाभिव्यक्ति होती जहाँ तीनों—विभाव, अनुभाव और

नानाजातीयाभिः शेमुषीभिर्नानारूपतयावसितोऽपि मनीषिभिः परमाह्लादाविनाभावितया प्रतीयमानः प्रपञ्चेऽस्मिन् रसो रमणीयतामावहतीति निर्विवादम् ॥

स च—

शृङ्गारः करुणः शान्तो रौद्रो वीरोऽद्भुतस्तथा ।
हास्यो भयानकश्चैव बीभत्सश्चेति ते नव ॥

तादृशाद्व्यभिचारिणो वेत्यर्थः । क्रमेणोदाहरणं च 'वियदलिमलिनाम्बुवाहमेघम्', 'परिमृदितमृणालीम्लानमङ्गं प्रवृत्तिः,' 'दूरादुत्सुकमागते' इत्यादि काव्यप्रकाशादिभ्यो ज्ञेयम् । आद्ये मुग्धादयितमेघादिरूपाणामालम्बनोद्दीपनविभावानाम्, द्वितीयेऽङ्गम्लानिविषयवैतृष्ण्यादीनामनुभावानाम्, तृतीये चौत्सुक्यव्रीडादीनां व्यभिचारिणां केवलं निर्देशेऽपि द्वयोरन्यतराक्षेपः प्रकरणादिवशाद् भवत्येव, रसाभिव्यञ्जकत्वस्य ताभ्यां विनाऽनुपपत्तेः । एवमेव यदि क्वचिद् द्वयोर्निर्देशस्तत्रावशिष्टमेकं समाक्षेप्यमवगन्तव्यम् । संगृहीतं चैतद् दर्पणेऽपि—

सद्भावश्चेद् विभावादेर्द्वयोरेकस्य वा भवेत् ।
झटित्यन्यसमाक्षेपे तदा दोषो न विद्यते ॥ इति ।

वस्तुतस्त्वाक्षेपोदाहरणतया मुक्तकमेव प्रदर्शनीयम् । प्रबन्धे नाट्ये च पूर्वापरसन्दर्भत एवेतरप्रतीतेः सुपपादत्वादिति विज्ञांसो विभावयन्तु । नाऽनैकान्तिकत्वमिति । क्वचिदेकेन द्वाभ्यां वा रसव्यञ्जनामादाय त्रितयपर्याप्तरसव्यञ्जकत्वाभ्युपगमे व्यतिरेकव्यभिचारो नेत्यर्थः । रसस्वरूपविषये मतभेदेऽप्याचार्याणां यावदविप्रतिपन्नं तदुदीरयन्नुपसंहरति रससामान्यविवेचनम्—इत्थमित्यादिना ॥

एतावता प्रबन्धेन रसस्वरूपं सामान्यतो निरूप्य तद्भेदनिरूपणाय तद्भेदानाह पूर्वाचार्योक्तपद्येन—स चेत्यादिना । अस्य पद्यस्यार्वाचीनत्वेनाप्रामाण्यशङ्का स्यादिति

व्यभिचारिभाव निर्दिष्ट नहीं हैं तो वहाँ भी निर्दिष्ट विभाव या अनुभाव या व्यभिचारिभाव मात्र में रसव्यञ्जकता नहीं माननी चाहिए अपि तु निर्दिष्ट विभाव आदि के आधार पर अनिर्दिष्ट अनुभाव आदि का आक्षेप करके तीनों के समुदाय में हीं । अतः समुदाय में रसाभिव्यञ्जकत्वपक्ष वैसे काव्यों में भी व्यभिचरित नहीं होता । इस प्रकार यद्यपि रस के स्वरूप के विषय में विभिन्न प्रकार की प्रतिभाओं वाले मनीषियों में मतैक्य नहीं है तथापि यह सर्वसम्मत है कि अलौकिक आह्लाद रूप में प्रतीयमान 'रस' इस विश्व में रमणीयतम तत्त्व है ॥

यह रस नौ प्रकार का है—ऐसा प्राचीन आचार्यों का मत है—"शृङ्गार, करुण, शान्त, रौद्र, वीर, अद्भुत, हास्य, भयानक और बीभत्स ये नौ रस हैं ॥"

इत्युक्तेर्नवधा। मुनिवचनं चात्र मानम्।
केचित्तु—

तन्निरासायाह—मुनिवचनमित्यादि। नाट्यशास्त्रस्य षष्ठाध्यायस्यान्ते भरतमुनिप्रोक्तं वचनमित्यर्थः। यद्यपि बहुष्वादर्शपुस्तकेषु शान्तरसप्रकरणं न लभ्यते तथापि अभिनवगुप्ताचार्यैः स्पष्टमङ्गीकृतत्वाच्चिरन्तनपुस्तकानुरोधेनेति पण्डितराजेनापि स्वीकृतमेतद्युक्तमेव। यत्तु पूर्वं भरतेनोक्तम्—

शृङ्गारहास्यकरुणा रौद्रवीरभयानकाः।
बीभत्साद्भुतसंज्ञौ चेत्यष्टौ नाट्ये रसाः स्मृताः॥
(ना० शा० ६।१५)

इति तत् पूर्वाचार्यानुरोधेनेति स्पष्टमेव—

"एते ह्यष्टौ रसाः प्रोक्ता द्रुहिणेन महात्मना" इति तदुक्त्या ज्ञायते। स्वयन्तु भरतर्षिणा शान्तस्यापि रसत्वं स्वीकृतमेव।

यद्वा अष्टाविति पाठः शान्ताऽपलापिनामिति स्पष्टमेवाभिनवगुप्ताचार्यैरुक्तम्। ततश्च शान्तपक्षपातिनां मते प्रोक्तवचनोत्तरार्धम्—'बीभत्साद्भुतशान्ताश्च नाट्ये नव रसाः स्मृताः' इत्येव पठनीयम्। इदमेवात्राभिप्रेतं मुनिवचनं गङ्गाधरकृत इति सम्प्रदायः। वस्तुतश्चैतदुपलक्षणमेतद्व्याख्यायान्तेऽभिनवगुप्तादिपठितस्य सकलस्य शान्तविषयकनाट्यशास्त्रीयसन्दर्भस्य।

इन रसों के समर्थन में भरतमुनि का वचन भी प्रमाण है—

शृङ्गारहास्यकरुणा रौद्रवीरभयानकाः।
बीभत्साद्भुतशान्ताश्च नाट्ये नव रसाः स्मृताः॥

यद्यपि उक्त कारिका का पाठान्तर भी प्रचलित है जिसमें उत्तरार्ध का स्वरूप—

बीभत्साद्भुतशान्ताश्चेत्यष्टौ नाट्ये रसाः स्मृताः॥

इस प्रकार उपलब्ध होता तथापि यह पाठान्तर शान्तरस का अपलाप करने वालों द्वारा गढ़ा गया है—ऐसा आचार्य अभिनवगुप्त ने इस पद्य की टीका में कहा है[1]।

---

१. सम्पूर्ण सन्दर्भ को पढ़ने से ऐसा प्रतीत होता कि अभिनवगुप्त भी शान्तरस के विषय में दृढ़ विचार नहीं रखते। विशेष विवेचन विद्वानों को स्वयं करना चाहिए।

शान्तस्य शमसाध्यत्वान्नटे च तदसंभवात् ।
अष्टावेव रसा नाट्ये न शान्तस्तत्र युज्यते ॥

इत्याहुः । तच्चापरे न क्षमन्ते । तथा हि—नटे शमाभावादिति हेतुरसंगतः, नटे रसाभिव्यक्तेरस्वीकारात् । सामाजिकानां शमवत्त्वेन तत्र रसोद्बोधे बाधकाभावात् । न च नटस्य शमाभावात्तदभिनयप्रकाशकत्वानुपपत्तिरिति वाच्यम्, तस्य भयक्रोधादेरप्यभावेन तदभिनयप्रकाशकताया अप्यसंगत्यापत्तेः । यदि च नटस्य क्रोधादेरभावेन वास्तवतत्कार्याणां वधबन्धादीनामुत्पत्त्यसंभवेऽपि कृत्रिमतत्कार्याणां शिक्षाभ्यासादित

शान्तापलापिनां मतमुपन्यस्यति—केचित्त्वित्यादिना । शमसाध्यत्वादित्यस्य शमस्थायिकत्वादित्यर्थः । तदसम्भवादिति । नटस्य शमवत्त्वे हि तस्य नटत्वानुपपत्तिरित्याशयः । एतन्मतं निरस्यन्नाह—तच्चेत्यादि । असङ्गतः = असिद्धः, अपक्षधर्मत्वादित्यर्थः । यत्र सामाजिके शान्तरसोद्बोध इष्टस्तत्र शमाभावस्य पराभिमतस्य हेतोरसत्त्वेन शान्तरसोद्बोधाभावसाध्यसामानाधिकरण्यरूपव्याप्तिमत्त्वेऽपि पक्षावृत्तित्वेन स्वरूपासिद्धोऽयं शमाभावात्मको हेतुः । यत्र तु स वर्त्तमानस्तत्र नटादौ

कुछ लोग मानते हैं—

"शान्त रस का स्थायी भाव है शम जो नट में हो नहीं सकता । अतः नाट्य में आठ हीं रस होते, शान्त रस तो वहाँ हो नहीं सकता ॥"

परन्तु इससे सब आचार्य सहमत नहीं है । इसका कारण यह है—नाट्य में शान्त रस के न होने का जो हेतु 'नट में शम का अभाव' बताया गया है वह असंगत है । वह संगत तब होता जब जिन सामाजिकों को रसानुभूति होती उनमें शम न होता । परन्तु सामाजिकों में तो शम हो हीं सकता है । ऐसी स्थिति में उनमें शमाभाव तो है नहीं । हाँ, नट में शमाभाव अवश्य है, किन्तु उसे तो रसानुभूति नट के रूप में होती हीं नहीं । तो फिर नट में शमाभाव से नाट्य में शान्तरस के अभ्युपगम में कौन सी बाधा आती ? नट में शम न होने से वह शान्तरसानुकूल अभिनय हीं नहीं कर सकता—यह कहना भी अयुक्त है, क्योंकि तब तो उसमें अभिनय-काल में वास्तविक भय एवं शोक आदि के भी न रहने से वह भयानक, करुण आदि रसों के अभिव्यञ्जक अभिनय भी न कर पाता । अतः अन्य रसों के अनुकूल अभिनय के प्रसंग में यह मानना हीं होगा कि नट में वास्तविक भय आदि तथा उनके कार्य आदि का अभाव होने पर भी अभिनय करने की शिक्षा तथा अभिनय के अभ्यास आदि के प्रभाव से वह भय आदि के कार्यों का अभिनय कर लेता है । ऐसी स्थिति में शम के अभाव में भी शम के कार्यों का

उत्पत्तौ नास्ति बाधकमिति निरीक्ष्यते, तदा प्रकृतेऽपि तुल्यम् ।

अथ नाट्ये गीतवाद्यादीनां विरोधिनां सत्त्वात्सामाजिकेष्वपि विषयवमुख्यात्मनः शान्तस्य कथमुद्रेक इति चेत् ? नाट्ये शान्तरसमभ्युपगच्छद्भिः फलबलात्तद्गीतवाद्यादेस्तस्मिन्विरोधिताया अकल्पनात् । विषयचिन्तासामान्यस्य तत्र विरोधित्वस्वीकारे तदीयालम्बनस्य संसारानित्यत्वस्य तदुद्दीपनस्य पुराणश्रवण-सत्सङ्ग-पुण्यवन-तीर्थावलोकनादेरपि विषयत्वेन विरोधित्वापत्तेः । अत एव च चरमाध्याये संगीतरत्नाकरे—

अष्टावेव रसा नाट्येष्विति केचिदचूचुदन् ।
तदचारु, यतः कंचिन्न रसं स्वदते नटः ॥

शान्तोद्बोधाभावसाधकत्वमस्त्येवेत्याह—नट इत्यादिना । तत्कार्याणाम् = क्रोधादिकार्याणामाङ्गिकाद्यभिनयानाम् ।

सामाजिके शमवत्त्वस्य बाधितत्वमाशङ्कते—अथेत्यादिना । विरोधितायाः = बाधकतायाः । विषयत्वेनेति । विषयत्वस्य केवलान्वयित्वादिति भावः । शेषो ग्रन्थो निगदव्याख्यातः ॥

प्रदर्शन उसके द्वारा हो हीं सकता है जिससे शान्त रस की सामाजिकों मे अभिव्यक्ति हो जाती है ।

अब प्रश्न यह उठता है कि (शान्त रस के) विरोधी गीत-वाद्य आदि के अभिनय-काल में आवश्यक होने से सामाजिकों में विषयवैराग्यात्मक शान्तरस का उद्बोध कैसे होगा । इसका यही उत्तर है कि कि जो नाट्य में शान्तरस मानते उनके मत में विशेष प्रकार के गीत-वाद्य आदि शान्त रस के उद्बोध में प्रतिबन्धक नहीं हैं, क्योंकि जब गीत-वाद्य आदि के रहने पर भी सामाजिकों में नाट्यावलोकन से शान्तरसोद्बोधरूप फल प्रामाणिक है तो फिर गीत-वाद्य आदि उसके प्रतिबन्धक कैसे हो सकते ? यदि विषयमात्र (=सभी विषयों) के चिन्तन को शान्तरसोद्बोध का विरोधी मान कर विषयान्तर्गत गीत-वाद्य आदि को भी उसका विरोधी कहा जाय तब गीत-वाद्य आदि को हीं क्यों, शान्तरस के (=शम के) आलम्बन विभाव—संसाराऽनित्यत्व और उद्दीपनविभाव—पुराणश्रवण, सत्संग, पुण्यवन और तीर्थादि के दर्शन-भ्रमण आदि को भी वे विरोधी क्यों नहीं कहते, कारण, ये सब भी तो विषय हीं है । अतः शान्तरस के विरोध में दी गई युक्ति असंगत है । इसी लिए सङ्गीतरत्नाकर के अन्तिम अध्याय में नाट्य में भी शान्तरस की स्थापना करते हुए कहा गया है—

"कुछ लोग ऐसा कहते कि नाट्य में आठ ही रस होते । किन्तु यह अशो-

इत्यादिना नाट्येऽपि शान्तो रसोऽस्तीति व्यवस्थापितम्। यैरपि नाट्ये शान्तो रसो नास्तीत्यभ्युपगम्यते तैरपि बाधकाभावान्महाभारतादिप्रबन्धानां शान्तरसप्रधानताया अखिललोकानुभवसिद्धत्वाच्च काव्ये सोऽवश्यं स्वीकार्यः। अत एव 'अष्टौ नाट्ये रसाः स्मृताः' इत्युपक्रम्य 'शान्तोऽपि नवमो रसः' इति मम्मटभट्टा अप्युपसमहार्षुः ॥

अमीषां च—

रतिः शोकश्च निर्वेदक्रोधोत्साहाश्च विस्मयः।
हासो भयं जुगुप्सा च स्थायिभावाः क्रमादमी ॥

रसेभ्यः स्थायिभावानां घटादेर्घटाद्यवच्छिन्नाकाशादिव प्रथम-

स्थायिभावानामित्यस्य भेदो बोध्य इत्यनेनान्वयः। भेदस्वरूपमाह—घटादेरित्यादिना। व्यक्ति(=भग्नावरणचिद्)विषयीकृतो रत्यादिरेव रस इत्यभिनवगुप्तमते प्रथमे नीलघटघटयोरिव यद्यपि रसस्थायिभावयोर्भेदस्तथापि वस्तुतस्तु' इत्यादिना वर्णितेऽभिनवगुप्ततात्पर्यविषयीभूते रत्याद्यवच्छिन्नचित एव रसत्वे रसस्याकाशस्थानीयत्वेनावच्छेद्यत्वम् स्थायिभावस्य पुनर्घटादिस्थानीयत्वेनाऽवच्छेदकत्वमित्यनयोर्भेद उक्तः। द्वितीये पुनर्भट्टनायकोक्तमते भुज्यमानो रत्यादी रस इति पक्षे नावच्छेद्यावच्छेदकवदनयोर्भेद अपि तु प्राग्वदेव। परन्तु पूर्वोक्तवस्तुतस्त्वित्यादियुक्तिसाहित्येन रत्याद्यवच्छिन्नस्य भोगस्य चिदपरपर्यायस्य रसत्वमिति पक्षेऽवच्छेद्यावच्छेदकयोरिवानयोर्भेदो बोध्यः। तृतीये='नव्यास्तु' इति प्रतीकमादाय वर्णिते पक्षे। अस्मिंश्च दुष्यन्तादिनिष्ठसत्यरत्यादेः स्थायित्वम् सहृदयनिष्ठाऽनिर्वचनीयरत्यादेश्च रसत्वमित्यनयोर्भेदः। चतुर्थे='परे तु' इत्यादिना

भनीय है, क्योंकि नट तो किसी भी रस का आस्वादन करता नहीं। (अतः नट में शमाभाव को शान्तरस न मानने में हेतु नहीं माना जा सकता)।"

जो लोग नाट्य में शान्तरस नहीं मानते उन्हें भी महाभारत आदि प्रबन्ध काव्यों में शान्तरस मानना हीं है, क्योंकि इन प्रबन्धों के अभिनेय न होने से 'नट में शमाभावस्वरूप' शान्तरस-बाधक हेतु यहाँ बाधक नहीं हो सकता। इसके अतिरिक्त, भारतादि प्रबन्धों में शान्तरस सर्वानुभवसिद्ध भी है। अतः इसका अपलाप किसी भी युक्ति (=युक्त्याभास) से नहीं किया जा सकता ॥

उक्त नौ रसों के क्रमशः निम्नलिखित नौ स्थायिभाव हैं—रति, शोक, निर्वेद, क्रोध, उत्साह, विस्मय, हास, भय और जुगुप्सा ॥

इन रसों तथा इनके स्थायिभावों में निम्ननिर्दिष्ट अन्तर है—रसविषयक प्रथम और द्वितीय मतों में तो रस और स्थायिभाव में वही अन्तर है जो घटा-

द्वितीययोर्मतयोः, सत्यरजतस्यानिर्वचनीयरजतादिव तृतीये, विषयस्य (रजतादेः) ज्ञानादिव चतुर्थे भेदो बोध्यः।

तत्र आप्रबन्धं स्थिरत्वादमीषां भावानां स्थायित्वम्। न च चित्तवृत्ति-

---

प्रदर्शिते मते। अत्र च भावनास्वरूपदोषमहिम्ना सामाजिकस्य स्वात्मनि दुष्यन्तादितादात्म्यावगाहिशकुन्तलादिविषयकरत्यादिमदभेदबोधस्यैव मानसस्य रसत्वेन रसो ज्ञानस्थानीयः, स्थायी रत्यादिश्च तद्विषयस्थानीय इत्यर्थः। पञ्चमषष्ठयोस्तु मतयोः प्रकारभेदेन स्थायिन एव रसत्वमिति न भेद उक्तो गङ्गाधरकृता। सप्तमादिमतेषु पुनर्विभावादीनां समवेतानामसमवेतानां वा रसत्वेन तत्र रसस्थायिभावयोराश्रयाश्रयिवत् कारणकार्यवत्सहकार्यसहकारिवद्वा भेदोऽवगन्तव्यः। मतानामेषामनुपादेयत्वेन ग्रन्थकृन्नैतानि विवेचितवान्। पञ्चमादिमते तु न भेद इति न तद्विवेचितमिति व्याख्यानन्तु चिन्त्यम्।

रत्यादीनां स्थायिपदव्यपदेशनिमित्तमाह—तत्रेत्यादिना। अभिव्यक्तेः=

वच्छिन्न आकाश और उसके अवच्छेदक घट में है। प्रथममत में (अभिनवगुप्तमत), जिसे 'वस्तुतस्तु' प्रतीक के अन्तर्गत ग्रन्थकार ने प्रस्तुत किया है, रत्याद्यवच्छिन्न भग्नावरणा चित् रस है। अतः रत्यादि स्थायी भाव अवच्छेदक और चित्स्वरूप रस अवच्छेद्य है। द्वितीय मत (भट्टनायकमत) में रत्यादिभोग को रस कहा गया है। इसमें विशेषणीभूत रत्यादि स्थायिभाव अवच्छेदक और भोगस्वरूप रस अवच्छेद्य है। 'नव्यास्तु' इस प्रतीक के अन्तर्गत जो तृतीय मत प्रस्तुत किया गया है उसमें दुष्यन्तादिनिष्ठ सत्य रत्यादि स्थायिभाव हैं और सामाजिक में उत्पन्न अनिर्वचनीय रत्यादि रस हैं। अतः वेदान्तसिद्धान्त में जो अन्तर सत्य रजत और अनिर्वचनीय रजत में माना गया है वही इस मत में स्थायिभाव और रस में है। 'परे तु' प्रतीकान्तर्गत रसविषयक चतुर्थ मत में तो शकुन्तलादिविषयक रत्यादि से विशिष्ट दुष्यन्तादि के साथ अपना भ्रमात्मक अभेद-बोध ही रस है। अतः इस मत में ज्ञान और उसके विषय में जो अन्तर होता वही अन्तर रस और स्थायिभाव में है। पञ्चम और षष्ठ मतों में तो प्रकारभेद से स्थायिभाव को ही रस कहा गया है। अतः इन दोनों मतों में रस और स्थायिभाव में कोई तात्त्विक अन्तर नहीं है। सप्तम से एकादश तक के मतों में विभावादि को समुदित रूप में अथवा असमुदित रूप में रस कहा गया है। अतः इन मतों के अनुसार रस और स्थायिभावों में आश्रय-आश्रित, कारण-कार्य या सहकार्य-सहकारी के समान अन्तर है। किन्तु इन मतों के उपेक्षणीय होने से ग्रन्थकार न इन मतों में अन्तर नहीं बताया है।

रत्यादि भावों को स्थायी इसी लिए कहा जाता है चुँकि ये प्रबन्धपर्यन्त

रूपाणामेषामाशुविनाशित्वेन स्थिरत्वं दुर्लभम् वासनारूपतया स्थिरत्वं तु व्यभिचारिष्वतिप्रसक्तमिति वाच्यम्, वासनारूपाणामेषां मुहुर्मुहुरभिव्यक्तेरेव स्थिरपदार्थत्वात्। व्यभिचारिणां तु नैव, तदभिव्यक्तेर्विद्युदुद्योतप्रायत्वात्।

यदाहुः—

विरुद्धैरविरुद्धैर्वा भावैर्विच्छिद्यते न यः।
आत्मभावं नयत्याशु स स्थायी लवणाकरः॥
चिरं चित्तेऽवतिष्ठन्ते संबध्यन्तेऽनुबन्धिभिः।
रसत्वं ये प्रपद्यन्ते प्रसिद्धाः स्थायिनोऽत्र ते॥

स्मृतेः। एवंरूपमेव दृढतरत्वं संस्कारस्य नैयायिकादयोऽप्यङ्गीकुर्वन्ति। विच्छिद्यते=विनाश्यते। आत्मभावम्=स्वरूपताम्, स च स्वाङ्गत्वसम्पादनद्वारेति बोध्यम्। लवणाकर इत्युपमानम्। यथा लवणाकरः स्वसंसृष्टानि प्रवाहान्तरजलानि स्वरूपतां लवणरूपतां प्रापयति तद्वदयं स्थाय्यपि स्वसंसृष्टान् विरुद्धानविरुद्धांश्चान्यान् स्वरूपतां प्रापयति। एतच्च प्रकर्षकृतमेव रत्यादौ। अयं च सन्दर्भः समूहालम्बनात्मकरसपक्षे सुकरविवरणः। विरुद्धत्वं च भावानां स्वभावभेदान्न त्वनुपकारकत्वात्। अत एव

स्थिर रहते। अब प्रश्न यह है कि ये रत्यादि चित्तवृत्तिविशेषस्वरूप हैं; अतः ये स्वरूपतः तो स्थिर हो हीं नहीं सकते, क्योंकि योग्य चित्तवृत्तियाँ अपनी उत्पत्ति के तृतीय क्षण में विनष्ट हो जातीं अथवा तभी तक स्थिर रहतीं जब तक अन्य वृत्ति का चित्त में उदय नहीं हो जाता; हाँ वासना (=संस्कार) रूप में ये रह सकतीं हैं, किन्तु संस्कार रूप में तो केवल रत्याद्यात्मक चित्तवृत्तियाँ ही नहीं अपि तु व्यभिचारिस्वरूप चित्तवृत्तियाँ भीं स्थिर रहतीं हीं हैं। ऐसी दशा में यदि वासनारूप में स्थिर रहने के कारण रत्यादिभावों को स्थायी कहा जाय तब तो व्यभिचारिभावों को भी स्थायी क्यों न कहा जाय। इस प्रश्न का उत्तर यही है कि वासनात्मक रत्यादि की पुनः पुनः अभिव्यक्ति (=उद्बोधक का समवधान होने से, स्मरण होना) हीं उनकी स्थिरता है। ऐसी स्थिरता वासनात्मक व्यभिचारिभावों की नहीं, क्योंकि उनकी अभिव्यक्ति तो बिजली की चमक की तरह कभी-कभी एक दो बार हीं होती है, वारम्वार नहीं। जैसा प्राचीन आचार्यों ने कहा है—

"जो भाव अपने प्रतिकूल और अनुकूल भावों द्वारा कभी विनष्ट न होने से वारम्वार अभिव्यक्त होता और स्वसंसृष्ट अन्य जलों को स्वाङ्ग बनाकर स्वाभिन्न-सा बनाने वाले क्षारसमुद्र के समान अन्य भावों को स्वाभिन्न-सा बना देता वही स्थायी है॥ जो भाव चिर काल तक चित्त में वासनारूप में विद्यमान

चिरमिति व्यभिचारिवारणाय। अनुबन्धिभिर्विभावाद्यैः।

तथा—

सजातीयविजातीयैरतिरस्कृतमूर्तिमान्।
यावद्रस वर्तमानः स्थायिभाव उदाहृतः॥ इति।

केचितु रत्याद्यन्यतमत्वं स्थायित्वमाहुः। तन्न। रत्यादीनामेकस्मिन्प्ररूढेऽन्यस्याप्ररूढस्य व्यभिचारित्वोपगमात्। प्ररूढत्वाऽप्ररूढत्वे बह्वल्प-

---

मृष्टभोजनादौ स्वभावविरुद्धस्याप्यम्लादेरुपकारकत्वं दृष्टम्। स्वभावभेदेऽपि विरोधोऽयं तावदेव काव्योपकारी यावदङ्गिभावापेक्षयाऽङ्गभावो न प्ररूढतर इत्यादि ध्वन्यालोकादिग्रन्थेभ्योऽवसेयम्। स्वयं च ग्रन्थकृद् व्याख्यास्यत्यग्रे। ईदृशमेव विजातीयत्वमभिमतमग्रिमपद्येऽपि। मूर्त्तिः=स्वरूपम्, तच्च वासनात्मकम्। यद्वा मूर्त्तिरभिव्यक्तिः, तत्राभिव्यक्तिः स्मृतिः। सा चोत्तरोत्तरा, स्वपूर्वस्मृतेर्विरुद्धभावेन तिरस्कारात्। अत एव मुहुर्मुहुरभिव्यक्तिरुक्ता।

बह्वल्पेति। निबद्धाक्षिप्तान्यतरसकलविभावजत्वं प्ररूढत्वं तद्भिन्नत्वं चाऽप्ररूढत्वं रत्यादेरित्यर्थः। विभावपदस्य चात्रानुभावाद्युपलक्षणत्वम्। जन्यत्वं

होकर उद्बोधक की उपस्थिति में वारम्वार अभिव्यक्त होते, अनुबन्धियों (=विभाव आदि) से सम्बद्ध होते, अर्थात् उन्हें अपने अनुकूल बना लेते, और अन्ततः रसरूपता को प्राप्त होते वे प्रसिद्ध रत्यादि भाव हीं नाट्यादि में 'स्थायी' नाम से प्रसिद्ध हैं।"

द्वितीय पद्य में चिर काल तक' यह अंश व्यभिचारी भावों में स्थायी भाव के लक्षण की अतिव्याप्ति के निराकरणार्थ दिया गया है। यहाँ 'अनुबन्धी' शब्द का अर्थ विभाव-अनुभाव-सञ्चारिभाव है। और भी,

"स्थायी भाव उसी को कहा गया है जिसकी मूर्त्ति (=उत्तरोत्तर अभिव्यक्ति) पूर्वपूर्व सजातीय अथवा विजातीय भावों (व्यभिचारिभावों) द्वारा अवरुद्ध नहीं होती और जो तब तक वासनारूप मे चित्त में वर्त्तमान रहता जब तक वह रसरूपता को प्राप्त न हो जाता॥"

कुछ आचार्य रति आदि में से अन्यतम को हीं 'स्थायी' मानते। किन्तु यह लक्षण उचित नहीं है। इन नौ भावों में से एक के प्ररूढ़ होने पर अप्ररूढ़ावस्थ अन्य भाव स्थायी नहीं, अपितु व्यभिचारी माने जाते हैं। जैसे शृंगार के सन्दर्भ में रति प्ररूढ़ होती पर हास अप्ररूढ़। इसमें स्थायी भाव केवल रति है, हास नहीं। वह तो शृंगार के व्यभिचारी भावों में से एक है। किन्तु ऐसे हासादि व्यभिचारी भाव भी तो नौ भावों में अन्यतम है हीं। अतः रत्याद्यन्यतमत्वस्वरूप स्थायिभावलक्षण की उक्त-

विभावजत्वे ।

तदुक्तं रत्नाकरे—

रत्यादयः स्थायिभावाः स्युर्भूयिष्ठविभावजाः ।
स्तौकैर्विभावैरुत्पन्नास्त एव व्यभिचारिणः ॥ इति ।

एवं च वीररसे प्रधाने क्रोधः, रौद्रे चोत्साहः, शृङ्गारे हासो व्यभिचारी भवति, नान्तरीयकश्च । यदा तु प्रधानपरिपोषार्थं सोऽपि बहुविभावजः क्रियते तदा तु रसालंकार इत्यादि बोध्यम् ॥

तत्र—

चात्राभिव्यज्यमानत्वसाधारणम् । एवं चेति । स्तोकविभावजत्वे चेत्यर्थः । वीररसेत्यादि । तदुक्तं दर्पणे—

शृङ्गारवीरयोर्हासो वीरे क्रोधस्तथा मतः ।
शान्ते जुगुप्सा कथिता व्यभिचारितया पुनः ॥ इति ।

प्रधान इति । उभयोः प्ररूढत्वेऽपि वीरादेः प्राधान्यं प्राकरणिकत्वादिना बोध्यम् । रसालङ्कार इति । तदुक्तं ध्वनिकृता—

प्रधानेऽन्यत्र वाक्यार्थे यत्राङ्गं तु रसादयः ।
काव्ये तस्मिन्नलङ्कारो रसादिरिति मे मतिः ॥ इति ।

विध हासादि में अतिव्याप्ति हो जाने से यह लक्षण असंगत है । जब ये रत्यादि भाव विभावादि (=अनुभाव तथा व्यभिचारिभावों) की सामग्री से उत्पन्न अथवा ज्ञाप्य होते तब इन्हें प्ररूढ़ कहा जाता । इसके विपरीत, यदि ये भाव विभावादि-सामग्री से नहीं अपितु इसमें से कुछ से हीं उत्पन्न या ज्ञाप्य होते तो इन्हें अप्ररूढ़ कहा जाता । यही विषय सङ्गीतरत्नाकर में स्पष्ट रूप में कहा गया है—

"यदि ये रत्यादि भाव सम्पूर्ण विभावादि-सामग्री से उत्पन्न या ज्ञाप्य होते तब तो ये स्थायिभाव कहलाते । किन्तु यत्किञ्चिद् विभावादि से उत्पन्न या ज्ञाप्य होने पर ये हीं रत्यादिभाव व्यभिचारिभाव हो जाते ॥"

इस प्रकार, वीर रस (=उत्साह) के प्रधान (=प्ररूढ़) होने पर क्रोध, रौद्र (=क्रोध) के प्रधान होने पर उत्साह और शृंगार (=रति) के प्रधान होने पर हास व्यभिचारी भाव हैं । क्रोधादि के विना वीर आदि रसों के परिपुष्ट न होने से ये व्यभिचारि-स्थानीय क्रोधादिभाव उनमें नान्तरीयक (=अवश्यम्भावी) हैं । जब मुख्य भाव के परिपोषण के लिए गौण भाव भी बहुविभावादिजन्य, अर्थात् प्ररूढ़ रूप में कवि द्वारा निबद्ध किये जाते तो भी ये भाव गौण होने से रसस्थानीय न होकर रस (प्रधान भाव=स्थायी भाव) के अलङ्कार मात्र होते ॥

स्त्रीपुंसयोरन्योन्यालम्बनः प्रेमाख्यश्चित्तवृत्तिविशेषो रतिः स्थायिभावः ॥

गुरुदेवतापुत्राद्यालम्बनस्तु व्यभिचारी ।

पुत्रादिवियोगमरणादिजन्मा वैक्लव्याख्यश्चित्तवृत्तिविशेषः शोकः ॥

स्त्रीपुंसयोस्तु वियोगे जीवितत्वज्ञानदशायां वैक्लव्यपोषिताया रतेरेव प्राधान्याच्छृङ्गारो विप्रलम्भाख्यो रसः । वैक्लव्यं तु संचारिमात्रम् । मृतत्व-

---

सम्प्रति स्थायिभावान् विशेषतो लक्षयितुकाम आदौ स्वभावतोऽनुरञ्जकस्य शृङ्गारस्य स्थायिभावं रतिं लक्षयति—स्त्रीपुंसयोरिति । पुत्रादीति । आदिशब्देन मुनिनृपादिपरिग्रहः । व्यभिचारीति । तदुक्तं प्रदीपकृता—

रत्यादिश्चेन्निरङ्गः स्याद् देवादिविषयोऽथवा ।
अन्याङ्गभावभागेवा स्यान्न तदा स्थायिशब्दभाक् ॥ इति ।

पुत्रादीति । आदिशब्द इष्टमात्रोपसंग्राहकः । द्वितीय आदिशब्द इष्टाश्रिता-निष्टमात्रोपलक्षकः । सञ्चारिमात्रमिति । वैक्लव्यस्य चिरमवस्थानाभावादिति हेतुरत्र । वैक्लव्यस्येत्यत्र प्राधान्यादित्यनुषज्यते । विप्रलम्भः=विप्रलम्भशृङ्गारः ।

रति-नामक स्थायिभाव वह है जिसे प्रेम कहते । यह एक प्रकार की चित्त-वृत्ति है जिसके आलम्बन परस्पर नायक और नायिका होते ॥

किन्तु इसी रति का आलम्बन यदि गुरु, देवता या पुत्र आदि इष्टजनों में से कोई होता तो वह स्थायिभाव न होकर (करुण आदि रसों में) व्यभिचारिभाव हो जाती ।

शोक-नामक स्थायिभाव वह है जिसे विकलता (=वैक्लव्य) कहते । यह भी एक प्रकार की चित्तवृत्ति है और इसकी उत्पत्ति पुत्र आदि इष्टजन के वियोग अथवा मरण आदि से होती ॥

यदि नायक-नायिका का वियोग हो किन्तु एक दूसरे के जीवित होने का ज्ञान हो तो वहाँ विप्रलम्भ शृंगार हीं होता, क्योंकि वहाँ परस्पर वियोग से विकलता होने पर भी प्रधानता रति की हीं रहती । विकलता तो उस रति का परिपोषण मात्र करती । अतः इसमें होने वाली विकलता व्यभिचारिभाव है, स्थायिभाव नहीं । हाँ, यदि एक को दूसरे के मर जाने का ज्ञान हो तब तो विकलता के हीं प्रधान होने से वहाँ करुण रस हीं होगा । रति उस विकलता का केवल परिपोषक होगी । तात्पर्य यह है कि जिस व्यक्ति से जितना हीं प्रेम होता उसके विनाश से उतना ही अधिक क्लेश भी होता । अतः प्रियतम या प्रियतमा के मरण से सर्वाधिक मात्रा में क्लेश (=विकलता) होना स्वाभाविक है । यतः मरण के ज्ञान के बाद मिलन की कोई आशा नहीं रह जाती अतः ऐसी दशा में विकलता

ज्ञानदशायां तु रतिपोषितस्य वैक्लव्यस्येति करुण एव। यदा तु सत्यपि मृतत्वज्ञाने देवताप्रसादादिना पुनरुज्जीवनज्ञानं कथंचित्स्यात्, तदालम्बनस्यात्यन्तिकनिरासाभावाच्चिरप्रवास इव विप्रलम्भ एव, न स करुणः। यथा चन्द्रापीडं प्रति महाश्वेतावाक्येषु। केचित्तु रसान्तरमेवात्र करुणविप्रलम्भाख्यमिच्छन्ति।

नित्यानित्यवस्तुविचारजन्मा विषयविरागाख्यो निर्वेदः॥

केचित्=दर्पणकारादयः। इच्छन्तीति। एतेनात्रारुचिः सूचिता। तद्बीजन्तु वैक्लव्यस्य चिरमवस्थानाभावेन तस्य स्थायित्वानुपपत्तिरेव। अभिनिवेशस्य चिरमवस्थानेऽभ्युपगते तु शृङ्गारोच्छेदापत्तिर्दोषः।

शान्तस्थायिभावं लक्षयति—नित्येत्यादिना। नित्यं च अनित्यं चेति नित्यानित्ये, तयोर्वसतीति नित्यानित्यवस्तु। यद्वा तयोर्वसत इति नित्याऽनित्यवस्तुनी। तयोर्विचारेण विवेकेन जन्म यस्येति विग्रहः। अनित्यस्य वस्तुत्वाभावेन नित्यानित्ययोर्द्वन्द्वे कृते वस्तुशब्देन कर्मधारयोऽयुक्तः। नित्य आत्मा तदन्यत्सर्वमनित्यम्। तथा च परस्परविरुद्धयोर्नित्यानित्यधर्मयोर्विवेकेन जायमानो विषयविरागो निर्वेद इति फलति। इदमेव तत्त्वज्ञानजन्यं वैराग्यमित्युच्यते। एतेनेर्ष्यादिजनितवैराग्यस्य स्थायित्वाभावः सूचितः। अत एव—

का स्थायित्व स्पष्ट है। रति तो उस विकलता का परिपोषक मात्र होती। अत एव यहाँ करुण रस हीं उचित है, विप्रलम्भ शृङ्गार नहीं। अत एव यदि नायक नायिका में से एक के मरण का ज्ञान होने पर भी देवताप्रसाद आदि से उसके पुनरुज्जीवन का ज्ञान हो तो वहाँ आदि-अन्त में रति के वर्त्तमान रहने से मध्य में मरण के कारण कुछ समय के लिए विकलता होने पर भी स्थायित्व रति का ही होता। अतः ऐसी दशा में रति के वियोगकालावच्छिन्न होने से विप्रलम्भ शृङ्गार रस हीं होता, करुण रस नहीं। कादम्बरी का महाश्वेताविषयक वर्णन इसका उदाहरण है। यहाँ चन्द्रापीडनिष्ठ महाश्वेताविषयक रति होने से विप्रलम्भशृङ्गार रस है, करुण नहीं। साहित्यदर्पणकार आदि कुछ आचार्य तो ऐसे स्थलों में करुण-विप्रलम्भ रस मानना चाहते। किन्तु इसमें आदि-अन्त में विकलता के न होने से उनका मत उचित नहीं प्रतीत होता॥

शान्तरस का स्थायिभाव निर्वेद है जिसे विषयवैराग्य भी कहते। यह वैराग्य (निर्वेद) नित्य और अनित्य पदार्थों में वर्तमान धर्मों तथा उन धर्मियों के विवेक से उत्पन्न होता॥

गृहकलहादिजस्तु व्यभिचारी ॥

गुरुबन्धुवधादिपरमापराधजन्मा प्रज्वलनाख्यः क्रोधः ॥

अयं च परविनाशादिहेतुः । क्षुद्रापराधजन्मा तु परुषवचनासंभाषणादिहेतुः । अयमेवामर्षाख्यो व्यभिचारीति विवेकः ॥

परपराक्रमदानादिस्मृतिजन्मा औन्नत्याख्य उत्साहः ॥

अलौकिकवस्तुदर्शनादिजन्मा विकासाख्यो विस्मयः ॥

गन्तव्यं यदि नाम निश्चितमहो ! गन्ताऽसि केयं त्वरा
द्वित्राण्येव पदानि तिष्ठतु भवान् पश्यामि यावन्मुखम् ।
संसारे घटिकाप्रणालविगलद्वारा समे जीविते
को जानाति पुनस्त्वया सह मम स्याद्वा न वा सङ्गमः ॥

इत्यत्र दैन्यजो विरागो विप्रलम्भे व्यभिचार्येव, तत्पोषकत्वात् । न त्वस्य स्थायित्वम् । अतोत्र रससङ्करानौचित्यवर्णनमसहृदयतामेव प्रकाशयति । एतत्सर्वमभिप्रेत्याह—गृहकलहादिजेत्यादि ।

रौद्रस्थायिभावलक्षणमाह—गुरुबन्धुवधेत्यादि । आदिपदमिष्टमात्रोपसंग्राहकम् । प्रज्वलनाख्य इत्यस्य चित्तवृत्तिविशेष इति शेषः । व्यभिचारीति । रौद्रादाविति शेषः ।

गृह-कलह आदि से उत्पन्न निर्वेद तो क्षणिक होने से विप्रलम्भ शृंगार आदि रसों में व्यभिचारिभाव होता, स्थायिभाव नहीं ॥

रौद्र रस का स्थायिभाव क्रोध है जिसे चित्त का प्रज्वलन (जलन) भी कहते । यह गुरु अथवा अन्य किसी इष्टजन के वध अथवा उसे अत्यन्त कष्ट आदि पहुँचाने जैसे उत्कट अपराध किये जाने पर उत्पन्न होता ॥

यही क्रोध उत्कट अपराधी के विनाश आदि का कारण है । किन्तु यदि अपराध साधारण कोटि का होता तो इससे उसके प्रति लोग कठोर वचन का प्रयोग करते या फिर बोलते हीं नहीं । अन्य प्रकार की कटु भावना आदि भी इसी से उत्पन्न होतीं । साधारण कोटि के अपराध से उत्पन्न कोप को हीं अमर्ष कहा जाता जो रौद्र आदि रसों के व्यभिचारिभावों में अन्यतम है । क्रोध और अमर्ष में यही अन्तर है ॥

वीर रस का स्थायिभाव उत्साह है जिसे चित्त का औन्नत्य, अर्थात् उत्कृष्ट-प्रयत्नसम्पन्नता भी कहा जाता । इसकी उत्पत्ति शत्रु के पराक्रम और उसकी दानशीलता आदि के स्मरण से होती ॥

अद्भुत रस का स्थायिभाव विस्मय है । अलौकिक वस्तु के दर्शन आदि से उत्पन्न चित्त का विकास (विस्तार=फैलना) हीं इसका स्वरूप है ॥

वागङ्गादिविकारदर्शनजन्मा विकासाख्यो हासः ॥

व्याघ्रदर्शनादिजन्मा परमानर्थविषयको वैक्लव्याख्यः स भयम् ॥

परमानर्थविषयकत्वाभावे तु स एव त्रासो व्यभिचारी। अपरे तु औत्पातिकप्रभवस्त्रासः, स्वापराधद्वारोत्थं भयमिति भयत्रासयोर्भेदमाहुः ॥

कदर्यवस्तुविलोकनजन्मा विचिकित्साख्यश्चित्तवृत्तिविशेषो जुगुप्सा ॥

एवमेषां स्थायिभावानां लोके तत्तन्नायकगतानां यान्यालम्बनतयोद्दीपन-

---

विकारेति। स चात्र स्वाभाविकः, कृत्रिमश्च क्षुद्र एव, गुरुतरविकारोऽपि स्वकृतः न परकृतः, परकृते हि गुरुतरविकारे क्रोधोदयाद् विकर्त्तरि इति बोध्यम्।

निगडनिबद्धव्याघ्रादिदर्शने कस्यचिद्भयानुदयात् परमानर्थविषयक इत्युक्तम्। अतश्च यस्य तथाविधव्याघ्रादिदर्शनेऽपि परमानर्थजनकत्वसम्भावना तस्य भयं ततोऽप्युत्पद्यत एव। क्षुद्रानर्थविषयकत्वे त्वाह—व्यभिचारीति। बीभत्सादाविति शेषः। शोकभययोर्वैक्लव्यात्मकत्वेऽपि कारणभेदाद् भेदोऽनयोरवगन्तव्यः। औत्पातिकेति। वज्रनिर्घातादिप्रभव इत्यर्थः। अत्रापि कारणभेदादेव त्रासभययोर्भेदः।

कदर्यम्=कुत्सितम्। विचिकित्सा=गर्हणा। एते च रत्यादयो यथोद्देशं शृङ्गारादीनां स्थायिनः।

सम्प्रति आलम्बनकारणादीनां विभावपदव्यपदेशे हेतुमाह—एवमित्यादिना।

हास्य रस का स्थायिभाव हास है। इसे किसी व्यक्ति के वचन, अङ्ग प्रत्यङ्ग तथा वेष आदि में विद्यमान विकार के ज्ञान से उत्पन्न चित्तविकास (चित्त का खिल उठना) कहा जाता है ॥

व्याघ्र आदि हिंस्र जीवों या अन्य किन्हीं परम अनर्थ (=मरण आदि) के जनक वस्तुओं के दर्शन-श्रवण आदि से उत्पन्न जो चित्त की उत्कट विकलता है वही भय है। यही भयानक रस का स्थायिभाव है ॥

यदि यह चित्त विकलता परमानर्थविषयक न हो, अर्थात् किसी साधारण अनिष्ट का जनक प्रतीत होती हो तो उसे 'त्रास' कहते, 'भय' नहीं। अतः त्रास व्यभिचारी भाव है, स्थायी भाव नहीं। कुछ आचार्यों का मत है कि आधिभौतिक-आधिदैविक आपदाओं से उत्पन्न चित्तविकलता त्रास है जब कि अपने (उत्कट) अपराधों से उत्पन्न विकलता भय है—यही भय और त्रास में अन्तर है। इन स्थायिभावों में कारणभेद से भिन्नता (कार्यभेद) माननी चाहिए ॥

किसी कुत्सित पदार्थ के दर्शन आदि से उत्पन्न एक प्रकार की चित्तवृत्ति, जिसे 'विचिकित्सा' (घृणा) कहते, जुगुप्सा है। यही बीभत्स रस का स्थायी भाव है ॥

इस प्रकार पूर्वोक्त विभिन्न नायक-नायिकाओं में विद्यमान रत्यादि नौ स्थायि-

तथा वा कारणत्वेन प्रसिद्धानि तान्येषु काव्यनाट्ययोर्व्यज्यमानेषु विभाव-शब्देन व्यपदिश्यन्ते ॥

विभावयन्तीति व्युत्पत्तेः ।

यानि च कार्यतया तान्यनुभावशब्देन ॥

अनु पश्चाद्भाव उत्पत्तिर्येषाम् । अनुभावयन्तीति वा व्युत्पत्तेः ।

यानि व्यभिचरन्ति तानि व्यभिचारिशब्देन ॥

एषु = स्थायिभावेषु । व्यज्यमानेष्वित्यनेन वाच्यत्वादिव्यवच्छेदः । विभावयन्ति = रत्यादिभावान् सामाजिकगतान् आस्वादाङ्कुरप्रादुर्भावयोग्यान् कुर्वन्ति । स्थायि-जनकत्वे सति साधारणीकरणव्यापारविषयत्वं विभावत्वमिति च प्राहुः ।

पश्चादिति । रत्याद्युत्पत्तेरनन्तरम् इत्यर्थः । अतश्चाव्यवहितप्राक्क्षणावच्छेदेन वर्त्तमाना अनन्यथासिद्धा रत्यादयः स्थायिनः कारणानि, तदव्यवहितोत्तरक्षणा-वच्छेदेन जायमानाश्चानुभावाः कार्याणीति व्यपदिश्यन्ते । एतस्य चार्थस्य लौकि-केऽपि रत्यादिकार्ये सम्भवादतिव्यापकत्वमिति हेतोः काव्यमात्रनियतानुभावपद-प्रवृत्तिनिमित्तान्तरमाह—अनुभावयन्तीति । अनुमापयन्तीत्यर्थः । अनुभावैर्हि सामाजिकनिष्ठा रत्यादय अनुमीयन्ते, कार्याणां सकारणत्वनियमादिति तात्पर्यम् ।

व्यभिचरन्तीति । विशेषेण आभिमुख्येन कार्यजनने चरन्ति स्थायिन उपकुर्वन्ति ये ते व्यभिचारिणः । सह चरन्तीति पाठेऽपि स्थायिसहकारित्वमेव सञ्चारित्वं भावानाम् । तदुक्तं दर्पणे—

भावों के जो आलम्बन कारण या उद्दीपन कारण के रूप में लोक-प्रसिद्ध हैं उन्हें ही काव्य नाट्य में स्थायिभावों के अभिव्यञ्जक होने के कारण 'विभाव' कहलाते ।

ये आलम्बनादि कारण विभाव इस लिए कहलाते यतः ये स्थायिभाव को विभावित, अर्थात् आस्वादयोग्य, करते । अन्यथा स्थायिभावों का अस्तित्व प्रमाणित न होने से किसी भी प्रक्रिया द्वारा सहृदयों को रसास्वाद न हो सकेगा ।

मुखदर्शनादि को अनुभाव इस लिए कहते यतः इनका भाव, अर्थात् उत्पादन स्थायिभावों के पश्चाद्भावी है। पश्चाद्भावी का नियतपूर्वभावी कारण से उत्पन्न—कार्य होना शास्त्र-सिद्ध है[1] । अथवा, इन्हें अनुभाव इस लिए कहा जाता यतः ये स्थायिभावों को सहृदयों के लिए अनुभावित, अर्थात् प्रतीतियोग्य बनाते—इन्हीं अनुभावों से सहृदयों को नायकादिनिष्ठ स्थायिभावों की अनुभूति होती ।

जो स्थायिभावों के साथ कभी-कभी रहते उन्हें सञ्चारिभाव और वे हीं

---

१. यह ज्ञातव्य है कि भिन्न-भिन्न स्थायी भावों से उत्पन्न रोमाञ्च आदि अनु-भावों को भी परस्पर विलक्षण हीं होना चाहिए ।

तत्र शृङ्गारस्य स्त्रीपुंसावालम्बने। चन्द्रिकावसन्तविविधोपवनरहःस्थानादय उद्दीपनविभावाः। तन्मुखावलोकनतद्गुणश्रवणकीर्तनादयोऽन्ये सात्त्विकभावाश्चानुभावाः। स्मृतिचिन्तादयो व्यभिचारिणः।

करुणस्य बन्धुनाशादय आलम्बनानि। तत्संबन्धिगृहतुरगाभरणदर्शनादयस्तत्कथाश्रवणादयश्चोद्दीपकाः। गात्रक्षेपाश्रुपातादयोऽनुभावाः।

विशेषादाभिमुख्येन चरन्तो व्यभिचारिणः।
स्थायिन्युन्मग्ननिर्मग्नाः कल्लोला इव वारिधौ॥ इति।

अत एव प्रदीपकृताऽपि वर्णितम्—

ये तूपकर्तुमायान्ति स्थायिनं रसमुत्तमम्।
उपकृत्य च गच्छन्ति ते मता व्यभिचारिणः॥ इति।

इदानीमादिनिर्दिष्टानां शृङ्गारादीनां चतुर्णां रसानां विभावानुभावव्यभिचारिभावानाह विशेषेण—तत्रेत्यादिना। उक्तेषु रसेष्वित्यर्थः।

बन्धुनाशादय इति। नष्टबन्ध्वादय इति केचित्। तत्र नष्टानामालम्बनत्वा-

---

सर्वदा साथ न रहने, अर्थात् व्यभिचरित होने, से 'व्यभिचारिभाव'[1] भी कहे जाते॥

उक्त नवविध रसों में—

शृङ्गार रस के नायक-नायिका आलम्बन विभाव हैं। रति के उभयनिष्ठ होने से नायक के लिये नायिका और नायिका के लिए नायक आलम्बन विभाव है। आलम्बन का अर्थ विषयता सम्बन्ध से रत्यादि का आश्रय है। चन्द्रिका, वसन्त ऋतु, विभिन्न प्रकार के रम्य पुष्पों से सम्पन्न उद्यान, एकान्त स्थान तथा अन्य कामोद्दीपक पदार्थ इस रस के उद्दीपन विभाव हैं। वारम्वार प्रियतम अथवा प्रियतमा के मुख का परस्पर अनुरक्तभाव से अवलोकन, उसके गुणों का श्रवण तथा उच्चारण एवम् रोमाञ्च आदि कुछ अन्य सात्त्विक भाव शृङ्गार के अनुभाव हैं। अनुरागपूर्वक परस्पर-स्मरण एवं चिन्ता आदि इसके व्यभिचारिभाव हैं॥

इष्ट जनों का विनाश अथवा उन पर आई कोई घोर विपत्ति या नष्ट इष्टजन

---

१. 'व्यभिचारी' यह नाम इस तथ्य का स्पष्ट संकेत करता कि शास्त्र में जिस रस के जितने व्यभिचारिभाव गिनाये गये हैं वे सब के सब सर्वत्र रस-स्थल में होते हीं हीं—यह आवश्यक नहीं है। वस्तुतः उद्दीपन विभावों और अनुभावों की भी यही स्थिति है। उनमें सर्वदा सब का होना अनिवार्य नहीं। ग्रन्थ में निर्देश तो उपलक्षण है।

ग्लानिक्षयमोहविषादचिन्तौत्सुक्यदीनताजडतादयो व्यभिचारिणः ।

शान्तस्यानित्यत्वेन ज्ञातं जगदालम्बनम् । वेदान्तश्रवण-तपोवन तापस-दर्शनाद्युद्दीपनम् । विषयारुचिशत्रुमित्राद्यौदासीन्यचेष्टाहानिनासाग्रदृष्ट्यादयोऽनुभावाः । हर्षोन्मादस्मृतिमत्यादयो व्यभिचारिणः ।

नुपपत्तेर्बन्ध्वादिनाशस्यैवालम्बनत्वमुचितमिति पण्डितराजाकूतम् । तथा हि यस्याश्चित्तवृत्तेर्यो विषयः स एव तस्या आलम्बनम् । प्रकृते च प्रतियोगिनि बन्ध्वादौ प्रीत्या तन्नाशाऽसहिष्णुत्वलक्षणद्वेषात्मकस्य करुणरसस्थायिनः शोकस्य विषयो न बन्ध्वादिः, तत्र द्वेषाऽभावात्, अपि तु तन्नाश एवेति युक्तं बन्ध्वादिनाशस्यैवालम्बनत्वं न तु बन्ध्वादेः । यद्वा नष्टबन्ध्वादय एवालम्बनमिति मन्तव्यम्, तथैवानुभवात् सामाजिकानाम् । अत एव स्वयमपि करुणोदाहरणावसरे 'अत्र प्रमीततनय आलम्बनम्' इति वक्ष्यति । उक्तद्वेषविषयत्वं च यद्यपि नाशस्यैव तथापि अभावस्य प्रतियोगिविशेषितत्वनियमात् प्रतियोगिनो बन्ध्वादेरपि तत्त्वं कथञ्चिन्निर्वाह्यम् । अधिकं विज्ञैर्विवेचनीयम् ।

शान्तं निरूपयति—शान्तस्येत्यादिना । चेष्टाहानिरित्येकोऽनुभावः । हिताऽहितप्राप्तिपरिहारार्था हि क्रिया चेष्टा, सा च सर्वथा जगद्विरक्ते न सम्भवति, तस्येह जगति समत्वबुद्धेः । यद्यपि पूर्वसंस्कारवशात् स हितमेवादत्ते तथापि तस्य तत्र हितत्वबुद्धिर्नास्त्येवेत्यर्थः । हर्षोन्माद इति । हर्ष उन्मादश्चेत्यर्थः । अत्रोन्मादशब्देन उत्कण्ठादिजन्यश्चित्तविप्लवो न विवक्षितः, तस्य शमप्रधाने चेतस्यसम्भवात् । अपि तु परमानन्दप्राप्तिजन्यः परमार्थतोऽसत्ये ब्रह्मभिन्ने जगति सत्यब्रह्मरूपतानुभवः, व्यवहारतः सत्ये वा जगति परमार्थतस्तद्रूपेणासत्यत्वानुभवो वा । अन्यस्मिन्नन्यावभासश्च चित्तविप्लवेऽपि न व्यभिचरति । मत्यादेर्लक्षणं स्वयमेव भावध्वनि-

---

करुण रस के आलम्बन विभाव हैं । उस प्रकार के इष्ट जनों के स्मारक उनके घर, वाहन, आभूषण आदि के दर्शन-स्मरण और उनकी कथा का श्रवण स्मरण आदि उद्दीपन विभाव हैं । विपत्ति के समय अङ्गों का विक्षेप तथा अश्रुपात आदि अनुभाव हैं । ग्लानि, क्षय, मोह, विषाद, चिन्ता, औत्सुक्य, दीनता, जड़ता आदि इस करुण रस के व्यभिचारिभाव हैं ॥

शान्त रस का आलम्बन विभाव तो अनित्य रूप में ज्ञायमान यह सम्पूर्ण जगत् है । वेदान्त-श्रवण, तपोवन और तपस्वियों के दर्शन आदि इसके उद्दीपन विभाव हैं । सांसारिक विषयों में अरुचि, शत्रु-मित्र में तटस्थता, हित प्राप्ति या अहित-निवृत्ति के लिए जनसामान्य द्वारा की जाने वाली चेष्टाओं का अभाव, नासाग्रभाग पर एकतान दृष्टि आदि इसके अनुभाव हैं और हर्ष, परमानन्दानुभव-जन्य उल्लास, स्मृति तथा मति आदि इसके व्यभिचारिभाव हैं ॥

रौद्रस्यागस्कृत्पुरुषादिरालम्बनम् । तत्कृतोऽपराधादिरुद्दीपकः । वधबन्धादिफलको नेत्रारुण्यदन्तपीडनपरुषभाषणशस्त्रग्रहणादिरनुभावः । अमर्षवेगौग्र्यचापलादयः संचारिणः ।

एवं यस्याश्चित्तवृत्तेर्यो विषयः स तस्या आलम्बनम् । निमित्तानि चोद्दीपकानीति बोध्यम् ।

तत्र शृङ्गारो द्विविधः—संयोगो विप्रलम्भश्च । रतेः संयोगकालावच्छिन्नत्वे प्रथमः, वियोगकालावच्छिन्नत्वे द्वितीयः । संयोगश्च न दंपत्योः सामानाधिकरण्यम्, एकतल्पशयनेऽपीर्ष्यादिसद्भावे विप्रलम्भस्यैव वर्ण-

---

प्रकरणे वक्ष्यति । अमर्ष इति । अयं चानुपदमेव ग्रन्थकृता लक्षितः ।

तदेवं शृङ्गारकरुणशान्तरौद्राणां विभावादीन् विशेषतो वर्णयित्वा सम्प्रति रसान्तरालम्बनोद्दीपनप्रवृत्तिनिमित्तप्रतिपादनमुखेन आलम्बनादिस्वरूपनिर्णयप्रकारमाह—एवमित्यादिना ।

अधुना शृङ्गारं विभजते—तत्रेत्यादिना । नवसु रसेषु मध्य इत्यर्थः । सामानाधिकरण्यमिति । एतच्चात्र दैशिकं ग्राह्यम्, न कालिकम्, कालिकसामानाधिकरण्यस्य द्वयोरपि शृङ्गारभेदयोः परमावश्यकत्वात् । क्वचिद् विप्रलम्भे पुनरान्तरालिककालेऽसामानाधिकरण्येऽपि अन्ततः सामानाधिकरण्यस्याऽपरिहार्यत्वात् । अत एव पुनरुज्जीवनसम्भावनाविरहविशिष्टनायकनायिकाऽन्यतरमृतत्वनिश्चये करुण एव रसो न विप्रलम्भः । तथा चात्र सामानाधिकरण्यमित्यस्यैकस्मिन् देशे काले वा वर्त्तमानत्वमिति रसचन्द्रिकाविवरणमसङ्गतमेवेति विभावनीयं विज्ञैः । ग्रन्थाक्षर-

---

उत्कट अपराध करने वाला व्यक्ति रौद्र रस का आलम्बन विभाव है । उस व्यक्ति द्वारा किये गये अपराध आदि इसके उद्दीपन विभाव हैं । उस अपराधी पुरुष के वध या बन्धन आदि में परिणत होने वाले आखों को लाल करना, दाँत पीसना, कठोर वचन बोलना और उसके पराभव के लिए अस्त्र-शस्त्र का ग्रहण करना आदि इसके अनुभाव हैं । अमर्ष, वेग, उग्रता और चञ्चलता आदि इसके व्यभिचारिभाव हैं ।

इसी प्रकार अन्य रसों के प्रसङ्ग में भी यह समझना चाहिए कि जो जिस स्थायिस्वरूप उत्साहादिचित्तवृत्तिविशेष का विषय—विषयता सम्बन्ध से आश्रय, हो वही उसका आलम्बन विभाव और जो उस चित्तवृत्तिविशेषस्वरूप स्थायिभाव के निमित्त कारण हों वे उद्दीपन विभाव होते ॥

उक्त रसों में शृङ्गार के दो भेद होते—संयोग शृङ्गार और विप्रलम्भ शृङ्गार । (वियोग या विप्रयोग शृङ्गार भी इसी द्वितीय प्रकार के नामान्तर हैं) । यदि

नात्। एवं वियोगोऽपि न वैयधिकरण्यम्, दोषस्योक्तत्वात्। तस्माद् द्वाविमौ संयोगवियोगाख्यावन्तःकरणवृत्तिविशेषौ। यत्संयुक्तो वियुक्तश्चास्मीति धीः। तत्राद्यो यथा—'शयिता सविधेऽप्यनीश्वरा' इत्यत्र निरूपितः।

यत्तु चित्रमीमांसायाम्—'वागर्थाविव संपृक्तौ' इत्यत्र रसध्वनिः, निरतिशयप्रेमशालिताव्यञ्जनात्' इति, तद्ध्वनिमार्गानाकलननिबन्धनम्।

स्वारस्यादपि दैशिकसामानाधिकरण्यस्यैवावगतेश्च। दोषस्येति। एकतल्पशयनेऽपीत्यादिवाक्योक्तस्येत्यर्थः। तत्र दैशिकवैयधिकरण्याभावेऽपि विप्रलम्भाङ्गीकारादिति हेतुरत्र। यत्=यतः। वस्तुतोऽत्र सामानाधिकरण्यज्ञानमपेक्षितम्।

निरतिशयप्रेमेति। प्रेम च नित्यसम्बद्धवागर्थवत् संपृक्तत्ववर्णनात्पार्वती-

---

रति संयोगकालावच्छिन्न (संयोगकाल से विशिष्ट) हो तो संयोग शृङ्गार और यदि वियोगकाल से अवच्छिन्न हो तो विप्रलम्भ शृङ्गार होता। संयोग का अर्थ नायक-नायिका का एक देश में अवस्थान (दैशिक सामानाधिकरण्य) नहीं, क्योंकि यदि नायक-नायिका में परस्पर ईर्ष्या आदि के कारण तात्कालिक वैमत्य हो तो एक घर में क्या, एक शय्या पर भी दोनों के लेटे रहने पर आचार्यों ने विप्रलम्भ शृङ्गार हीं माना है, संयोग शृङ्गार नहीं। अत एव विप्रलम्भ का भी अर्थ दैशिक वैयधिकरण्य नहीं है, क्योंकि ऐसा मानने में जो दोष आता—वह कहा जा चुका है। तात्पर्य यह है कि यदि दैशिक वैयधिकरण्य हीं विप्रलम्भ हो तब तो तात्कालिक वैमत्य के कारण एक शय्या पर लेटी नायक-नायिका के बीच दैशिक सामानाधिकरण्य रहने पर भी विप्रलम्भ का जो आचार्यों ने स्वीकार किया है वह असङ्गत हो जायेगा। अतः संयोग और विप्रलम्भ ये दोनों हीं दो चित्तवृत्तियाँ हैं जिनके कारण नायक-नायिका में क्रमशः 'हम संयुक्त हैं' और 'हम वियुक्त हैं' इस प्रकार की धारणाएँ बनतीं।[1] इन दोनों भेदों में संयोग शृङ्गार का उदाहरण तो उत्तमोत्तम काव्य का जो उदाहरण 'शयिता सविधेऽप्यनीश्वरा' आदि पद्य दिया गया है वही है।

चित्रमीमांसाकार अप्पय्य दीक्षित ने रघुवंश के प्रथम पद्य—"वागर्थाविव

---

१. अतः उक्त धारणाएं चाहे दैशिक सामानाधिकरण्य होने पर होती हों या इसके अभाव में, यथाक्रम उभयविध शृङ्गार रस होगा। कालिक सामानाधिकरण्य तो उभयविध शृङ्गारों में अनिवार्य है, इसके अभाव का ज्ञान होने पर तो करुणरस हीं होगा, शृङ्गार नहीं।

पार्वतीपरमेश्वरविषयककविरतौ प्रधाने निरतिशयप्रेम्णो गुणीभावात्। न हि गुणीभूतस्य रत्यादे रसध्वनिव्यपदेशहेतुत्वं युक्तम्, 'भिन्नो रसाद्यलंकारादलंकार्यतया स्थितः' इति सिद्धान्तात्।

द्वितीयो यथा—

वाचो माङ्गलिकीः प्रयाणसमये जल्पत्यनल्पं जने
केलीमन्दिरमारुतायनमुखे विन्यस्तवक्त्राम्बुजा।
निःश्वासग्लपिताधरोपरि पतद्बाष्पार्द्रवक्षोरुहा
बाला लोलविलोचना शिव शिव प्राणेशमालोकते॥

परमेश्वरयोर्व्यज्यते। स्वोक्तार्थे मम्मटोक्तिं प्रमाणयति—भिन्न इत्यादिना। इदं चित्रमीमांसाखण्डनं ग्रन्थकृतः प्रौढिवादमात्रम्, तत्रास्मिन्नुदाहरणे स्पष्टमेव ध्वनित्वखण्डनादिति विभावनीयम्।

द्वितीयः=विप्रलम्भः। वाच इत्यादि। स्वप्राणेशस्य प्रयाणसमये माङ्गलिकीर्मङ्गलफलिका वाचो जनेऽनल्पं जल्पति सति क्रीडागृहगवाक्षमुखे विन्यस्तं मुखकमलं यया सा, अथ च निःश्वासैरुष्मातिशयवद्भिः ग्लपितस्य मलिनीकृतस्याधरस्योपरि पतद्भिर्बाष्पैरार्द्रौ स्तनौ यस्याः सा लोलविलोचना बाला प्राणेशमालोकत इत्यर्थः। शिव शिवेति खेदातिशयद्योतनाय।

सम्पृक्तौ····· ·····" में यह कहा है कि इससे पार्वती-परमेश्वर के निरतिशय प्रेम का अभिव्यञ्जन होने से यहाँ शृङ्गाररसध्वनि है। किन्तु उन्होंने यह वक्तव्य ध्वनिमार्ग के मर्म को न समझ कर दिया है, अतः अनुचित है। वस्तुस्थिति यह है कि पूर्वोक्त पद्य में तो कवि की जो पार्वती-परमेश्वर-विषयक रति है वही प्रधान है, उन दोनों का निरतिशय प्रेम तो उस कविरति का गुणीभूत है। अतः पार्वती-परमेश्वरनिष्ठ रति को ध्वनि नहीं कहा जा सकता, क्योंकि गुणीभूत पदार्थ ध्वनिपदवाच्य कदापि नहीं होता। काव्यप्रकाश (आदि) में यह सिद्धान्त स्थापित है कि गुणीभूत होने के कारण अलङ्कारभूत रसादि से प्रधानीभूत अलङ्कार्य, अत एव ध्वनिपदवाच्य, रस सर्वथा भिन्न है। इससे स्पष्ट है कि गुणीभूत पार्वती-परमेश्वरनिष्ठ रति ध्वनिपदाभिधेय हो नहीं सकती, यहाँ तो पार्वती-परमेश्वरात्मक देवताविषयक कविरतिस्वरूप 'भाव' ही ध्वनिव्यपदेश्य है॥

अब विप्रलम्भ शृङ्गार का उदाहरण देखिए:—"एक ओर तो नायक का अपने घर से प्रस्थान करते समय उसके इष्ट जन प्रचुर रूप में प्रास्थानिक मङ्गलगान कर रहे हैं और दूसरी ओर उसकी नवोढ़ा प्रियतमा अपने रतिक्रीडागृह की खिड़की पर अपना मुखकमल रख कर अपने प्रस्थान-परायण प्राणनाथ

अत्राप्यालम्बनस्य नायकस्य, निःश्वासाश्रुपातादेरनुभावस्य, विषाद-चिन्तावेगादेश्च व्यभिचारिणः संयोगाद्रतिरभिव्यज्यमाना वियोगकालाव-च्छिन्नत्वाद् विप्रलम्भरसव्यपदेशहेतुः ।

यथा वा—

आविर्भूता यदवधि मधुस्यन्दिनी नन्दसूनोः
कान्तिः काचिन्निखिलनयनाकर्षणे कार्मणज्ञा ।
श्वासो दीर्घस्तदवधि मुखे पाण्डिमा गण्डयुग्मे
शून्या वृत्तिः कुलमृगदृशां चेतसि प्रादुरासीत् ॥

आविर्भूतेत्यादि । यदवधि यतः प्रभृति नन्दसूनोः कृष्णस्य मधुस्यन्दनशीला कामरसस्यन्दिनी, निखिलानां नयनानामाकर्षणे कार्मणज्ञा मन्त्रतन्त्रविधिज्ञा वशी-करणक्षमा काचिद् विलक्षणा नवयौवनप्रभवा कान्तिराविर्भूता तदवधि ततः प्रभृत्येव कुलमृगदृशां यदुरमणीनां वियोगातिशयवशाद् दीर्घः श्वासो मुखे, पाण्डिमा गण्डयुग्मे, चेतसि च शून्या निरालम्बना वृत्तिः प्रादुरासीत् प्रावर्त्ततेत्यर्थः । निरालम्बनत्वं च वृत्तेः श्रीकृष्णप्राप्त्यशक्यतयोन्नेयम् ।

अत्रालम्बनस्य श्रीकृष्णस्यानुभावस्य दीर्घश्वासादेस्तद्व्यङ्ग्यविषादादिव्यभिचा-रिणश्च संयोगाद् वियोगकालावच्छिन्नत्वेन विप्रलम्भो व्यज्यत इति पूर्ववज्ज्ञेयम् ।

को बड़ी ही कातर दृष्टि से एकटक देख रही है और उसकी आखों से इतने आँसू बह रहे हैं जो उसके दीर्घ उष्ण निश्वास से कुम्हलाये अधर से टपकते हुए उसके स्तनों को भी गीले कर रहे हैं । ओह ! कितने कष्ट की बात है !"

एक नवोढ़ा के विषय में किसी सहृदय द्वारा उक्त इस पद्य में नायक-स्वरूप आलम्बन विभाव, निःश्वास-अश्रुपात आदि अनुभावों और विषाद, चिन्ता, आवेग आदि व्यभिचारिभावों के सम्बन्ध से अभिव्यज्यमान जो नायिकानिष्ठ नायक-विषयक रति है वह वियोगकाल से अवच्छिन्न (=वियोगकालिक) होने से विप्रलम्ब कहलाती है ।

एक अन्य उदाहरण भी—

"जब से नन्दतनय श्रीकृष्ण की युवतियों के मन में कामरस प्रवाहित करने वाली और उन सब की आँखों को आकृष्ट करने में जादूगर के समान कुशल यौवनावस्था की वह अलौकिक छटा प्रकट हुई उसी समय से कुलाङ्गनाओं के मुख पर दीर्घ श्वास, उनके दोनो कपोलों पर सफेदी और उनके मन में शून्य वृत्ति (=उदासी) का भी आरम्भ हो गया ॥"

इसमें भी श्रीकृष्ण आलम्बन विभाव, दीर्घ श्वास आदि अनुभाव

यथा वा—

नयनाञ्चलावमर्शं या न कदाचित्पुरा सेहे।
आलिङ्गितापि जोषं तस्थौ सा गन्तुकेन दयितेन ॥

इहापि सहजचाञ्चल्यनिवृत्तिर्जडता चानुभावव्यभिचारिणौ। इमं च पञ्चविधं प्राञ्चः प्रवासादिभिरामनन्ति। ते च प्रवासाभिलाषविरहेर्ष्याशापानां विशेषानुपलम्भान्नास्माभिः प्रपञ्चिताः।

करुणो यथा—

अपहाय सकलबान्धवचिन्तामुद्वास्य गुरुकुलप्रणयम्।
हा तनय विनयशालिन्! कथमिव परलोकपथिकोऽभूः ॥

श्रीकृष्णविषयककविरतिं प्रति विप्रलम्भरतेर्गुणीभूतत्वाशङ्कयोदाहरणान्तरं नयनाञ्चलेत्यादीति रसचन्द्रिका। नयनाञ्चलेत्यादि। नयनाञ्चलस्य पक्ष्मणोऽवमर्शमाघातं या पुरा न सेहे सैव गन्तुकेन दयितेनालिङ्गिताऽपि गमनकाले जोषं तूष्णीं तस्थौ जडवदिति पद्यार्थः। अत्रावमर्शश्च सम्भोगकालिकपतिपक्ष्मणो विवक्षितः। यद्वाऽत्र लोकसमक्षं पतिकटाक्षसम्बन्ध एव नयनाञ्चलावमर्शः। इमं चेति। विप्रलम्भशृङ्गारमित्यर्थः। प्राञ्चः प्रकाशकारादयः। विशेषाऽनुपलम्भादित्यस्य फले विप्रलम्भभेदानाम् इत्यादिः।

अपहायेत्यादि उद्वास्य=निरस्य। अत्र विनयशालित्वेन बान्धवपरित्याग

और दीनता आदि व्यभिचारिभावों के सम्बन्ध से कुलाङ्गनानिष्ठ श्रीकृष्णविषयक रति अभिव्यक्त हो रही है। यतः यह रति वियोगकाल से अवच्छिन्न है अत एव इसे भी विप्रलम्भ कहा जाना चाहिए।

अथवा यह तीसरा उदाहरण देखिए :—

"जो यह कामिनी लोकलज्जा के कारण अपने प्रियतम के कटाक्षपात को भी पहले कभी न सह पाती थी वही आज दूर जाने वाले पति के द्वारा प्रगाढ़ आलिङ्गन किये जाने के समय भी चुपचाप खड़ी रही ॥"

इस पद्य में प्रस्थान करने वाला प्रियतम आलम्बन विभाव, प्रस्थानादि उद्दीपन विभाव, चञ्चलता की निवृत्ति अनुभाव और इससे व्यज्यमान जड़ता आदि व्यभिचारिभाव हैं। यतः नायिका की नायकविषयक रति यहाँ वियोगकाल से अवच्छिन्न है अतः यहाँ का शृङ्गार विप्रलम्भ कहा जाएगा।

मम्मट आदि प्राचीन आचार्य वियोग के हेतुओं के प्रवास, अभिलाष, विरह, ईर्ष्या और शाप इन पाँच प्रकार के होने से विप्रलम्भ को भी पाँच प्रकार का मानते। किन्तु हमने इन सब का पृथक् वर्णन इसीलिए छोड़ दिया है कि इनमें, वस्तुतः इनके फल में, कोई स्पष्ट तारतम्य प्रतीत नहीं होता।

अब करुण रस का उदाहरण लीजिए :—

अत्र प्रमीततनय आलम्बनम्। तत्कालावच्छिन्नबान्धवदर्शनाद्युद्दीपनम्। रोदनमनुभावः। दैन्यादयः संचारिणः।

शान्तो यथा—

मलयानिलकालकूटयो रमणीकुन्तलभोगिभोगयोः।
श्वपचात्मभुवोर्निरन्तरा मम जाता परमात्मनि स्थितिः॥

अत्र प्रपञ्चः सर्वोऽप्यालम्बनम्। सर्वत्र साम्यमनुभावः। मत्यादयः संचारिणः। यद्यपि प्रथमार्धे उत्तमाधमयोरुपक्रमाद्द्वितीयार्धेऽधमोत्तमवचनं क्रमभङ्गमावहति, तथापि वक्तुर्ब्रह्मात्मकतयोत्तमाधमज्ञानवैकल्यं

आश्चर्यं द्योत्यते। प्रमीतो मृतः।

मलयानिलेत्यादि। निरन्तरा=तारतम्यरहिता। 'मानापमानयोस्तुल्यः' इत्यादि वचनं चात्र प्रमाणम्। उत्तमा...वैकल्यमिति। एतच्च परमात्मप्रतिष्ठस्य सर्वत्र तुच्छत्वबुद्धिरित्यतो लभ्यते।

"हा विनयशील पुत्र! अपने सभी परिजनों की अपार चिन्ता को छोड़कर और गुरुकुल के अगाध प्रेम की उपेक्षा कर तूँने क्योंकर परलोक का पथ अपना लिया!"

यहाँ मृत पुत्र आलम्बन विभाव है। मृत्युकाल में उपस्थित प्रियजनों के दर्शन आदि उद्दीपन विभाव हैं। रोदन अनुभाव है और दैन्य आदि व्यभिचारिभाव हैं। अतः इनसे अभिव्यज्यमान पित्रादिनिष्ठ शोकस्वरूप स्थायिभाव करुणरस के रूप में अभिव्यक्त होता है।

अब शान्तरस का उदाहरण प्रस्तुत है :—

"मेरी तो परमात्मा में प्रतिष्ठा हो चुकी है, अर्थात् मैं परमात्मस्वरूप हो चुका हूँ, जिससे (प्रतिष्ठा से) मलयानिल और विष के, रमणी के आकर्षक केश-कलाप और सर्प की फणा के एवम् चाण्डाल और सर्वज्ञ ब्रह्मा के बीच कोई अन्तर नहीं रह गया॥"

इसमें तुच्छ रूप में परिज्ञात समस्त प्रपञ्च आलम्बन विभाव है। सभी उच्च-नीच सांसारिक पदार्थों में समत्वबुद्धि अनुभाव है और मति, धृति आदि व्यभिचारिभाव हैं। इन सब से शान्तरस अभिव्यक्त है। यद्यपि इस पद्य के पूर्वार्द्ध में पहले प्रकृष्ट-पदार्थों—मलयपवन और कामिनी-केशकलाप का और बाद में अपकृष्ट—विष और सर्प की फणा का निर्देश और उत्तरार्ध में पहले अपकृष्ट चाण्डाल का और बाद में उत्कृष्ट ब्रह्मा का निर्देश होने से क्रमभङ्ग अवश्य दिखाई देता तथापि प्रकृत में यह दोष न होकर गुण ही है, क्योंकि इससे वक्ता का यह

संपन्नमिति द्योतनाय क्रमभङ्गो गुण एव ।

इदं पुनर्नोदाहार्यम्—

सुरस्रोतस्विन्याः पुलिनमधितिष्ठन्नयनयो-
र्विधायान्तर्मुद्रामथ सपदि विद्राव्य विषयान् ।
विधूतान्तर्ध्वान्तो मधुरमधुरायां चिति कदा
निमग्नः स्यां कस्यांचन नवनभस्याम्बुदरुचि ॥

अत्रापि यद्यपि विषयगणालम्बनः सुरस्रोतस्विनीतटाद्युद्दीपितो नयननिमीलनादिभिरनुभावितः स्थायी निर्वेदः प्रतीयते, तथापि भगवद्वासुदेवालम्बनायां कविरतौ गुणीभूत इति न शान्तरसध्वनिव्यपदेशहेतुः । इदं च पद्यं मन्निर्मितायां भगवद्भक्तिप्रधानायां करुणालहर्यामुपनिबद्धमिति

प्रत्युदाहरणमाह—इदमित्यादिना ।

सुरस्रोतस्विन्या इत्यादि । विधूतमन्तर्ध्वान्तमज्ञानं यस्य तादृशोऽहं गङ्गातटे तिष्ठन् नयनयोरन्तर्मुद्रां विधाय नयनेऽन्तर्मुखे कृत्वा, निमील्येति यावत्, परमतत्त्वदर्शने चार्मणचक्षुषोर्व्यापाराभावात्, विषयांश्च तद्दर्शनप्रतिबन्धकान् सपदि विधूय कस्यांचन विलक्षणायां नवस्य नभस्याम्बुदस्य भाद्रपदीयघनस्य रुचिरिव रुचिर्यस्याः तस्यां चिति चैतन्यस्वरूपे परमात्मनि श्रीकृष्णे कदा निमग्नः स्यामिति पद्यार्थः ।

भावस्यैव कविरतिरवरूपस्यात्र प्राधान्यं प्रतिपादयितुमाह—इदं चेत्यादि ।

चरमोत्कर्ष द्योतित हो रहा है कि उसके ब्रह्मरूप हो जाने से उसकी दृष्टि में इस प्रपञ्च का कोई पदार्थ न उत्कृष्ट है और न अपकृष्ट हीं । अतः इस पद्य को क्रमभङ्गदोषयुक्त नहीं कहा जा सकता ।

किन्तु निम्नलिखित पद्य शान्तरस का उदाहरण नहीं हो सकता :—

"अज्ञान से रहित होकर मैं गङ्गातट पर अवस्थित होकर अपनी आँखों को अन्तर्मुख और सभी विषयों का परित्याग करके अत्यन्त आकर्षक एवं भाद्रपद के नवीन घन के समान रोचक चित्स्वरूप भगवान् श्रीकृष्ण में कब निमग्न हो जाऊँगा !"

यद्यपि इस पद्य में भी विषय-समूहस्वरूप आलम्बन, गङ्गातट आदि उद्दीपन विभावों और नेत्रनिमीलन आदि अनुभावों से सम्बलित निर्वेदात्मक स्थायिभाव प्रतीत होता तथापि यह शान्तरसध्वनि कहलाने योग्य नहीं है, क्योंकि भगवान् श्रीकृष्ण के प्रति जो कवि का निरतिशय प्रेम है वही इसमें, प्रसङ्गानुसार, प्रधान है,

वृत्तिरप्यत्र महोद्धता रौद्रस्य परमौजस्वितां परिपुष्णाति। अन्यत्र गुरुस्मरणे सत्यहंभावविगमस्यावश्यकतया प्रकृते चाजहत्स्वार्थलक्षणामूलध्वननेन मदीयेत्यनेन गर्वोत्कर्षस्यैव प्रकाशनात्स्फुटं गम्यमानेन विवेकशून्यत्वेन क्रोधस्याधिक्यं गम्यते।

कारिभूतमोजोगुणं तदनुकूलं गुम्फं च वक्ष्यमाणमत्र उपपादयति—वृत्तिरित्यादिना। रौद्रस्य=क्रोधस्य। परमौजस्विताम्=रसावस्थावाप्तिपर्यन्तमुत्कर्षम्। अन्यत्र=क्रोधाभावकाले। मदीयेत्यत्रास्मत्पदस्याजहत्स्वार्थलक्षणया स्वार्थसहितः त्रिःसप्तकृत्वः क्षत्रियाणां निहन्ता पित्रादेशान्मातृवधकर्त्तेत्यादिर्वाऽर्थः। एतेन च क्षत्रियनिहन्तृत्वादिनैकेन रूपेण अस्मच्छब्दार्थप्रतीतिः। अयमाशयः—अन्यस्य कस्यचिद् गुरुशब्दार्थस्य क्रोधोद्दीपकत्वाभावात् प्रकरणविरोधाच्च ज्ञानदातैवार्थः सिद्धः। एतादृशस्य गुरोः शिष्यसापेक्षत्वान्मदीयपदप्रयोगं विनापि प्रक्रान्तजामदग्न्यसम्बन्धप्रतीतेर्वाच्यमात्रार्थकस्य अस्मच्छब्दस्य प्रकृते नोपयोगः। इममेवानुपयोगलक्षणं मुख्यार्थबाधमादाय प्रकृते लक्षणया क्षत्रियनिहन्तृत्वधर्मविशिष्टस्य धर्मिणः प्रतीतिः। व्यञ्जनया चेतराणां मातृहन्तृत्वादीनां बहूनां धर्माणां बोधः। अस्मच्छब्दवाच्यमात्रस्य प्रतीतेरनुपयोगेऽपि विरोधित्वाभावादहजहत्स्वार्थैव लक्षणा। तया च प्रकृतेऽर्थान्तरसंक्रमितवाच्यध्वनिरिति। लक्षणयैव सर्वेषां धर्माणां प्रतीतिस्तु न मन्तव्या, एकस्यैवोपयोगिनो धर्मस्य लक्ष्यत्वेनैव मुख्यार्थबाधस्यानुपयोगित्वलक्षणस्य निराकरणादन्यत्र धर्मेषु लक्षणाया अप्रसरादिति। एतादृशेन च लक्ष्यार्थेन

जाना उचित हीं है। टूटने की कड़कड़ाहट के श्रवण से अनुमित 'निर्भीक होकर धनुष का तोडना' उद्दीपन विभाव है। कठोर वचन बोलना अनुभाव है। अभिव्यज्यमान अहङ्कार, उग्रता आदि व्यभिचारिभाव हैं। यह पद्यात्मक वचन धनुर्भङ्ग की ध्वनि सुनने से टूटी हुई समाधि वाले परशुराम द्वारा कहा गया है। यहाँ उपलब्ध अत्यन्त उद्धत 'वृत्ति' रौद्र रस (क्रोध) की अत्यन्त उत्कटता का परिपोषक है। वस्तुतः जब क्रोध नहीं होता तो व्यक्ति में अहङ्कार का उदय नहीं होता। इस पद्य में, इसके विपरीत, 'मदीय' शब्द से अत्यधिक गर्व (अहङ्कार) की प्रतीति होती। तात्पर्य यह है कि गुरु शब्द के नित्यसापेक्ष होने से और प्रसङ्गवश भी 'मेरे गुरु' ऐसा अर्थ 'मदीय' इस विशेषण के विना भी स्पष्ट है। अतः स्वार्थमात्र के प्रतिपादन के लिए इस पद्य में 'मदीय' विशेषण का कोई उपयोग नहीं है। यही अनुपयोगिता यहाँ 'मदीय' शब्द के मुख्यार्थ की बाधा है। अतः इस शब्द को लाक्षणिक मानना तो आवश्यक है हीं जिससे 'मदीय' शब्द की अनुपयोगिता का निराकरण हो सके। इस लिए 'इक्कीस बार समस्त क्षत्रियों का संहार करना' अथवा

इदं तु नोदाहार्यम्—

धनुर्विदलनध्वनिश्रवणतत्क्षणाविर्भव-
न्महागुरुवधस्मृतिः श्वसनवेगधूताधरः।
विलोचनविनिःसरद्बहलविस्फुलिङ्गव्रजो
रघुप्रवरमाक्षिपञ्जयति जामदग्न्यो मुनिः॥

अत्राप्यपराधास्पदेन रघुनन्दनेनालम्बितो धनुर्विदलनध्वनिश्रवणेनो-

---

गर्वोत्कर्षस्य, तेन च विवेकशून्यत्वस्य, तेन च क्रोधाधिक्यस्य ध्वननमिति सन्दर्भार्थः। क्रोधस्याधिक्यं चात्र रसपर्यन्त उत्कर्ष एव।

अधुना प्रत्युदाहरणमुखेन क्रोधस्य व्यङ्ग्यस्य गुणीभूतत्वमुपपादयति—धनुर्विदलनेत्यादिपद्येन। धनुर्विदलनेन जायमानस्य ध्वनेः श्रवणात् तत्क्षणे श्रवणक्षणे तदव्यवहितोत्तरक्षण एव वाविर्भवन्ती महागुरोः पितुर्जमदग्नेर्वधस्य सहस्रबाहुसूनुकृतस्य स्मृतिर्यस्य, पितृवधोद्भूतक्रोधोत्थस्य श्वसनस्य निःश्वासस्य वेगेन धूतः कम्पितोऽधरोष्ठो यस्य, क्रोधारुणाभ्यां विलोचनाभ्यां विनिस्सरन् बहलो विपुलः स्फुलिङ्गव्रजोऽग्निकणसमूहो यस्य, अथ च रघुप्रवरं धनुर्भञ्जकं रामचन्द्रम् आक्षिपन् जामदग्न्यः परशुरामो मुनिर्जयति सर्वोत्कर्षेण वर्त्तत इति पद्यार्थः। अत्र तृतीयचरणं 'क्रोधाद् रक्तनेत्राभ्यां विनिस्सरतां बहलानां विस्फुलिङ्गानां व्रजं यस्य सः' इति रसचन्द्रिकोक्तौ समासश्चिन्त्यः, व्रजशब्दस्य समूहार्थकस्य नपुंसकत्वमपि तथैव। अत्र वचनस्यान्यवक्तृकतया रघुप्रवरेति विशेष्योपादानेऽपि न पूर्वपद्यवद् दोषः।

अत्रालम्बनविभावादिव्यङ्ग्योऽपि क्रोधो जयतिपदप्रतिपादितायां परशुरामविषयिण्यां कविरतौ गुणीभूत इति न ध्वनिकाष्ठामधिरोहतीत्युपपादयति—अत्रेत्यादिना।

अन्य एक प्रकृतोपयोगी धर्मविशेष से विशिष्ट मेरे गुरुके कार्मुक·····इस प्रकार का लक्ष्यार्थ 'मदीय' शब्द का स्वीकार करना पड़ता है। अतः यह अजहत्स्वार्था लक्षणा है। इससे वक्ता परशुराम की विवेकशून्यता का और इस विवेकशून्यता से अत्यधिक क्रोध का अभिव्यञ्जन होता। इस प्रकार यह भी स्पष्ट है कि यहाँ अर्थान्तरसङ्क्रमितवाच्य ध्वनि है॥

निम्नलिखित पद्य तो रौद्ररसध्वनि का उदाहरण नहीं हो सकता है:—

"एक क्षत्रिय द्वारा किये गये शिवधनुर्भङ्ग के कोलाहल को सुनने से तत्काल जिन्हें सहस्रबाहुपुत्र द्वारा किये गये अपने पिता जमदग्नि के वध का स्मरण हो आया है, जिनका अधर अपने क्रोधजनित निःश्वास से फड़क रहा है, जिनकी आँखों से क्रोधाग्नि की चिनगारियाँ निकल रही हैं और जो रामचन्द्र पर अपना आक्रोश प्रकट कर रहे हैं उन मुनि परशुराम की जय हो।"

द्दीपितो निश्वासनेत्रवलनादिभिरनुभावितो महागुरुवधस्मृतिगर्वोग्रत्वादिभिश्च संचारितः क्रोधो यद्यपि व्यज्यते, तथाप्यसौ तत्प्रभाववर्णनबीजभूतायां कविरतौ गुणीभूत इति न रौद्ररसध्वनिव्यपदेशहेतुः। काव्यप्रकाशगतरौद्ररसोदाहरणे तु 'कृतमनुमतं दृष्टं वा यैरिदं गुरुपातकम्' इति पद्ये रौद्ररसव्यञ्जनक्षमा नास्ति वृत्तिः, अतस्तत्कवेरशक्तिरेव।

महागुर्वित्यादि। महागुरुवधस्मृतेर्वाच्यतया व्यभिचारित्वकथनं चिन्त्यम्। तत्प्रभावेत्यादि। तस्य परशुरामस्य प्रभावस्तद्वर्णनं बीजभूतं यस्यां रतावित्यर्थः। यद्वा तत्प्रभाववर्णनस्य बीजभूतायां रतावित्यर्थः।

कृतमनुमतमित्यादि। भट्टनारायणकृते वेणीसंहारे तृतीयेऽङ्के पितृवधेनातिक्रुद्धस्याश्वत्थाम्न इयमुक्तिः। रौद्ररसव्यञ्जनक्षमा वृत्तिः 'परुषा' 'गौडी' इत्यादिनामभिः प्रसिद्धा। कवेः=भट्टनारायणस्य। अशक्तिरेवेति। आनन्दवर्धनाभिनवगुप्तपादादिभिस्तु 'यो यः शस्त्रं बिभर्ति' इत्यादिवेणीसंहारपद्य एव सत्यप्येतादृशवृत्त्यभावे प्रसादेन रौद्ररसाभिव्यञ्जनं स्वीकृतमेव। स्वयमपि वक्ष्यत्येवमेवेति प्रौढिरेवेयं पण्डितराजस्य। रौद्रस्य युद्धवीराद् भेदकं तु रक्तास्यनेत्रत्वमुक्तं दर्पणकारेण।

इस पद्य में भी अपराधी रामचन्द्र परशुराम के क्रोध के आलम्बन हैं। धनुर्भङ्ग के कोलाहल का सुनना उद्दीपनविभाव है। क्रोधजनित निःश्वास और आँखों से क्रोधाग्नि की चिनगारियों का निकलना आदि अनुभाव हैं। अपने पिता के वध का स्मरण[1], अहङ्कार एवम् उग्रता आदि व्यभिचारिभाव हैं। अतः क्रोध का अभिव्यञ्जन तो होता ही है। किन्तु यह क्रोध परशुराम के प्रभाव के वर्णन के मूलभूत कवि-(वक्तृ-) निष्ठ रति (निरतिशयप्रेम=भक्ति) का अङ्ग है, क्योंकि 'जयति' इस सर्वोत्कर्षबोधक क्रिया पद से यह रति स्पष्ट रूप से प्रतिपादित है। अतः इसे रौद्ररसध्वनि का उदाहरण नहीं कहा जा सकता, क्योंकि अन्याङ्गभूत रस ध्वनिपदव्यपदेश्य नहीं होता। काव्यप्रकाश में जो :—

'कृतमनुमतं दृष्टं वा यैरिदं गुरुपातकम्' इत्यादि वेणीसंहार का पद्य रौद्ररसध्वनि का उदाहरण दिया गया है उसमें रौद्ररस के अभिव्यञ्जन के लिए अपेक्षित महोद्धता वृत्ति (=परुषा=कठोराक्षरघटिता वर्णसंघटना) नहीं है। कवि चाहता तो है इस पद्य द्वारा उत्कट कोटि के क्रोध को व्यक्त करना, किन्तु अनुकूल वृत्ति से

---

१. इस 'स्मरण' के वाच्य होने से इसे व्यभिचारिभाव कहना उचित नहीं है, क्योंकि व्यभिचारिभाव व्यङ्ग्य होता, वाच्य नहीं, हाँ यदि महागुरु शब्द का अर्थ माता हो जिनका वध परशुराम ने पिता की आज्ञा से किया था तो कथञ्चित् इसे व्यभिचारिभाव कहा जा सकता है।

वीरश्चतुर्धा—दानदयायुद्धधर्मैस्तदुपाधेरुत्साहस्य चतुर्विधत्वात्। तत्राद्यो यथा—

कियदिदमधिकं मे यद्द्विजायार्थयित्रे
कवचमरमणीयं कुण्डले चार्पयामि।
अकरुणमवकृत्य द्राक्कृपाणेन निर्यद्-
बहलरुधिरधारं मौलिमावेदयामि॥

एषा द्विजवेषायेन्द्राय कवचकुण्डलदानोद्यतस्य कर्णस्य तद्दानविस्मितान् सभ्यान्प्रत्युक्तिः। अत्र याचमान आलम्बनम्। तदुदीरिता स्तुतिरुद्दी-

---

तत्र रक्तास्यनेत्रतेत्यनेनोत्साहात् क्रोधाविर्भावो बोधितः, युद्धवीरे पुनरुत्साहमात्रमिति भेदोऽनयोस्तात्पर्यविषयीभूतः।

तदुपाधेरिति। स्थायिभावो रस इति पक्षे ते दानादय उपाधयो यस्येति विग्रहः। स्थायिभावावच्छिन्ना चिदेव रस इति पक्षे तु स्थायिभावानां रसोपाधित्वमिति तस्य प्रकृतस्य वीररसस्योपाधिरिति विग्रहः।

आद्यः=दानवीरः। कियदित्यादि। अर्थयित्रे याचकाय द्विजाय विप्ररूपधारिणे (इन्द्राय) यदहमरमणीयं क्षुद्रत्वादुपेक्षणीयमात्मनः कवचं कुण्डलद्वयं चार्पयामि तत् कियदधिकम्? अपि तु स्वल्पमेव। अधिकं तु तदा भवेद् यदि द्राग् झटिति कृपाणेन स्वकीयं शिरोऽकरुणमवकृत्य छित्त्वा निर्यती निस्सरन्ती बहला रुधिरस्य धारा यस्मात् तच्छिरः तस्मै द्विजाय आवेदयामि। अर्पयामीत्यत्र किंवृत्ते लिप्सायामिति लट्, आवेदयामीत्यत्र च वर्त्तमानसामीप्ये स इति बोध्यम्। निर्यद्बहलेत्यादौ सप्तम्यन्तान्यपदार्थको बहुव्रीहिसमासो रसचन्द्रिकायामुक्तश्चिन्त्यः।

युक्त पद्य की रचना नहीं कर सका। अतः यह कवि की अशक्ति तो हैं हीं; साथ साथ इसे रौद्र का उदाहरण देने वाले काव्यप्रकाशकार की भी अशक्ति है॥

वीररस के चार भेद हैं, क्यों कि दान, दया, युद्ध और धर्म—ये चार इसकी उपाधियाँ है—ऐसा प्राचीन आचार्यों का मत है।

इनमें दानवीर का उदाहरण है :—

"एक तो कोई याचना कर रहा हो, वह भी एक ब्राह्मण हो, तो उसे अपना तुच्छ कवच और ये दोनों कुण्डल दान कर देना मेरे लिए कौन-सी बड़ी बात है! यथार्थ दान तो तब होगा यदि मैं निर्दयभाव से अपने खड्ग से झट से काट कर खून की धारा से लथपथ अपना शिर उसे समर्पित कर दूँ॥"

ब्राह्मण का वेष धारण कर इन्द्र जब कर्ण के पास आये तो कर्ण ने उन्हें अपने कवच और कुण्डल दे दिये। उस समय कर्ण की दानवीरता को देखकर वहाँ उपस्थित लोग बहुत हीं विस्मित होकर कर्ण की प्रशंसा करने लगे। उन्हीं के प्रति कर्ण की

पिका ।" कवचादिवितरणं तत्र लघुत्वबुद्ध्यादिकं चानुभावः । मे इत्यर्थान्तरसङ्क्रमितवाच्यध्वन्युत्थापितो गर्वः स्वकीयलोकोत्तरपितृजन्यत्वादिस्मृतिश्च संचारिणौ । वृत्तिरप्यत्र तत्तदर्थानुरूपोद्गमविरामशालितया सहृदयैकचमत्कारिणी । तथा हि—उत्साहपोषकं कवचकुण्डलार्पणयोर्लघुत्व-

---

अर्थान्तरसंक्रमितेत्यादि । अयम्भावः—अर्पयामीत्यादिक्रियापद उत्तमपुरुषसामर्थ्यात् प्रकान्तत्वाच्चास्मदर्थस्य प्रतीत्या तदभिधानाय 'मे' इतिपदस्य नात्रोपयोग इति वाच्यार्थमात्रविवक्षायामनुपयोगितालक्षणवाच्यार्थबाधादत्रास्मत्पदं लाक्षणिकं सत् सकलकोषदातृत्वविशिष्टमस्मत्पदार्थं बोधयति । अविरोधित्वाच्चात्रास्मच्छब्दवाच्यार्थस्य लक्ष्यार्थे समावेशोऽपि नायुक्त इत्युपादानलक्षणैवात्र । तत एव लक्षिताद्धर्मविशिष्टधर्मिणोऽनुपयोगितालक्षणवाच्यार्थबाधस्य निराकरणादर्थान्तरे गर्वादौ क्षीणसामर्थ्योपादानलक्षणा न तद्धर्मान्तरं प्रतिपादयितुमलमिति व्यञ्जनैवासंख्येयार्थद्योतिका तत्प्रतिपादिकाऽगत्या स्वीकर्त्तव्येति भवति गर्वादीनामर्थान्तरसंक्रमितध्वनिसमुत्थापितत्वमिति । स्वकीयेति । एतच्चास्मदर्थापेक्षया, सहृदयापेक्षया तु तदीयेति मन्तव्यम् । स्मृतिः सहृदयानामिति शेषः । एषा च स्मृतिः शक्यसम्बद्धत्वादुक्तार्थस्यैकसम्बन्धिज्ञानविधया जायते । ये तु लोकोत्तरपितृजन्यत्वं शक्यतावच्छेदकं मन्यन्ते तेषां शक्यार्थस्य प्रकृतानुपयोगित्वलक्षणो बाधो लक्षणाप्रयोजकः कथमुपपद्यत इति चिन्त्यम् । अतस्तद्व्यक्तित्वमेवात्र शक्यतावच्छेदकमस्मदर्थ इति

यह उक्ति है । यहाँ याचना करने वाले ब्राह्मण आलम्बन हैं । उन्हीं ब्राह्मण द्वारा की गयी कर्ण की स्तुति (जो इस पद्य में निर्दिष्ट नहीं है) उद्दीपन विभाव है । कवच और कुण्डलों का दान और उन कवचादि में तुच्छता बुद्धि आदि अनुभाव हैं । पद्यस्थ 'मे' पद में अर्थान्तरसङ्क्रमितवाच्य ध्वनि से प्रतीयमान गर्व (अहङ्कार) और लोकोत्तर पिता भगवान् सूर्य से उत्पन्न होने की स्मृति व्यभिचारिभाव हैं । तात्पर्य यह है कि प्रकृत पद्य में 'अर्पयामि' और 'आवेदयामि' इन उत्तमपुरुषों की क्रियाओं और प्रसङ्ग से हीं 'मे' पद के विना भी अस्मच्छब्दार्थ का बोध हो जाने से वाच्यार्थमात्र का प्रतिपादन करने के लिए 'मे' पद का कोई उपयोग नहीं है । यही अनुपयोगिता यहाँ अस्मच्छब्द के मुख्यार्थ का बाध—लक्षणाबीज है । यतः 'समस्त राज्य को समर्पित कर देने वाले मेरे लिए' यह अर्थ 'मे' पद का प्रकृतानुपयोगी नहीं है अतः यहाँ अस्मच्छब्द में जहत्स्वार्था लक्षणा न मानकर अजहत्स्वार्था लक्षणा हीं उचित है । एवञ्च 'समस्त ··· ···· मेरे लिए' इस अर्थान्तर में संक्रमित हो गया है वाच्यार्थ जिसका उस अस्मच्छब्द में वर्त्तमान व्यञ्जना (ध्वनि)—अर्थान्तरसंक्रमितवाच्यध्वनि से प्रतीयमान कर्णनिष्ठ गर्व और भगवान् सूर्य का पुत्र होना—व्यभिचारिभाव कहे गये हैं । प्रतिपाद्य अर्थों के अनुरूप प्रारब्ध-

निरूपणं विधातुं पूर्वार्धे तदनुकूलशिथिलबन्धात्मिका। उत्तरार्धे तु मौलितः प्राग्वक्तृगतगर्वोत्साहपरिपोषणायोद्धता। ततः परं ब्राह्मणे सविनयत्वं प्रकाशयितुं तन्मूलीभूतं गर्वराहित्यं ध्वनयितुं पुनः शिथिलैव। अत एवावेदयामीत्युक्तम्, न तु ददामि वितरामीति वा।

इदं तु नोदाहरणीयम्—

यस्योद्दामदिवानिशार्थिविलसद्दानप्रवाहप्रथा-
माकर्ण्यावनिमण्डलागतवियद्बन्दीन्द्रवृन्दाननात्।
ईर्ष्यानिर्भरफुल्लरोमनिकरव्यावल्गदूधःस्रवत्-
पीयूषप्रकरैः सुरेन्द्रसुरभिः प्रावृटपयोदायते॥

विभावनीयं विज्ञैः। न तु ददामीत्यादि। ददामीत्यादौ शब्दशक्तिस्वाभाव्यादहङ्कारः कर्त्तुः प्रतीयते, आवेदयामीत्यत्र तु न तथेति भावः।

प्रत्युदाहरणमाह—इदं त्वित्यादिना।

यस्योद्दामेत्यादि। दानशौण्डस्य कस्यचिन्नृपस्य स्तुतिरियम्। यस्य नृपस्य अर्थिषु याचकेषु दिवानिशं विलसत उद्दाम्नोऽप्रतिहतस्य दानप्रवाहस्य प्रथां प्रसिद्धिम् अवनिमण्डलाद् भूमण्डलादागतानां वियद्बन्दीन्द्राणामुत्तमस्वर्गीयस्तुतिपाठकानां चारणानामाननादाकर्ण्य सुरेन्द्रसुरभिरिन्द्रस्वामिका कामधेनुः ईर्ष्यया

और परिसमाप्त भिन्न-भिन्न वृत्तियाँ भी सहृदयों को अत्यन्त आकृष्ट करने वाली हैं। जैसे—पद्य के पूर्वार्द्ध में कवच और कुण्डलों की तुच्छता का प्रतिपादन, जिससे कर्ण का दानोत्साह परिपुष्ट होता है, करने के लिए (तुच्छता-प्रतिपादन के) अनुकूल शिथिला वृत्ति (कोमलपदयोजना) है; उत्तरार्द्ध में 'मौलिम्' पद के पहले (अकरुणम्.....धारम्) वक्ता कर्ण के गर्व और दानोत्साह का उत्कृष्ट अभिव्यञ्जन कराने हेतु उद्धता वृत्ति है। तत्पश्चात् 'मौलिमावेदयामि' इस अन्त्य भाग में याचक ब्राह्मण के प्रति अपनी विनम्रता के प्रकाशन के मूलभूत गर्वशून्यता की व्यञ्जना के लिए तदनुकूल शिथिला वृत्ति हो है। यही कारण है कि 'ददामि' अथवा 'वितरामि' इत्यादि गर्वप्रकाशक क्रियापद का नहीं अपि तु 'आवेदयामि' इस गर्वशून्यता-सूचक अथवा नम्रता-सूचक क्रियापद का हीं प्रयोग किया गया है॥

निम्ननिर्दिष्ट पद्य को तो दानवीरध्वनि का उदाहरण नहीं देना चाहिए—

"ये महाराज इतने उदार हैं कि इनके द्वारा दिन-रात याचकों को दिये जाने वाले अधिकाधिक दानप्रवाह को भूमण्डल से लौटकर आये स्वर्गीय श्रेष्ठ बन्दियों के मुख से सुनकर स्वर्गस्थ कामधेनु को भी इनसे इर्ष्या हो गई है जिससे इसका सारा शरीर रोमाञ्चित हो उठा है। इसी रोमांच के कारण इसके दुग्धपूर्ण स्तनों

अत्रेन्द्रसभामध्यगतसकलनिरीक्षकालम्बनः अवनिमण्डलागतवियद्-बन्दीन्द्रवदनविनिर्गतराजदानवर्णनोद्दीपितः, ऊधःप्रस्नुतपीयूषप्रकरैरनुभावितः, असूयादिभिः संचारिभिः परिपोषितोऽपि कामगवीगत उत्साहो राजस्तुतिगुणीभूत इति न रसव्यपदेशहेतुः ।

अत एवेदमपि नोदाहरणम्—

साब्धिद्वीपकुलाचलां वसुमतीमाक्रम्य सप्तान्तरां
सर्वां द्यामपि सस्मितेन हरिणा मन्दं समालोकितः ।

परगुणासहिष्णुतया निर्भरमतिमात्रं फुल्लोऽञ्चितो रोम्णां यो निकरस्तस्माद् व्यावल्गदुत्फुल्लसंकुचिताग्रभागं यदूधः स्तनस्तस्मात् स्रवद्भिः पीयूषाणां प्रकरैः प्रवाहैः सुरेन्द्रसुरभिः कामधेनुः प्रावृषः पयोद इवाचरति निरन्तरं प्रवहतीत्यर्थः ।

अत्र विभावादिभिः परिपोषितोऽप्युत्साहो राजस्तुतिगुणीभूतत्वान्न रसपदभागित्युपपादयति—अत्रेत्यादिना । एवंविधे स्थल एव रसवदलङ्कारत्वं प्राचामिष्टम् । असूयेति। गुणेषु दोषत्वबुद्धिरसूयाऽक्षमारूपा चेर्ष्येति सा भिन्नैवासूयाजन्येति बोध्यम् । एतच्च मर्मप्रकाशानुसारेण । वस्तुत एतादृशेर्ष्याऽसूययोर्जन्यजनकभावे विपर्यासो मर्मप्रकाशकृतः । पण्डितराजेन वक्ष्यमाणाया असूयायास्तु मर्मप्रकाशोक्तेर्ष्यया भेदो न स्पष्टः । एवञ्चात्रादृष्टकारणभेदकृतो भेदो द्रष्टव्य ईर्ष्यासूययोः । यद्वान्योत्कर्षदर्शनादिजन्यः स्वापकर्षबुद्धिविशेषः तादृशबुद्धिजन्य आक्रोशो वेर्ष्येति मन्तव्यम् । अमर्ष एव वा सा ।

साब्धिद्वीपेत्यादि । पदत्रयपरिमितां भूमिं वामनाय प्रतिश्रुतवतो दैत्यराजस्य

में जो गुदगुदी लग गई है उसके कारण यह (कामधेनु) वर्षाकालिक बादल के समान दूध की धारा बहा रही है ॥"

यहाँ इन्द्र की सभा में स्थित सभी सज्जन (देववृन्द) जिनके लिए कामधेनु दूध की धारा बहा रही है, कामधेनुगत दुग्धदानोत्साह के आलम्बन हैं । भूमण्डल से लौटकर आये स्वर्गीय प्रतिष्ठित बन्दी-गण के मुख से राजा के अधिकाधिक दान-प्रवाह का श्रवण उद्दीपन विभाव है । स्तनों से बहने वाली दूध की धारा अनुभाव है और असूया आदि सञ्चारिभाव हैं । इस प्रकार विभावादि से कामधेनु-गत उत्साह का अभिव्यञ्जन तो यहाँ होता हीं है किन्तु इसे रसध्वनि नहीं कहा जा सकता, क्योंकि इस पद्य में राजा की स्तुति के हीं प्रधान रूप में वक्ता का तात्पर्य-विषय होने से उक्त उत्साह प्रधान नहीं है अपि तु वह राज-स्तुति का अङ्ग है ॥

इसी अङ्गत्व के कारण निम्ननिर्दिश्यमान पद्य में भी बलि का प्रतीयमान दानोत्साह दानवीरध्वनि का उदाहरण नहीं हो सकता—

प्रादुर्भूतपरप्रमोदविदलद्रोमाञ्चितस्तत्क्षणं
व्यानम्रीकृतकन्धरोऽसुरवरो मौलिं पुरो न्यस्तवान् ॥

इह च भगवद्वामनालम्बनः, तत्कर्तृकमन्दनिरीक्षणोद्दीपितः रोमाञ्चादिभिरनुभावितः, हर्षादिभिः पोषित उत्साहो व्यज्यमानोऽपि गुणः।

बलेर्दानोत्साहव्याजमुखेन स्तुतिरियम्। सस्मितेनेषद्धसता हरिणा वामनेन एकेन पादेन अब्धिभिः सागरैः द्वीपैरष्टभिश्च कुलपर्वतैः सहितां सप्तान्तरामन्तर्वर्त्तिसप्तप्राकारघटितां वसुमतीम् पृथिवीम्, द्वितीयेन च पादेन सर्वां द्याम् ऊर्ध्वलोकमाक्रम्य मन्दं समालोकितोऽसुरवरो बलिः भगवत्कृपाकटाक्षपातेन प्रादुर्भूतोऽभिव्यक्तो यः परमः प्रमोदस्तेन निमित्तेन विदलन् परिस्फुटन् यो रोमाञ्चः स सञ्जातो यस्य तथाभूतोऽथ च तत्क्षणम् समालोकनकाल एव व्यानम्रीकृतः कन्धरो येन स मौलिं स्वशिरो वामनस्य पुरस्तृतीयपादविन्यासाय न्यस्तवान् इति पद्यार्थः। यद्वाऽत्र पद्ये सप्तान्तरामिति द्यामित्यस्यैव विशेषणम्, भुव आदीनां षण्णामूर्ध्वलोकानामाद्यन्तौ समादाय सप्तावकाशसम्भवात्। व्यानम्रीकृत्येत्यत्राभूततद्भावार्थकेन च्विप्रत्यययेनेतः पूर्वं कन्धरस्य व्यानम्रत्वाभावः प्रतिपाद्यते। एतेन स्तुतिप्रकर्षः सूच्यते ॥

अत्र दानोत्साहस्य विभावादिभिर्व्यङ्ग्यत्वेपि परकृतबलिस्तुतिं प्रति गुणीभूतत्वात्तस्य न रसध्वनित्वमित्युपपादयति—इहेत्यादिना। हर्षादिभिरिति। अत्र प्रमोदस्य वाच्यत्वेन व्यभिचारित्वाभावाद्व्यभिचारित्वेन निर्दिष्टो हर्षः प्रमोदाद्भिन्न एवेति स्थितौ 'इष्टप्राप्त्यादिजन्मा सुखविशेषो हर्षः' इति भावध्वनिप्रकरणे वक्ष्यमाणत्वेन विषयजन्यं सुखं हर्ष इति, यच्च विषयाभिव्यक्तं तत् प्रमोद इति भेदोऽनयोर्ज्ञेयः। तथा च हर्षस्य चित्तवृत्तिविशेषरूपता, प्रमोदस्य च तद्भिन्नस्यात्मरूपता सूचिता भवति। अत एव प्रमोदस्य पर इति विशेषणमप्युपात्तम्। तथा च न हर्षस्य व्यभि-

---

"जब भगवान् वामन ने एक विक्रम (पग) से सात समुद्रों, सात द्वीपों और सात (अथवा आठ) कुलपर्वतों से युक्त सम्पूर्ण पृथिवी का और दूसरे विक्रम से सात परकोटे वाले स्वर्गलोक का आक्रमण कर तीसरे विक्रम के लिए स्थान पाने की दृष्टि से मुस्कुराकर बलि की ओर तिरछी नजर से देखा तब बलि को जो परमानन्द की अनुभूति हुई उससे उसका सारा शरीर रोमाञ्चित हो उठा और उसने तत्काल अपनी गर्दन झुकाकर भगवान् के सामने उनके तीसरे विक्रम के लिए अपना शिर समर्पित कर दिया ॥"

इस कथन में बलि के दानोत्साह का आलम्बन विभाव भगवान् वामन हैं, उनका बलि पर तीसरे विक्रम के स्थान के लिए कटाक्षपात उद्दीपन विभाव है, रोमाञ्च आदि अनुभाव हैं और रोमाञ्चादि से व्यज्यमान हर्ष (आनन्दाकारा चित्त-

प्रागन्यगतस्येव प्रकृते राजगतस्यापि तस्य राजस्तुत्युत्कर्षकत्वात्। एतेन 'त्यागः सप्तसमुद्रमुद्रितमहीनिर्व्याजदानावधिः' इति श्रीवत्सलाञ्छनोक्तमुदाहरणं परास्तम्, तस्य गुणीभूतव्यङ्ग्यत्वेन रसध्वनिप्रसङ्गेऽनुदाहरणीयत्वात्।

चारिणोऽभिव्यङ्ग्यत्वहानिः। अत एव च तृतीयचरणस्यादौ 'आविर्भूतपर०' इति पाठः श्रेयान् इति मन्यामहे। प्रागन्येत्यादि। यदा पूर्वोक्ते यस्योद्दामेत्यादिपद्ये राजभिन्नकामवगवीगतस्योत्साहस्यापि कविकृताया राजस्तुतेरुत्कर्षाधायकत्वात् स्तुत्यङ्गत्वं तदात्र सुतरामसुरराजबलिगतस्य दानोत्साहस्य कविकृतबलिस्तुत्युत्कर्षाधायकत्वेन स्तुत्यङ्गत्वमिति न तस्य ध्वनित्वमित्यर्थः। एतेन=अन्याङ्गभूतस्य रसस्य ध्वनिव्यपदेश्यत्वाभावेन। त्यागः सप्तेत्यादि। इदं च वीरचरिते शिवधनुर्भङ्गेन कुपितस्य परशुरामस्य शमनाय रामकृता तत्स्तुतिः। वत्सलाञ्छनः काव्यप्रकाशादिटीकाकृत्। विश्वनाथेनापीदमेव दानवीरोदाहरणमुक्तम्। पूर्णं च पद्यमेवं पठ्यते तत्र—

उत्पत्तिर्जमदग्निनः स भगवान् देवः पिनाकी गुरुः
शौर्यं यत्तु न तद् गिरां पथि ननु व्यक्तं हि तत्कर्मभिः।
त्यागः सप्तसमुद्रमुद्रितमहीनिर्व्याजदानावधिः
ब्रह्मक्षत्रतपोनिधेर्भगवतः किं किं न लोकोत्तरम्॥

इति। अत्र चतुर्थपादेन स्पष्टमेव वक्तृ रामभद्रस्य परशुरामस्तुतौ तात्पर्यावधारणात् प्रतीयमानोपि परशुरामगतो दानोत्साहस्तदीयस्तुतौ गुणीभूतत्वान्न ध्वनिव्यपदेशार्ह इति सन्दर्भार्थः।

वृत्ति) आदि व्यभिचारिभाव हैं। इस प्रकार यहाँ बलिनिष्ठ दानोत्साह व्यज्यमान अवश्य है, किन्तु यह प्रधान रूप में विवक्षित नहीं है। परन्तु जब पूर्वनिर्दिष्ट 'यस्योद्दाम....' इत्यादि पद्य में कामधेनु का व्यज्यमान उत्साह प्राधान्येन विवक्षित राज-स्तुति का अङ्ग है तब यहाँ तो बलि का दानोत्साह प्रधान रूप में वक्तृ-तात्पर्यविषयीभूत बलि की स्तुति का अङ्ग है हीं। अतः इसे दानवीररस का उदाहरण देना उचित नहीं।

इस प्रकार गुणीभूत उत्साह का रसध्वनिपदव्यपदेश्य न होना जब प्रमाणित हो चुका तब काव्यप्रकाश आदि ग्रन्थों के टीकाकार 'वत्सलाञ्छन' द्वारा जो महावीरचरित के द्वितीय अङ्क से दानवीररसध्वनि का उदाहरण दिया गया है वह असङ्गत सिद्ध हो जाता। उदाहृत पद्य का अर्थ निम्ननिर्दिष्ट है—

(हे भगवन्? आप ब्राह्मणोचित एवं क्षत्रियोचित दोनों प्रकार के तप के निधान

ननु 'अकरुणमवकृत्य –' इत्यत्रापि प्रतीयमानस्य दानवीरस्य कर्णस्तुत्यङ्गत्वात्कथं ध्वनित्वमिति चेत्? सत्यम्। अत्र कवेः कर्णवचनानुवादमात्रतात्पर्यकत्वेन कर्णस्तुतौ तात्पर्यविरहात्, कर्णस्य च महाशयत्वेनात्मस्तुतौ तात्पर्यानुपपत्तेः स्तुतिरवाक्यार्थ एव। परं तु वीररसप्रत्ययानन्तरं तादृशोत्साहेन लिङ्गेन स्वाधिकरणे साऽनुमीयते। राजवर्णनपद्ये तु राजस्तुतौ तात्पर्याद्वाक्यार्थतैव तस्याः।

उदाहरणप्रत्युदाहरणयोर्व्यतिरेकाभावं शङ्कते—नन्विति। अकरुणमवकृत्येत्यादिवचनस्य मूलवक्ता कर्ण एवेति तस्य स्तुतितात्पर्यकत्वे स्वकर्त्तृकस्तुत्यापत्तेर्महापुरुषत्वहानिः कर्णस्य प्रसज्यते। प्रत्युदाहरणेषु पुनः कवेरेव मूलवक्तृत्वान्न तथेति तेषां स्तुतितात्पर्यकत्वे न किमप्यनिष्टं प्रसज्यत इति भवत्युभयोर्व्यतिरेक इत्याशयः। स्वाधिकरणे=उत्साहाधिकरणे कर्णे। अनुमीयत इति। तथा च स्तुतेरवाक्यार्थत्वान्न तस्या दानोत्साहं प्रत्यङ्गित्वमिति भावः।

हैं—आपका कौन-सा गुण लोकोत्तर नहीं? आपका जन्म महर्षि जमदग्नि से हुआ है, भगवान् पिनाकपाणि शिव आपके गुरु हैं, आपके पराक्रम की शब्दों में अभिव्यक्ति नहीं की जा सकती—वह तो आपके वीर-कर्मों से हीं अनुमेय है,) आप का त्याग भी ऐसा है जिसकी पराकाष्ठा है सात समुद्रों से परिवेष्टित सम्पूर्ण पृथिवी का निश्छल दान ॥

शिवधनुर्भङ्ग के बाद स्वयम्वरभूमि में उपस्थित अत्यन्त कुपित परशुराम के प्रति रामचन्द्र की यह उक्ति है। यहाँ (तृतीय पाद में) यद्यपि वाच्य-आक्षेप्य विभावादि से परशुराम का दानोत्साह अभिव्यज्यमान है तथापि वह वक्तृतात्पर्यविषयीभूत परशुराम की स्तुति का अङ्ग है। अतः इसे रसध्वनि का उदाहरण देना अनुचित है।

अब प्रश्न यह है—'अकरुणमवकृत्य·····' इत्यादि पद्य में भी जब कर्ण की स्तुति प्रतीयमान है तो फिर कर्ण के दानोत्साह को उसका अङ्ग होना चाहिए; ऐसी स्थिति में वह रसध्वनि का उदाहरण कैसे माना जा सकता? इसका यह उत्तर है—यहाँ स्तुति की दो सम्भावनाएँ हैं—एक कवि द्वारा वह स्तुति की गई हो और दूसरी यह कि कर्ण स्वयम् अपनी स्तुति कर रहा हो। इनमें पहला विकल्प मान्य नहीं हो सकता, क्योंकि कवि का तात्पर्य-विषय कर्ण के वचन का अनुवादमात्र है, कर्ण की स्तुति नहीं। दूसरा विकल्प भी असंगत हैं, क्योंकि कर्ण जैसे महापुरुष का आत्मश्लाघा में कभी तात्पर्य हो नहीं सकता। अतात्पर्यविषयीभूत पदार्थ कदापि वाक्यार्थ का अङ्ग नही होता। अतः अवाक्यार्थ कर्ण-स्तुति को व्यङ्ग्य मानना असम्भव है। हाँ, वीररस की प्रतीति के पश्चात् वही रसकाष्ठापन्न प्रकृष्ट

द्वितीयो यथा—

न कपोत भवन्तमण्वपि स्पृशतु श्येनसमुद्भवं भयम् ।
इदमद्य मया तृणीकृतं भवदायुःकुशलं कलेवरम् ॥

अथवैवं विन्यासः—

न कपोतकपोतकं तव स्पृशतु श्येन मनागपि स्पृहा ।
इदमद्य मया समर्पितं भवते चारुतरं कलेवरम् ॥

दानवीरमुदाहरति—द्वितीयेत्यादिना ।

न कपोतेत्यादि । शिविपरीक्षार्थं कपोतवेषधारिणं धर्मं श्येनवेषधारीन्द्र आचक्राम । तस्माच्च श्येनाद्बिभ्यत् कपोतः शिविशरणमात्मरक्षार्थमाजगाम । तं च कपोतं प्रति शिवेरियमुक्तिः । हे कपोत ? भवन्तं श्येनसमुद्भवमण्वपि भयं न स्पृशतु, यतोऽद्येदं भवदायुःकुशलं क्षेमकरं कलेवरं मया तृणीकृतम् तृणवदुत्सृष्टं श्येनाय क्षुन्निवृत्त्यै । तथा चैतेन मदीयेन शरीरेण पूर्णोदरः श्येनो भवन्तं नेच्छेदिति पद्यार्थः ।

अत्र पद्ये श्येनस्य सम्बोध्यत्वाभावात् कपोतमात्रमुद्दिश्य प्रवृत्तः श्येनोऽनवहित-शिविवचनः सहसैव कपोतं निपतेदिति तस्य भयशङ्कायां सत्यां पूर्वार्द्धमसङ्गतं स्यादिति हेतोः श्येनाभिमुखीकारकं विन्यासान्तरमाह—अथवेत्यादिना ।

न कपोतकपोतकमिति । कपोतकपोतकयोरुभयत्र 'अल्पे' कन् प्रत्ययः । एतेन

उत्साह कर्ण की आत्म-स्तुति अथवा कविकृत कर्ण-स्तुति का अनुमापक हो सकता है । इसके विपरीत 'यस्योद्दाम·····' इत्यादि पद्यद्वय में राजा और बलि की स्तुतियों के वक्तृतात्पर्यविषय होने से उनमें स्तुतियों की वाक्यार्थता स्पष्ट है । अतः यहाँ तो वाक्यार्थभूत दानोत्साह एवं स्तुतियों में गुणप्रधानभाव का स्वीकार उचित हीं है ॥

अब दयावीर का उदाहरण प्रस्तुत है—

"अरे कपोत ? इस बाज का भय तुझे जरा भी नहीं होना चाहिए, क्योंकि तेरे जीवन की रक्षा के लिए मेरा यह शरीर तेरे बदले उस बाज को समर्पित है ॥"

इस पद्य में कपोत सम्बोध्य है । किन्तु उसे उक्त आश्वासन देने पर भी उस आश्वासन को न जानने वाला बाज कदाचित् सहसा हीं उसके ऊपर आक्रमण कर सकता है । अतः बाज का ही सम्बोधन कर ऐसी रचना करनी चाहिए—

"अरे बाज ! इस क्षुद्र कपोत के बच्चे की तुझे जरा भी स्पृहा नहीं करनी चाहिए । देख—उसके बदले मेरा यह शरीर, जो उससे स्वाद और मात्रा दोनों में उत्कृष्ट है, तुझे समर्पित है ॥"

एषा शिवेः कपोतं श्येनं प्रति चोक्तिः। अत्र कपोत आलम्बनम्। तद्गतं व्याकुलीभवनमुद्दीपनम्। तस्य कृते स्वकलेवरार्पणमनुभावः। न चात्र शरीरदानप्रत्ययाद्दानवीरध्वनित्वापत्तिरिति वाच्यम्, श्येनकपोतयोर्भक्ष्यभक्षकभावापन्नत्वेन शिविशरीरस्यार्थिनोऽभावात्तदप्रतिपत्तेः। श्येन-

---

क्षुद्रस्य कपोतस्य यः क्षुद्रः पोतोऽर्भकः तस्मै स्पृहा कस्यापि न घटते यदि तत्स्थाने ततोऽधिकं चारु शरीरं प्रत्यर्प्यते केनचिदिति मनाक्स्पृहाऽभावे श्येनगतत्वेनाभिमते हेतुरुक्तः। पद्यार्थः स्पष्टः।

कपोतं श्येनं प्रतीति। यथाक्रमं पूर्वमुत्तरं च पद्यमित्यर्थः। कपोत आलम्बनमिति। पूर्वपद्ये कपोतः साक्षादेवालम्बनम्, द्वितीयेऽपि कपोतकपोतकस्य कपोतत्वात्स आलम्बनमित्युक्तम्।

शरीरदानमित्यतः पूर्वं शिविकर्त्तृकं श्येनोद्देश्यकमिति योजनीयम्। आपन्नत्वेनेति। कपोतशरीरस्य दानप्रतीतौ सत्यामपीति शेषः। अर्थिन इति। शिविशरीरविषयकार्थित्वसहितस्य श्येनस्याभावादित्यर्थः। अत्र विशेषणाभावप्रयुक्तो विशिष्टाभावः। तदप्रतिपत्तेः=शिविशरीरकर्मकदानाप्रतीतेः। यमुद्दिश्य

ये दोनों पद्य राजा शिवि की क्रमशः कपोत और बाज के प्रति उक्तियाँ है। दोनों में हीं शिविनिष्ठ दया का आलम्बन कपोत है। उस कपोत की व्याकुलता उद्दीपन विभाव है और उसके बदले शिवि द्वारा अपने शरीर का समर्पण अनुभाव है। धृति आदि संचारिभाव भी व्यङ्ग्य हैं हीं। अतः यहाँ दयावीर रस है। यद्यपि यहाँ शिवि द्वारा किए जाने वाले अपने शरीर के दान से शिवि के दानोत्साह की प्रतीति होती-सी दिखाई पड़ती तथापि इसे दानवीर का उदाहरण नहीं माना जा सकता, क्योंकि यहाँ शरीर का समर्पण दान है हीं नहीं। दान तो तब सम्भव है जब कोई सम्प्रदान (=लेने वाला) हो। यहाँ श्येन कपोत-शरीर का अभिलाषी है, शिवि के शरीर का नहीं। सम्प्रदान वह होता जो देय वस्तु लेना चाहता हो या कुछ देने के लिए दाता को प्रेरित करता हो। शिवि को श्येन शरीर-दान के लिए न तो प्रेरित करता और न वह अब तक शिवि का शरीर लेने के लिए अपनी इच्छा हीं व्यक्त कर पाया है। अतः शिवि के शरीर के समर्पण की दृष्टि से श्येन (बाज) सम्प्रदान हीं नहीं, फिर उसको दान कैसे किया जा सकता। यदि शिवि को उनके शरीर के समर्पण की प्रेरणा न देने पर और उस शरीर को खाने के लिए प्राप्त करने की इच्छा से रहित होने पर भी श्येन को अर्थादिदान में सूर्य आदि की तरह सम्प्रदान मान भी लिया जाय तो भी यह समर्पण दान नहीं कहला सकता, क्योंकि किसी वस्तु के बदले में कुछ देना विनिमय है, दान नहीं। दान तो वस्तुतः वह है जो बिना कुछ लिए हीं

शरीरनिवेदनस्य कपोतशरीरत्राणोपाधिकतया विनिमयपदवाच्यत्वात् ।

तृतीयो यथा—

रणे दीनान्देवान् दशवदन विद्राव्य वहति
प्रभावप्रागल्भ्यं त्वयि तु मम कोऽयं परिकरः ।
ललाटोद्यज्ज्वालाकवलितजगज्जालविभवो
भवो मे कोदण्डच्युतविशिखवेगं कलयतु ॥

किञ्चिद्दीयते स सम्प्रदानम्, तदभावे दानं न सम्पद्यते । अत एव च सम्प्रदानस्यापि कारकत्वं निर्वहति । तथा च श्येनस्य प्रेरकरूपार्थित्वाभावात्सम्प्रदानत्वाभावे तदुद्देश्यकदानानुपपत्तेरित्याशयः । अतश्च द्वितीये पद्ये 'भवते' इति न सम्प्रदाने चतुर्थी, अपि तु 'क्रियार्थोपपदस्य० इत्येव, भवन्तमनुकूलयितुमिति चार्थः । ननु 'स्वशरीरं महच्यं दीयताम्' इत्येवं शिवेरयाचमानस्य श्येनस्य प्रेरकरूपार्थित्वाभावेऽपि सम्प्रदानत्वं न विघटते, प्रवृत्तिनिवृत्त्यनुकूलव्यापारशून्यस्यापि सूर्यादेरर्घ्यादिकं प्रति सम्प्रदानत्वस्य 'अनिराकरणात् कर्त्तृत्यागाङ्गं कर्मणेप्सितम्' इत्यादिवैयाकरण-सम्प्रदायसिद्धत्वादित्यत आह—श्येनशरीरनिवेदनस्येत्यादि । कपोतशरीरत्राणे-त्यनेन त्रातव्यकपोतशरीरकर्मकश्येनकर्तृकस्त्यागोऽभिप्रेतः स्वोपकाररूपः । उपकार-श्चात्र लौकिकोऽभिप्रेतः । तथा च श्येनस्योपकारित्वप्रतीत्या तदुद्देश्यकं समर्पणं न तात्त्विकं दानमिति सूच्यते ।

युद्धवीरमुदाहरति—तृतीय इत्यादिना । रण इत्यादि । हे दशवदन ? दीनान् कातरान् देवान् रणे विद्राव्य पराजित्य प्रभावप्रागल्भ्यं शौर्यधृष्टतां वहति त्वयि वराके दीनदेवविद्रावणे रावणे मम शौर्यप्रकर्षवतो रामस्यायं परिकरो युद्धोद्यमः कः ? न कोऽपि, क्षुद्रस्त्वं न मम प्रतिभट इति मम कोदण्डाद्धनुषश्च्युतस्य विशिखस्य वेगं ललाटादुद्यन्त्या ज्वालया कवलितो भस्मसात्कृतो जगज्जालस्य ब्रह्माण्डमण्डलस्य विभवो येन स भवो महेश्वरः कलयतु जानातु—इति पद्यार्थः ।

किया जाता । इस प्रकार कपोत के शरीर के बदले शिवि द्वारा अपने शरीर का समर्पण जब दान हीं नहीं तो शिवि में दानोत्साह की प्रतीति कहाँ हो सकती ? अतः इस पद्य में दानवीरध्वनि नहीं मानी जा सकती ॥

अब युद्धवीर का उदाहरण दिया जा रहा है—

"अरे रावण ? युद्ध में दीन-हीन देवताओं को जीतकर तूँ अपने पराक्रम की महिमा बखान रहा है, फिर तेरे जैसे कायर के साथ लड़ने की मेरी तैयारी कैसी ! मेरे धनुष से छूटे बाणों के वेग का आकलन तो एक मात्र जगज्जनक भगवान् भव (हर=शङ्कर) कर सकते जिन्होंने अपने ललाट से निकलने वाली प्रचण्ड ज्वाला से इस भवजाल के वैभव को भस्मसात् कर दिया है ॥"

एषा दशवदनं प्रति भगवतो रामस्योक्तिः। इह भव आलम्बनम्। रणदर्शनमुद्दीपनम्। दशवदनावज्ञाऽनुभावः। गर्वः संचारी। वृत्तिरत्र देवानां प्रस्तावे तद्गतकातर्यप्रकाशनद्वारा वीररसानालम्बनत्वावगतयेऽनुद्धतैव। दशवदनप्रस्तावे तु देवदर्पदमनवीरत्वप्रतिपादनायोद्धतापि तस्यावज्ञया रामगतोत्साहानालम्बनत्वेन तदालम्बनस्य रसस्याप्रत्ययान्न प्रकर्षवती। भगवतो भवस्य तु परमोत्तमालम्बनविभावत्वात्तत्प्रस्तावे तदालम्बनस्यौजस्विनो वीररसस्य निष्पत्तेः प्रकृष्टोद्धता।

अत्र देवानां दीनत्वविशेषणं तद्विद्रावणे रावणे क्षुद्रत्वं प्रतिपादयद्रामकर्तृकां तदवज्ञां द्योतयति। अस्मदर्थस्य च प्रसङ्गादेव प्रतीतेरन्यथा तत्प्रयोगादपि तत्प्रतीत्यभावादुभयत्रास्मच्छब्दोऽर्थान्तरसंक्रमितवाच्यध्वनिना शौर्यप्रकर्षविशिष्टं रामं प्रतिपादयति, तेन च गर्वो व्यज्यते। पद्येऽत्र भव शब्दप्रयोगौचित्यं चिन्त्यम्।

अत्र देवरावणोभयालम्बनकस्य युद्धवीरस्य यथा प्रतीत्यभावस्तदुपपादयति—वृत्तिरत्रेत्यादिना। प्रस्तावे=वर्णने। प्रकर्षवतीति। प्रकर्षश्चात्र वृत्ते

युद्धभूमि में रावण के प्रति भगवान् राम की यह उक्ति है। इसमें भगवान् शङ्कर आलम्बन हैं। युद्धदर्शन उद्दीपन विभाव है। दशमुख रावण का तिरस्कार अनुभाव है। व्यज्यमान रामनिष्ठ गर्व व्यभिचारिभाव है। यहाँ वृत्तियाँ (वर्णरचना) भी अर्थानुरूप शिथिल अथवा उद्धत (प्रौढ़) हैं। जैसे—देवताओं के प्रसङ्ग में (रणे दीनान् देवान्) देवों की कायरता के प्रतिपादन में अनुकूल शिथिला (कोमला) वृत्ति है जिससे यह स्पष्ट हो जाता कि कायर देवता वीररस के आलम्बन नहीं हैं। दशमुख के वर्णन (विद्राव्य·····प्रागल्भ्यम्) में उद्धता वृत्ति अवश्य है जिससे देवता के दर्प को चूर-चूर करने वाले रावण की वीरता प्रकट होती; किन्तु 'त्वयि तु·····' इत्यादि कथन से रावण की उपेक्षा प्रकट हो जाने से रावण भी रामनिष्ठ युद्धोत्साह का आलम्बन नहीं हो सकता। अतः रावणालम्बनक वीररस की भी प्रतीति नहीं होती। अत एव इस अंश में वृत्ति उद्धता तो है परन्तु प्रकृष्टोद्धता नहीं है। यह विवक्षितार्थ के अनुरूप हीं है। रामनिष्ठ उत्साह के भगवान् भव हीं परम उपयुक्त आलम्बन हैं। अतः उस प्रसङ्ग में 'ललाटोद्यज्ज्वाला·····' आदि में शङ्करालम्बनक वीररस की प्रतीति होने से प्रकृष्टोद्धता वृत्ति है[1]। 'भव' के स्थान में 'हर' शब्द का प्रयोग उचित है।

---

१. यद्यपि वृत्तियों में रसव्यञ्जकता साक्षात् नहीं होती तथापि तत्तद्रसोपयोगी गुणों के अभिव्यञ्जक होने से वृत्तियों को भी रसाभिव्यञ्जन में सहकारी माना जाता है।

चतुर्थो यथा—

सपदि विलयमेतु राज्यलक्ष्मीरुपरि पतन्त्वथवा कृपाणधाराः।
अपहरतुतरां शिरः कृतान्तो मम तु मतिर्न मनागपैति धर्मात् ॥

एषाऽधर्मेणापि रिपुर्जेतव्य इति वदन्तं प्रति युधिष्ठिरस्योक्तिः। अत्र धर्मविषय आलम्बम्। 'न जातु कामान्न भयान्न लोभाद्धर्मं त्यजेज्जीवितस्यापि हेतोः' इत्यादिवाक्यालोचनमुद्दीपनम्। शिरश्छेदाद्यङ्गीकारोऽनुभावः। धृतिः संचारिणी।

इत्थं वीररसस्य चातुर्विध्यं प्रपञ्चितं प्राचामनुरोधात्। वस्तुतस्तु बहवो वीररसस्य शृङ्गारस्येव प्रकारा निरूपयितुं शक्यन्ते। तथा हि—प्राचीन एव 'सपदि विलयमेतु' इत्यादिपद्ये 'मम तु मतिर्न मनागपैति

रसप्रत्ययोपकारकत्वमेवेत्येतेन प्रकटम्।

धर्मवीरमुदाहरति—चतुर्थं इत्यादिना। सपदीत्यादि पद्यार्थः स्फुटः।

धर्मविषयः शत्रुः, यमुद्दिश्य धर्माचरणं प्रतिज्ञातम्। 'धर्मस्य विषयः सम्बन्ध्यनुष्ठानम्, धर्म एव वाऽनुष्ठानोद्देश्यतया विषयः' इति त्वपव्याख्यानम्। प्राचीने=पूर्वोदाहृते। तदन्तर्गततया=धर्मान्तर्गततया। अत्रार्थे मन्वादिवचनं प्रमाणम्। तासां वाचामधिदेवता सरस्वतीत्यर्थः।

अब 'धर्मवीर' का उदाहरण प्रस्तुत है—

"चाहे मेरी राज्यलक्ष्मी तत्काल हीं विनष्ट हो जाये या मेरे ऊपर तलवारों की मार पड़े या मेरा शिर (प्राण) यमराज हर ले पर मैं धर्मपथ से जरा भी नहीं हँट सकता ॥"

'अधर्मपथ पर चल कर भी शत्रु को जीतना चाहिए'—ऐसा कहने वाले व्यक्ति के प्रति युधिष्ठिर की यह उक्ति है। यहाँ वह शत्रु आलम्बन है जिसके साथ युधिष्ठिर ने धर्मपथावलम्बन की प्रतिज्ञा की है। 'काम की पूर्त्ति, भय या लोभ से, यहाँ तक कि अपने प्राण बचाने के लिए भी धर्म का परित्याग नहीं करना चाहिए' इत्यादि महाभारतादिप्रोक्त अनुशासनों का स्मरण उद्दीपन विभाव है। धर्मानुष्ठान के लिए अपने शिरश्छेदन आदि का स्वीकार अनुभाव है। धृति सञ्चारिभाव है। अतः इन विभावादि से यहाँ धर्मवीर की व्यञ्जना होती है ॥

इस प्रकार वीर रस के उक्त चार भेदों का निरूपण प्राचीनमतानुसार किया गया है। किन्तु वास्तविकता यह है कि जैसे शृङ्गार के अनेकानेक भेद हो सकते उसी तरह वीर रस के भी बहुत भेद सम्भव हैं; केवल पूर्वोक्त चार हीं भेद नहीं। उदाहरणार्थ, 'सपदि विलयमेतु·····' इत्यादि पद्य का चतुर्थ पाद यदि 'मम तु

सत्यात्' इति चरमपादव्यत्यासेन पद्यान्तरतां प्रापिते सत्यवीरस्यापि संभवात्। न च सत्यस्यापि धर्मान्तर्गततया धर्मवीररस एव तद्वीरस्याप्यन्तर्भाव इति वाच्यम्, दानदययोरपि तदन्तर्गततया तद्वीरयोरपि धर्मवीरात्पृथग्गणनानौचित्यात्।

एवं पाण्डित्यवीरोऽपि प्रतीयते।

यथा—

अपि वक्ति गिरां पतिः स्वयं यदि तासामधिदेवतापि वा।
अयमस्मि पुरो हयाननस्मरणोल्लङ्घितवाङ्मयाम्बुधिः॥

अत्र बृहस्पत्याद्यालम्बनः सभादिदर्शनोद्दीपितो निखिलविद्वत्तिरस्कारानुभावितो गर्वेण संचारिणा पोषित उत्साहो वक्तुः प्रतीयते। ननु चात्र युद्धवीरत्वम्, युद्धत्वस्य वादसाधारणस्य वाच्यत्वाद्, इति चेत्? क्षमावीरे किं ब्रूयाः?

वादसाधारणस्येति। प्रत्यवस्थानं युद्धम्। तच्च वादेऽपि वादिप्रतिवादिकथात्मके तुल्यमित्याशयः।

क्षमेति। प्रतीकारेच्छायां जातायामपि विवेकात् प्रतीकाराकरणं क्षमा

मतिर्न मनागपैति सत्यात्' इस रूप में परिवर्तित कर दिया जाय तो यही पद्य सत्यवीर रस का उदाहरण बन सकता है। धर्माङ्गभूत सत्य के धर्मान्तर्गत होने से सत्यवीर का धर्मवीर में अन्तर्भाव हो जाने के कारण धर्मवीर से अतिरिक्त सत्यवीर मानने की कोई आवश्यकता नहीं—यह कहना भी अयुक्त है, क्योंकि तब तो दान और दया के भी धर्मान्तर्गत होने से दानवीर तथा दयावीर को भी एक-एक भेद मानना अनुचित हो जाएगा। अतः दानवीर आदि यदि धर्मवीर से भिन्न माने जाँय तो सत्यवीर को भी उससे भिन्न हीं मानना चाहिए।

इसी प्रकार पाण्डित्यवीर की भी निम्ननिर्दिष्ट पद्य में प्रतीति होती। जैसे—

"लौकिक विद्वानों की तो कोई बात हीं नहीं, यदि बृहस्पति या साक्षात् वाग्देवता सरस्वती भी मेरे विपरीत पक्ष का आलम्बन करें तो भी मेरे लिए अपने पक्ष के समर्थन में कोई अन्तर नहीं पड़ने वाला है, क्योंकि भगवान् हयग्रीव के स्मरण के प्रभाव से मैं सम्पूर्ण वाङ्मय-रूपी समुद्र को पार कर चुका हूँ॥"

यहाँ बृहस्पति आदि आलम्बन विभाव हैं। पण्डितों के वादार्थ आयोजित सभा तथा उसमें किये गये काकु आदि उद्दीपन विभाव हैं। सभी विद्वानों का तिरस्कार अनुभाव है और व्यज्यमान गर्व व्यभिचारिभाव है। इन सब से परिपुष्ट वक्ता का पाण्डित्योत्साह पाण्डित्यवीर की अवस्था को प्राप्त है। घात-प्रतिघातस्वरूप युद्ध में वाचिक-घात-प्रतिघातात्मक वाद (कथा) के भी समाविष्ट होने से यह

यथा—

अपि बहलदहनजालं मूर्ध्नि रिपुर्मे निरन्तरं धमतु ।
पातयतु वाऽसिधारामहमणुमात्रं न किंचिदाभाषे ॥

क्षमावत उक्तिरियम् । बलवीरे वा किं समादध्याः ?

यथा—

परिहरतु धरां फणिप्रवीरः सुखमयतां कमठोऽपि तां विहाय ।
अहमिह पुरुहूत पक्षकोणे निखिलमिदं जगदक्लमं वहामि ॥

पुरुहूतं प्रत्येषा गरुत्मत उक्तिः ।

बहलदहनजालम् = प्रचुरमग्निपुञ्जम् । धमतु = प्रज्वालयतु वायुसंयोगेन ।
फणिप्रवीरः = शेषनागः । अयताम् = प्राप्नोतु । जगदक्लममित्यत्र जगदण्डकमिति पाठो मर्मप्रकाशोक्तो न कमपि विच्छित्त्यतिशयं प्रकाशयति ।

युद्धवीर ही है—ऐसा यदि कहा जाय तो भी क्षमावीर का अन्तर्भाव कहाँ कर सकते ? जैसे—

"मेरा शत्रु चाहे मेरे शिर पर लहलहाती आग की भट्ठी जलाये या तलवार बरसाये, मैं तो उसके विरोध में कुछ बोलता तक नहीं, प्रतीकार करने की तो बात ही नहीं उठती ॥"

यह किसी क्षमाशील पुरुष की उक्ति है । यहाँ मूलवक्ता क्षमाशील पुरुष के प्रति अपराध करने वाला व्यक्ति आलम्बन है । 'क्षमासारा हि साधवः' इत्यादि क्षमाप्रशंसक शास्त्रवचन उद्दीपन विभाव हैं । शिर पर आग की भट्ठी जलाने आदि को स्वीकार कर लेना अनुभाव है । धृति आदि व्यभिचारिभाव हैं । इन सबसे क्षमावीर का अभिव्यञ्जन होता ही है ।

इसी तरह बलवीर का समावेश उपर्युक्त चार भेदों में कहाँ किया जाय ? बलवीर का यह उदाहरण है—

"हे इन्द्र ? शेषनाग इस पृथिवी को धारण करना छोड़ दे, कूर्मावतार भगवान् भी इसे छोड़कर आनन्द करें । इस सम्पूर्ण जगत् को तो मैं अपने पंख के एक कोने में ही धारण कर सकता हूँ ॥"

यह इन्द्र के प्रति गरुड़ की उक्ति है । इसमें शेषनाग आदि आलम्बन हैं । उनकी प्रशंसा का श्रवण उद्दीपन है । पृथिवी के धारण के लिए किये गये इच्छादि अनुभाव हैं । गर्व आदि व्यभिचारिभाव हैं । इन सबसे बलवीर रस की व्यञ्जना होती है । इस प्रकार स्पष्ट है कि वीररस को पूर्वोक्त चार भेदों में ही विभक्त करना केवल

ननु 'अपि वक्ति—' 'परिहरतु धराम्—' इति पद्यद्वये गर्व एव नोत्साहः, मध्यस्थपद्ये तु धृतिरेवध्वन्यते इति भावध्वनय एवैते न रसध्वनय इति चेत्? तर्हि युद्धवीरादिष्वपि गर्वादिध्वनितामेव किं न ब्रूयाः? रसध्वनिसामान्यमेव वा किं न तद्व्यभिचारिध्वननेन गतार्थयेः? स्थायिप्रतीतिर्दुरपह्नवा चेत्? प्रकृतेऽपि। अनन्तरोक्तपद्ये तु नोत्साहः प्रतीयते, दयावीरादिषु प्रतीयत इति तु राज्ञामा(राजा)ज्ञामात्रम्।

गर्व इति। पूर्वपद्ये स्वविद्याप्रकर्षज्ञानाधीनं परावहेलनम्, द्वितीये पुनः स्वबलोत्कर्षज्ञानाधीनं तदिति विवेकः। उत्साहो वीररसस्थायिरूपेण व्याख्यातपूर्वः। मध्यस्थं पद्यम् 'अपि बहलदहनजालम्' इत्यादि। धृतिः=शोकभयादिजन्योपप्लवनिवारणकारणीभूतश्चित्तवृत्तिविशेषो धैर्यादिशब्दाभिधेयः। रसध्वनिसामान्यम्=रसध्वनिमात्रम्, सर्वं रसध्वनिमिति भावः। तद्व्यभिचारिध्वननेन=तत्तद्रसव्यभिचारिणां तत्र तत्र रसध्वनिस्थाने ध्वननमिति सर्वत्रैव भावध्वनिस्वीकारेण। अनन्तरोक्तपद्ये=पाण्डित्यवीराद्युदाहरणत्वेनोपन्यस्ते पद्यसमूहे। उत्साहः पाण्डित्यक्षमाबलोपाधिकः स क्रमेण। आज्ञामात्रमित्यनेन न युक्तिसिद्धमिति प्रदर्शितम्। तथा च सम्भवत्सु चतुर्ष्वौधिकेष्वपि वीरभेदेषु चतुर्णामेवाङ्गीकारः प्राचामालङ्कारिकाणां प्रौढिवादमात्रमित्याशयः सन्दर्भस्य।

यादृच्छिक है, प्रामाणिक नहीं।

अब प्रश्न यह है—'अपि वक्ति·····' इत्यादि पद्य में पाण्डित्य का दर्प और 'परिहरतु धराम्·····' इत्यादि पद्य में बल का दर्प हीं अभिव्यज्यमान है, पण्डित्योत्साह और बलोत्साह नहीं; एवमेव 'अपि बहलदहनजालम्' इस मध्यगत पद्य में भी केवल धृति का अभिव्यञ्जन होता, क्षमोत्साह का नहीं; एवञ्च इन्हें क्रमशः पण्डित्यवीर, बलवीर और क्षमावीर के उदाहरण मानकर इनके आधार पर वीर रस के पूर्वोक्त चातुर्विध्य का निराकरण कैसे किया जा सकता? इसका उत्तर यह है—यदि पाण्डित्योत्साह आदि के स्थान में पाण्डित्यदर्प आदि भावों की हीं व्यञ्जना मान्य हो तब तो युद्धवीरादिस्थलों में भी युद्धदर्पादि की हीं प्रतीति मानिये, युद्धोत्साह आदि की नहीं; एवञ्च युद्धोत्साहादि की व्यञ्जना के आधार पर वीररस का उक्त चातुर्विध्य भी असंगत हो जाएगा। इस प्रकार सभी रसध्वनियों के स्थलों में उन उन भावों की हीं अभिव्यञ्जना स्वीकार कर सभी रसध्वनियों का हीं उच्छेद प्राप्त हो जाता। अतः यदि युद्धवीरादि-स्थलोंमें युद्धोत्साहादि की मुख्यतया व्यञ्जना इष्ट हो तो पाण्डित्यवीरादि की भी ध्वनि अवश्य मन्तव्य है। युद्धवीरादि इसलिए मान्य हैं कि इनके पूर्वनिर्दिष्ट उदाहरणों में युद्धोत्साहादि स्थायिभावों की प्रतीति

अद्भुतो यथा—

चराचरजगज्जालसदनं वदनं तव ।
गलद्गगनगाम्भीर्यं वीक्ष्यास्मि हृतचेतना ॥

कदाचिद्भगवतो वासुदेवस्य वदनमालोकितवत्या यशोदाया इयमुक्तिः । अत्र वदनमालम्बनम् । अन्तर्गतचराचरजगज्जालदर्शनमुद्दीपनम् । हृतचेतनत्वम्, तेन गम्यं रोमाञ्चनेत्रस्फारणादि चानुभावः । त्रासादयो व्यभिचारिणः । नैवात्र विद्यमानापि पुत्रगता प्रीतिः प्रतीयते, व्यञ्जकाभावात् ।

चराऽचरेत्यादि । चराचरात्मकस्य जगज्जालस्य सदनमाश्रयः । अत्र विस्मयपोषकत्वादुद्देश्यविधेयभावव्यत्यासो गुण एव । गलद्गगनेत्यादि । गलद् यद् गगनं तस्य गाम्भीर्यमिव गाम्भीर्यं यत्र । गगनस्योर्ध्ववीक्षणे गाम्भीर्यं प्रसिद्धम्, तादृशं गगनं यदि निपतेत् तर्हि निपतितेऽपि तस्मिन् तद्गाम्भीर्यं स्यादेवेत्याशयः । एवमर्थे तु 'गलद्गगनगम्भीरम्' इति पाठः श्रेयान् स्यात् । अथवा गगनस्य गाम्भीर्यं गगनगाम्भीर्यम्, तद् गलत्तिरस्कुर्वद्वदनम्, अन्तर्भावितण्यर्थत्वात् ।

का अपलाप नहीं किया जा सकता, परन्तु 'अपि व्यक्ति·····' आदि पद्यों में पाण्डित्योत्साहादि की व्यञ्जना नहीं होती; अतः पाण्डित्यवीरादि मान्य नहीं हैं— यह कहना सम्भव नहीं है, क्योंकि ऐसी निर्युक्तिक मान्यता तो राजाज्ञा मात्र में सम्भव है, विवेचकों की दृष्टि में नहीं । अतः पाण्डित्यवीरादि अनेकानेक सम्भावित भेदों की उपेक्षा कर वीर रस के केवल दानवीरादि चार भेद मानना असंगत है ॥

अद्भुत रस का उदारण निम्नलिखित है—

"हे कृष्ण ? तुम्हारे मुख को, जिसमें यह चराचरात्मक समस्त जगत् समाहित है और जो आकाश की भी गम्भीरता को अपमानित कर रहा है, देखकर मेरी तो चेतना हीं लुप्त हो गई है ॥"

किसी समय श्रीकृष्ण के पूर्ववर्णित मुख को देखकर यशोदा की यह उक्ति है । यहाँ उपरिवर्णित मुख आलम्बन है । मुख के अन्दर समस्त जगत् का दर्शन उद्दीपन विभाव है । चेतना की लुप्तता और इससे प्रतीयमान रोमाञ्च और आँखों का फैलना आदि अनुभाव हैं । गम्यमान त्रास आदि व्यभिचारिभाव हैं । अतः इन सबसे अभिव्यज्यमान विस्मय का रसपर्यन्त परिपाक होने से यह अद्भुत रस का उपयुक्त उदाहरण है । यद्यपि यशोदा की अपने पोष्य पुत्र श्रीकृष्ण में मातृसुलभ प्रीति है अवश्य तथापि वह यहाँ व्यङ्ग्य नहीं है, क्योंकि उदाहृत पद्य में उसका

प्रतीतायां वा तस्यां विस्मयस्य गुणत्वं न युज्यते। एवं कश्चिन्महापुरुषोऽयमिति भक्तिरपि तस्याः पुत्रे ममायं बाल इति निश्चयेन प्रतिबन्धादुत्पत्तुमेव नेष्टे। अतस्तस्यामपि विस्मयस्य गुणीभावो न शङ्क्यः।

यच्च सहृदयशिरोमणिभिः प्राचीनैरुदाहृतम्—

चित्रं महानेष तवावतारः क्व कान्तिरेषाऽभिनवैव भङ्गिः।
लोकोत्तरं धैर्यमहो प्रभावः काप्याकृतिर्नूतन एष सर्गः॥ इति,

प्रतीतायामित्यादि। यत्र विद्यमानत्वाद्वस्तुतस्तस्याः प्रतीतिः स्वीक्रियते तत्र परस्परविरुद्धत्वात्तत्प्रतिबध्योऽनुत्कटविस्मयो न संगच्छते, यत्र पुनरुत्कटो विस्मयः स्पष्टं प्रतीयते तत्रैतत्प्रतिबद्धा प्रीतिर्न प्रतीयते इति युगपदुभयोरसम्भवान्न प्रीतिविस्मययोरङ्गाङ्गिभावः शक्योपपाद इति तात्पर्यम्। प्रकृतपद्ये कथञ्चित् प्रतीयमानाऽपि प्रीतिरुत्कटं प्रतीयमानस्य विस्मयस्यात्मगुणीभावं न प्रतिपादयितुं क्षमा, अनुत्कटत्वादिति मर्मप्रकाशव्याख्यानम्। प्रीतिश्चात्र वात्सल्यरूपा प्रकृष्टविषयिण्याः परानुरक्तिरूपाया भक्तिपदाभिधेयाया विजातीयैव, अनयोरेव च प्रतिबध्यप्रतिबन्धकभावोऽनुभवानुरोधादिति बोध्यम्।

प्राचीनैः=काव्यप्रकाशकारैः। चित्रमित्यादि। बलिर्वामनमभिधत्ते। तवैष महान् नवश्चावतारश्चित्रम्, अलौकिकः। आश्चर्यमित्यपव्याख्यानम्, तथा सति स्थायिनो वाच्यत्वापत्तेः। एषा साक्षात्क्रियमाणा तव कान्तिः क्व? न कुत्रापीत्यर्थः। तव

अभिव्यञ्जक तत्त्व विद्यमान नहीं है। जहाँ प्रीति (वात्सल्य) व्यङ्ग्य होती वहाँ विस्मय की प्रतीति होती ही नहीं, क्योंकि उत्कट-अनुत्कट वात्सल्यस्वरूप प्रीति-विस्मय में विरोध होने से दोनों की एक साथ प्रतीति हो नहीं सकती। अतः उक्त प्रीति का प्रकृत में प्रतीयमान उत्कट विस्मय कभी गुण (अङ्ग) नही हो सकता। इसी प्रकार श्रीकृष्ण के प्रति यशोदा का पुत्रभाव होने से श्रीकृष्ण में उनके महापुरुषत्व के कारण यशोदा की भक्ति भी नहीं हो सकती, क्योंकि पुत्रभाव का निश्चय भक्ति का प्रतिबन्धक है। भक्ति सर्वदा भक्त की अपेक्षा भजनीय में जिस उत्कर्ष के ज्ञान की आवश्यकता रखती पुत्र के विषय में तादृश उत्कर्ष का ज्ञान हो नहीं सकता। अतः यशोदा का विस्मय उनकी श्रीकृष्णविषयक भक्ति का भी अङ्ग नहीं हो सकता।

सहृदय शिरोमणि प्राचीन आचार्य (मम्मट) ने अद्भुत रस का यह उदाहरण दिया है—

"हे भगवन्? यह तुम्हारा वामन अवतार अत्यन्त अलौकिक है; तुम्हारी यह छटा अन्यत्र कहाँ! यह शरीर-संघटना भी अपूर्व है; तुम्हारा धैर्य; प्रभाव और आकृति लोकोत्तर हैं; निश्चय ही यह एक नई सृष्टि है॥"

तत्रेदं वक्तव्यम्—प्रतीयतां नामात्र विस्मयः परं त्वसौ कथंकारम् [अद्भुतरस-]ध्वनिव्यपदेशहेतुः ? प्रतिपाद्यमहापुरुषविशेषविषयायाः प्रधानीभूतायाः स्तोतृगतभक्तेः प्रकर्षकत्वेनास्य गुणीभूतत्वात् । यथा महाभारते गीतासु विश्वरूपं दृष्टवतः पार्थस्य 'पश्यामि देवांस्तव देव देहे सर्वांस्तथा भूतविशेषसङ्घान्' इत्यादौ वाक्यसन्दर्भे । इत्थं चास्य रसालंका-

---

भङ्गिर्गमनादिक्रियाप्रकारोऽपि अभिनवैव, तव धैर्यमपि लोकोत्तरम्, प्रभावश्च तथा लोकोत्तर एव, अहो इति हर्षे विस्मये वा, एषा तवाकृतिरपि अलौकिकी, एष सर्गः शरीरं च नूतनोऽपूर्वः !

अत्र वामनालम्बनः कान्त्यादिदर्शनोद्दीपितो विस्मयो व्यज्यमानो रसो मुख्यत्वात् ध्वनिपदव्यपदेश्य इत्याशयः काव्यप्रकाशकाराणाम् । तं निराचष्टे—तत्रेत्यादिना । प्रतीयतामिति । सर्वेषां लोकोत्तरत्ववर्णनाद् व्यज्यतां विस्मयः कथञ्चिदित्यर्थः । गुणीभूतत्वादित्यस्य भक्तेरिति शेषः । भक्तिर्नैवात्रेत्यत्र अत्रशब्देन चित्रमित्यादि पद्यं विवक्षितम्, तथा गीतोक्तमपि, प्रकरणात्तत्रापि भक्तिप्रतीतेः । दूरेत्यादि । सर्वत्रैव पद्ये वामनस्य लोकोत्तरधर्मवर्णनात्स्तुतिः प्रतीयत एवेत्याशयः ।

इदमत्र विवेचनीयम्—प्रबन्धकाव्यान्तर्गतम् अङ्गरसाभिव्यञ्जकं पद्यं तत्तद्रस-ध्वनेरुदाहरणं भवितुमर्हति न वेति । तत्राद्ये निरपेक्षतयैव तस्य तत्त्वं निर्वाहयम् । अन्त्ये तु स्वतः प्राधान्येऽपि अङ्गिरसापेक्षया प्राधान्याभावान्न तद् रसध्वनेरुदाहरणम् । तथा च प्रबन्धेऽङ्गिरसाभिव्यञ्जकं वाक्यं तत्तद्रसध्वनेरुदाहरणम्, अन्येषां चोदाहरणानि यथायथं मुक्तकानि, तत्तद्रसप्रधानकाव्यगतानि तत्तदङ्गिरसाभिव्यञ्ज-कानि, अङ्गापेक्षयाऽधिकप्रकर्षवत्त्वादङ्गतयाभिमतानामप्यनङ्गत्वं प्राप्तानां तत्त-द्रसानामभिव्यञ्जकानि च वाक्यानीति । यथा तु सम्प्रदायस्तथा पूर्व एव पक्षः समर्थ्यते ।

यह भगवान् वामन के प्रति बलि की उक्ति है । इस विषय में मेरा यही कथन है कि यहाँ वामनालम्बनक बलिनिष्ठ विस्मय की प्रतीति भले हीं हो पर वह अद्भुतरसध्वनिपर्यन्त प्रकर्ष को प्राप्त नहीं है, क्योंकि इसमें तो वामन के विषय मे बलि में जो महापुरुषत्व-बोध है उससे बलि में उत्पन्न वामन-विषयक भक्ति (=निरतिशय प्रेम) हीं प्रधान रूप में अभिव्यक्त हो रही है, प्रतीयमान विस्मय तो इसी भक्ति का पोषक—अङ्ग है, प्रधान नहीं । अतः इस विस्मय की स्थिति तो वही है जो गीता में "हे भगवन् ! तेरे शरीर में तो मैं सभी देवों और भूत-भौतिक पदार्थों को समाहित देख रहा हूँ" ऐसा कहने वाले

रत्वमुचितम्। भक्तिर्नैवात्र प्रतीयत इति चेद्? दरमुकुलितलोचना अपि कुर्वन्तु सहृदयाः॥

हास्यो यथा—

श्रीतातपादैर्विहिते निबन्धे निरूपिता नूतनयुक्तिरेषा।
अङ्गं गवां पूर्वमहो पवित्रं न वा कथं रासभधर्मपत्न्याः॥

तार्किकपुत्रोऽत्रालम्बनम्। तदीया निःशङ्कोक्तिरुद्दीपिका। रदनप्रकाशादिरुद्वेगादयश्चानुभावव्यभिचारिणः।

तातपादैः=पितृचरणैः। कथमित्यनेन गर्दभधर्मपत्न्या गर्दभ्या अपि पूर्वाङ्गं गोपूर्वाङ्गवत् पवित्रम्, चतुष्पदस्त्रीपूर्वाङ्गत्वस्य पवित्रताधिकरणतावच्छेदकत्वेन तातपादाभिमतस्य तत्रापि तुल्यत्वादिति सूच्यते।

तार्किकपुत्र इति। तार्किकोऽत्रालम्बनमिति युक्तम्, मूलवक्तुरेवालम्बनत्वौचित्यात्। अन्यथा सर्वत्र कवेरेवालम्बनत्वापत्तेः। यद्वा श्रोतुस्तार्किकपुत्रवचनश्रवणादेव हासो जायत इति यथाश्रुतं संगमनीयम्। तदीया=आलम्बनर्त्तृका। रदनेत्यादि। रदनं दन्तः, तस्य प्रकाशादिरनुभावः, उद्वेगादयश्च वक्ष्यमाणलक्षणा

अर्जुन मे श्रीकृष्णालम्बनक विस्मय की है। अतः जैसे अर्जुन में प्रतीयमान विस्मय अर्जुन की श्रीकृष्ण-विषयक भक्ति का अङ्ग है उसी तरह यह विस्मय भी बलि की वामन-विषयक भक्ति का अङ्ग है। अत एव 'चित्रं महानेष·····' इत्यादि पद्य में प्रतीयमान विस्मय अन्यत्र रसपर्यन्त प्रकर्ष को प्राप्त होने पर भी प्रकृत में भक्ति का अङ्ग होने से अलङ्कार मात्र है जिसे 'ब्राह्मणश्रमण' न्यायानुसार रसवदलङ्कार या रसालङ्कार कहा जा सकता है, रस नहीं। प्रकृत पद्य में भक्ति की प्रतीति नहीं होती—यह तो नहीं कहा जा सकता, क्योंकि वामन के सब कुछ के लोकोत्तरत्व-कथन पर जरा-सा दृष्टिपात करते हीं सहृदयों को बलिनिष्ठ वामन-विषयक भक्ति की प्रतीति होने में कोई संशय नहीं रह जाता। अतः उक्त उदाहरण असंगत है॥

हास्य रस का उदाहरण निम्नलिखित है—

"मेरे पिता जी ने अपने निबन्ध (ग्रन्थ) में एक नई युक्ति बतलाई है कि यदि चतुष्पद गाय के शरीर का पिछला भाग धर्मशास्त्र के अनुसार पवित्र है तो गर्दभी के शरीर का पिछला भाग पवित्र क्यों न माना जाय? अर्थात् वह भी पवित्र है हीं॥"

अपने कुतार्किक पिता की बात कहने वाला उसका पुत्र यहाँ हास्य का आलम्बन है। उसका निःशङ्क उक्त कथन उद्दीपन विभाव है और उसका दाँत बिचकाना एवम् उद्वेग आदि व्यभिचारिभाव हैं। इन सबसे हास्य रस की ध्वनि

अत्राहुः—

आत्मस्थः परसंस्थश्चेत्यस्य भेदद्वयं मतम् ।
आत्मस्थो द्रष्टुरुत्पन्नो विभावेक्षणमात्रतः ॥
हसन्तमपरं दृष्ट्वा विभावश्चोपजायते ।
योऽसौ हास्यरसस्तज्ज्ञैः परस्थः परिकीर्तितः ॥

व्यभिचारिण इति यथासंख्यमन्वयः ।

सम्प्रति हास्यभेदप्रभेदानाह—अत्राहुरित्यादिना । विभावेक्षणमात्रत इति । विभावो हासजनको विकृतवेषादिः, तस्य दर्शनमात्रादुत्पन्न इत्यर्थः । परस्थं वर्णयति=हसन्तमपरमित्यादिना । अयमाशयः—यदा विकृतवेषादिविभावज्ञानयुक्तमेकं हसन्तं पुरुषं दृष्ट्वा परो विभावमपश्यन्नपि हसति तदा परस्थो हास्यरसः । तत्र च एक एव विभाव, एकत्र हासं प्रस्तूय परत्र तं संक्रामयति । एतच्च हासस्याम्लरसादिवत्संक्रमणस्वभावत्वादुपपद्यते । अत्र हसत एकस्य पुरुषस्य हास एव परस्थे विभाव इति रसचन्द्रिकाव्याख्यानमसत्, हासस्य विभावत्वानुल्लेखात्, अभिनवभारत्यामस्य स्पष्टं निरासाच्च । अतो हास एकस्थो निमित्तमात्रं परस्थ इति युक्तम् । यद्वैक एव हासः संक्रमणशीलः परत्रापि मृगमदवासनावत् प्रसरति, अतो निमित्तत्वमपि न घटते । अधिकरणभेदाच्च भेदबोध इति मन्तव्यम् । अन्यथा संक्रमणस्वभावताभङ्गप्रसङ्गः । यस्य तु हसन्तमपरं दृष्ट्वापि न हासस्तत्र पूर्ववासनाया अभावस्तदुद्बोधाभावो वा हेतुः । यदा त्वेकं शोकाद्याविष्टं दृष्ट्वा परोपि शोकादिमान् भवति तदा तत्र परस्य विभावज्ञाने तदुत्थ आत्मस्थ एव शोकादिर्न परस्थः, तत्रान्यस्यैव शोकादेराविर्भावात् । यत्र तु एकनिष्ठशोकाद्यालम्बनविभावाज्ञानेऽपि शोकादिः संक्रान्त इव प्रतीयते तत्रान्यः शोकादिरेवैकशोकादिज्ञानजन्य इति न तत्रापि शोकादेः संक्रमणम् । तस्य च परगतशोकादेः शोकाद्याविष्टचित्तः पुरुषः एव विभावः । अत एव शोकाद्याश्रयैकपुरुषदर्शनापरनिष्ठशोकाद्योश्चेष्टादिहेतुकैकपुरुषनिष्ठशोकाद्यनुमितिव्यवहितत्वमानुभविकम् । न चैवं

होती है ॥

हास्य रस के विषय में पूर्वाचार्यों ने यह कहा है—

हास्य रस के दो भेद हैं—आत्मस्थ और परस्थ । विकृत वेश-भूषादिस्वरूप विभाव के अवलोकन-श्रवणादि से सहृय में उत्पन्न (=अभिव्यक्त) हास रस आत्मस्थ है । किन्तु हँसते हुए किसी व्यक्ति को देखकर हँसने वाले अन्य व्यक्ति में अभिव्यक्त हास्य रस रस परस्थ है । हास की संक्रमणशीलता हीं इस भेद का कारण है जिसके चलते विभावज्ञान से एक व्यक्ति में अभिव्यक्त हास्य

उत्तमानां मध्यमानां नीचानामप्यसौ भवेत् ।
त्र्यवस्थः कथितस्तस्य षड्भेदाः सन्ति चापरे ॥
स्मितं च हसितं प्रोक्तमुत्तमे पुरुषे बुधैः ।
भवेद्विहसितं चोपहसितं मध्यमे नरे ॥
नीचेऽपहसितं चातिहसितं परिकीर्तितम् ।
ईषत्फुल्लकपोलाभ्यां कटाक्षैरप्यनुल्बणैः ॥
अदृश्यदशनो हासो मधुरः स्मितमुच्यते ।
वक्त्रनेत्रकपोलैश्चेदुत्फुल्लैरुपलक्षितः ॥
किंचिल्लक्षितदन्तश्च तदा हसितमिष्यते ।
सशब्दं मधुरं कायगतं वदनरागवत् ॥

हासस्येति न शोकादेः संक्रमणशीलत्वं न वा परस्थत्वम् । यदि तु शोकादिमान् पुरुषो नालम्बनम् अपि तु शोकादिरन्यत्राज्ञातालम्बनकेपि संक्रामति इत्यभ्युपेयते तदापि तस्यानुत्कटत्वेन न रसपर्यन्तं परिपाकः, हासे तु संक्रान्तेऽपि उत्कटत्वमनुभवबलादास्थेयम् । यदि च संक्रान्तेऽपि शोकादावुत्कटत्वमानुभविकं तर्हि शोकादेरपि परस्थत्वे न विद्वेष इत्यास्तां तावत् । 'हसन्तमपरं दृष्ट्वा ...' इत्यादिपूर्वार्धबन्धस्तु शिथिलः । अत्र 'हसन्तमपरं द्रष्टुर्विभावस्सोपजायते' इति मधुसूदनशास्त्रिकल्पितं पाठं युक्ततरं मन्यामहे । अनुल्बणैः=सौन्दर्ययुक्तैः, असौन्दर्यजनकविकासरहितैरित्यर्थः । दशनः=दन्तः । काव्यगतमित्यपपाठः । कालगतमित्वप्ययुक्तम्, कायगतमिति युक्तमिति मर्मप्रकाशः । तत्र सम्पूर्णशरीरमान्दोलयदित्यर्थः । नाट्यशास्त्रे तु 'कालगतम्' इति पठ्यते ।

अन्य व्यक्ति को विभाव का ज्ञान न होने पर भी उसमें अभिव्यक्त हो जाता है । अन्य स्थायिभावों में संक्रमणशीलता न होने से उनका यह भेद-द्वय नहीं होता । यह हास्य उत्तमनिष्ठ, मध्यमनिष्ठ और अधमनिष्ठ होने के कारण तीन अवस्थाओं वाला होता है । इसके प्रकारान्तर से छः भेद होते । उत्तम पुरुष में 'स्मित' तथा 'हसित', मध्यम पुरुष में 'विहसित' तथा 'उपहसित' और अधम रुपुष में 'अपहसित' तथा 'अतिहसित' हास्य होते । उस मधुर हास को 'स्मित' कहते जिसमें हँसने वाले के गाल ज्यादा नहीं फूलते, कटाक्ष आकर्षक होते और उसके दाँत दिखाई नहीं पड़ते । 'हसित' उसे कहा जाता जिसमें हँसने वाले के मुख, नेत्र और कपोल खिल उठते और दाँत भी कुछ दिखाई पड़ने लग जाते । जिसमें शब्द भी निकलता हो, मुँह में लालिमा झलकती हो, आंखें सिकुड़ जाँय, और जो कोमल, मधुर हो एवं सम्पूर्ण शरीर को कम्पित

आकुञ्चिताक्षि मन्द्रं च विदुर्विहसितं बुधाः ।
निकुञ्चितांसशीर्षश्च जिह्मदृष्टिविलोकनः ॥
उत्फुल्लनासिको हासो नाम्नोपहसितं मतम् ।
अस्थानजः साश्रुदृष्टिराकम्पस्कन्धमूर्धजः ॥
शार्ङ्गदेवेन गदितो हासोऽपहसिताह्वयः ।
स्थूलकर्णकटुध्वानो बाष्पपूरप्लुतेक्षणः ॥
करोपगूढपार्श्वश्च हासोऽतिहसितं मतम् ॥ इति ।

भयानको यथा—

श्येनमम्बरतलादुपागतं शुष्यदाननबिलो विलोकयन् ।
कम्पमानतनुराकुलेक्षणः स्पन्दितुं नहि शशाक लावकः ॥

जिह्मदृष्टीति । जिह्मा दृष्टिः—

लम्बिताकुञ्चितपुटा शनैस्तिर्यङ्निरीक्षणी ।
निगूढा गूढतारा च जिह्मा दृष्टिरुदाहृता ॥ (ना० शा० ८।७०)

इति भरतेन लक्षिता, तया विलोकनं यत्रेति व्यधिकरणपदो बहुव्रीहिः । 'जिह्मदृष्टि-विलोचनः' इति पाठेऽपि व्यधिकरणबहुव्रीहिक्लेशो जायते । अस्थानजः= अस्थाने अनवसरे शोकादिकाले जायमानः । मूर्धजस्य केशस्योत्कम्पमानत्वकथनेन मूर्धनोऽपि तथात्वं सूच्यते ॥

सम्प्रति भयानकमुदाहरति—श्येनेत्यादिना । शुष्यदाननमेव विलं यस्य स लावकः पक्षिविशेषः ।

सवेगापतनं श्येनस्यैव लावके । सञ्चारिण इत्यनन्तरं भयानकस्य व्यञ्जका इति बोध्यम् ।

कर देता हो उस हास को 'विहसित' कहते । इसीको भाषा में 'ठहाका' कहा जाता । 'उपहसित' उस हास को कहा जाता जिसमें कन्धा और सिर सिकुड़ जाँय, नजर तिरछी हो जाय और नाक फूल जाय । जो हास अनवसर में ही उत्पन्न हुआ हो, जिसमें आंखों में आंसू छलक आये हों और जिसमें कन्धा, शिर और बाल हिलने लगते हों उसे शार्ङ्गदेव ने 'अपहसित' कहा है । जिस हास मे कर्णकटु मोटी आवाज होती हो, आंखों से आंसू की धार बहने लगे और हँसने वाला अपने हाथों से पेट को दबाने लगे उसे 'अपहसित' माना गया है ॥

अब भयानक रस का उदाहरण दिया जा रहा है--

"जब बटेर ने आसमान से नीचे उतरते हुए बाज को देखा तो उसका गला सूख गया, उसका देह काँपने लगा, उसकी आँखों में आँसू भर आये और वह वहाँ से हिल भी न सका ॥"

